www.navpradesh.com

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ◆◆ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 9 | कारोबार/खेल

रायपुर, सोमवार, 22 जून 2026 शुक्ल पक्ष-अष्टमी, विक्रम संवत -2083 / वर्ष-15 अंक- 133 पृष्ठ-12 मूल्य-5 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

70 की उम्र में 50 जैसा दिखें : पीएम मोदी

पीएम बोले- योग इसमें मददगार, यह सबको जोड़ता है

पीएम मोदी ने लोगों के साथ किए योगासन, मुद्राएं ठीक करने में की मदद, पीएम मोदी ने कोलकाता में मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

कोलकाता/ए.। पीएम मोदी रविवार को कोलकाता में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह शामिल हुए। उन्होंने कहा- हमारा लक्ष्य 40 साल की उम्र में 20 साल की उम्र से ज्यादा लचीले होना, 50 साल की उम्र में 30 से ज्यादा ऊर्जावान और 70 की उम्र में 50 साल से ज्यादा स्वस्थ रहना होना चाहिए। पीएम मोदी ने लोगों के साथ योगासन किए, मुद्राएं ठीक करने में मदद भी की।

पीएम ने कहा कि योग दुनिया का सबसे बड़ा सामुदायिक उत्सव बन चुका है, जो लोगों, देशों और संस्कृतियों को एक साथ जोड़ता है। उन्होंने कहा कि 21 जून, जो पृथ्वी का सबसे लंबा दिन माना जाता है, अब पूरी दुनिया में योग दिवस के रूप में मनाया जाता है।

पीएम के साथ कोलकाता के ऐतिहासिक 'रेड रोड' पर हजारों लोगों ने योग किया। पीएम ने ताड़ासन, अर्धचक्रासन, भद्रासन, त्रिकोणासन सहित 5 आसन किए। कॉमन प्रोटोकॉल योग सत्र के दौरान पीएम लोगों के बीच पहुंचे और उनकी योग मुद्राओं को सुधारने में मदद करते नजर आए।

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'Yoga for Healthy Ageing' ■ शेष पृष्ठ 8 पर

योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाएं : साय

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अम्बिकापुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने किया सामूहिक योगाभ्यास

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अम्बिकापुर के पीजी कॉलेज मैदान में आयोजित राज्य स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में हजारों नागरिकों, विद्यार्थियों, महिलाओं, युवाओं, जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ ■ शेष पृष्ठ 8 पर

योग शरीर को निरोग, मन को शांत रखता है

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि योग स्वास्थ्य और आरोग्य की ऐसी विश्वसनीय साधना है, जो जीवन के हर चरण में व्यक्ति का मार्गदर्शन करती है। योग शरीर को निरोग, मन को शांत और विचारों को सकारात्मक बनाता है। मधुमेह, उच्च रक्तचाप, तनाव, अनिद्रा और मोटापे जैसी जीवनशैली जनित समस्याओं से बचाव में योग अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो रहा है। उन्होंने कहा कि आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी आज योग की उपयोगिता को स्वीकार कर रहा है और इसे बेहतर स्वास्थ्य के महत्वपूर्ण आधार के रूप में देख रहा है। मुख्यमंत्री ने भारतीय आध्यात्मिक परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि महर्षि पतंजलि ने योग को व्यवस्थित एवं वैज्ञानिक स्वरूप प्रदान किया। भगवान शिव को आदियोगी के रूप में स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि भारत की सांस्कृतिक चेतना में योग सदियों से जीवन का अभिन्न अंग रहा है। भगवान श्रीकृष्ण ने भी श्रीमद्भगवद्गीता के माध्यम से कर्मयोग, ज्ञानयोग और भक्तियोग का संदेश देकर संतुलित और उद्देश्यपूर्ण जीवन का मार्ग प्रशस्त किया।

आज बेबाक

परिवारवादी क्षेत्रीय पार्टियों के वाकई बुरे दिन आ गए हैं। तू चल मैं आया की तर्ज़ पर इन परिवारवादी पार्टियों के विधायक और सांसद जिधर बम उधर हम का नारा लगाते हुए एनडीए शरणं गच्छामि हो रहे हैं। टीएमसी और शिवसेना यूबीटी में बगावत की आंधी आने के बाद अब समाजवादी पार्टी में भी विद्रोह का तूफ़ान उठने के संकेत मिल रहे हैं। उसके 37 में से 25 सांसद पाला बदलने के लिए अपने पर तोल रहे हैं। पंछी कब उड़ जाएं कोई ठिकाना नहीं। सही बात है डूबती नाव की तरह टूटती सायकल में भला कौन सवारी करना चाहेगा?

लिव-इन पार्टनर की हत्या कर जला दिया शव, आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। रायगढ़ जिले के पूंजीपथरा थाना क्षेत्र में अधेड़ महिला की जली हुई लाश मिलने के सनसनीखेज मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने हत्या के आरोपी इमिलीयूस तिग्गा को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी ने प्रेम संबंधों में अविश्वास और विवाद के चलते महिला की हत्या करने की बात कबूल की है। 17 जून को तमनार चौक से पूंजीपथरा जाने वाले पगडंडी मार्ग पर एक अधेड़ महिला का जला हुआ शव मिला था। शव के आसपास घसीटने के निशान भी मिले थे।

सरगुजा के देवगुड़ी में बुजुर्ग की निर्मम हत्या

अंबिकापुर/नवप्रदेश। सरगुजा जिले के बतौली थाना क्षेत्र के ग्राम पोकसरी में स्थित देवगुड़ी में एक बुजुर्ग का खून से लथपथ शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान संतलाल उर्फ बिरहा (55 वर्ष), पिता भगवान कंवर, निवासी पोकसरी के रूप में हुई है। घटना के बाद गांव में दहशत का माहौल है। हत्या की गुत्थी सुलझाने के लिए बतौली पुलिस और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम मौके पर जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, ग्रामीणों ने रविवार सुबह बांधवाटिकरा स्थित देवगुड़ी में पीपल वृक्ष के नीचे संतलाल का शव देखा। शव की स्थिति और सिर पर गंभीर चोटों को देखकर आशंका जताई जा रही है कि, किसी भारी वस्तु या डंडे से वार कर उनकी हत्या की गई है।

परेशानी : हिजाब पर विवाद, कलावा-इयररिंग्स उतरवाए, कपड़ों से चेन-बटन निकाले

नीट री-एग्जाम, एक-दो मिनट देर से पहुंचे छात्रों को नो-एंट्री

नई दिल्ली/ए.। देश के 22.79 लाख से ज्यादा छात्रों ने आज नीट-यूजी 2026 की दोबारा परीक्षा दी। इसके लिए देश के 551 शहरों और विदेश के 14 शहरों में 5,440 केंद्र बनाए गए। परीक्षा दोपहर 2 बजे से शाम 5:15 बजे के बीच हुई।

छात्रों को सुबह 11 बजे से दोपहर 1.30 बजे तक एग्जाम सेंटरों में एंट्री दी गई। एक-दो मिनट देर से पहुंचने पर मुंबई में 2 और बेंगलुरु में 4 स्टूडेंट्स को एग्जाम सेंटर में एंट्री नहीं दी गई। बेंगलुरु में लड़कियों ने रेलिंग कूदकर अंदर जाने की कोशिश की, लेकिन एग्जाम रूम का गेट बंद हो चुका था। राजस्थान के अजमेर में हिजाब पहन कर आई एक छात्रा को एंट्री देने से पहले मना किया गया। काफी बहस के बाद उसे अंदर भेजा गया।

2 लाख से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात: एनटीए को यह री-एग्जाम नीट-यूजी की 3 मई की परीक्षा रद्द होने के चलते कराना पड़ा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

200 से ज्यादा उड़ानें एयरफोर्स ने पेपर पहुंचाए

इस बार पेपर लीक रोकने के लिए एयरफोर्स का सहारा लिया गया। पहली बार वायुसेना के विमान और हेलिकॉप्टरों ने 200 से ज्यादा उड़ानें भरकर नीट-यूजी के प्रश्न पत्र देश के अलग-अलग जोन तक पहुंचाए।

निगरानी रखने 1,38,560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

री-एग्जाम के लिए 2 लाख से ज्यादा सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए। एनटीए के मुताबिक, 95 हजार से ज्यादा एग्जाम सेंटरों में सीसीटीवी से निगरानी हुई। कुल 1,38,560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए। इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से होने वाली गड़बड़ियों को रोकने के लिए 51,311 जैमर लगाए गए थे।

रायपुर में एग्जाम सेंटर के बाहर हंगामा, चप्पलें-बाली उतरवाई गईं

स्टूडेंट्स बोले- दोबारा एग्जाम से स्ट्रेस में, 3-लेयर जांच के बाद मिली एंट्री

रायपुर/नवप्रदेश। देशभर में आज री नीट-यूजी 2026 परीक्षा आयोजित की गई। छत्तीसगढ़ में इस परीक्षा में करीब 45 हजार कैंडिडेट्स शामिल हुए हैं। पूरे प्रदेश में 127 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जबकि रायपुर में 25 केंद्रों में परीक्षा हुई। एनटीए की गाइडलाइन के अनुसार कड़ी जांच के बाद स्टूडेंट्स को एंट्री दी गई।

रायपुर के चौबे कॉलोनी स्थित मायाराम सुरजन शासकीय विद्यालय के बाहर हंगामा हो गया। परीक्षा केंद्र में एक छात्र को पहले दो स्तर की सुरक्षा जांच के बाद प्रवेश दे दिया ■ शेष पृष्ठ 8 पर

जल, जंगल और जमीन के मुद्दों को प्रमुखता से उठाएं : राहुल

राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों को कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने और गुटबाजी से दूर रहने की दी सलाह

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण शिविर रविवार को अभनपुर में शुरू हुआ। प्रशिक्षण शिविर में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जिलाध्यक्षों से रूबरू हुए। उन्होंने जल, जंगल और जमीन के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की सलाह दी।

राहुल गांधी दोपहर यहां पहुंचने के बाद सीधे जिला अध्यक्षों के प्रशिक्षण शिविर में पहुंचे और ■ शेष पृष्ठ 8 पर

राहुल की नेताओं के साथ बंद कमरे में चर्चा

प्रशिक्षण शिविर स्थल अग्रवाल मंगल भवन पहुंचने के बाद राहुल गांधी ने एक कमरे में प्रदेश के प्रमुख नेताओं पूर्व सीएम भूपेश बघेल, डॉ. चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू के साथ अलग से चर्चा की। इस दौरान प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट भी मौजूद थे। सूत्रों के मुताबिक राहुल गांधी ने प्रदेश के मुद्दों पर सभी नेताओं से चर्चा की और आगामी कार्यक्रमों को लेकर मार्गदर्शन दिया। इसके बाद वे विश्राम के लिए चले गए और फिर कुछ देर बाद हॉल में जिलाध्यक्षों से रूबरू हुए।

राहुल ने बनवाई मैगी, समर्थकों संग खाई, चाय की चुस्की भी ली

रायपुर एयरपोर्ट रवाना होने के दौरान राहुल गांधी का काफिला नवा रायपुर स्थित चर्चित मैगी पॉइंट पर कुछ देर के लिए रुका। यहां राहुल गांधी ने आम लोगों की तरह बैठकर मैगी का स्वाद लिया। उनके अचानक पहुंचने की खबर मिलते ही आसपास मौजूद लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक राहुल गांधी ने मैगी के साथ चाय का भी आनंद लिया और कुछ देर तक स्थानीय लोगों से अनौपचारिक चर्चा की। उनका यह सादगी भरा अंदाज लोगों को खूब पसंद आया। सोशल मीडिया पर भी राहुल गांधी के मैगी पॉइंट पहुंचने की तस्वीरें और वीडियो तेजी से वायरल होने लगे।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में दिखी दुर्लभ उड़न गिलहरी

वन्यजीव संरक्षण की दिशा में बड़ी उपलब्धि

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के प्रसिद्ध उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व से वन्यजीव प्रेमियों और प्रकृति संरक्षण के क्षेत्र में एक उत्साहजनक खबर सामने आई है। रिजर्व क्षेत्र में दुर्लभ वन्यजीव भारतीय विशाल उड़न गिलहरी (इंडियन जायंट फ्लाइंग स्क्विरल) की मौजूदगी दर्ज की गई है। इस दुर्लभ प्रजाति का वीडियो भी कैमरे में कैद हुआ है, जिसने वन अधिकारियों, वन्यजीव विशेषज्ञों और प्रकृति प्रेमियों में उत्साह का संचार कर दिया है।

भारतीय विशाल उड़न गिलहरी अपनी अनोखी उड़ान

क्षमता और निशाचर जीवनशैली के लिए जानी जाती है। यह प्रजाति पेड़ों के बीच फैली त्वचा की विशेष झिल्ली की सहायता से लंबी दूरी तक ग्लाइड कर सकती है। सामान्यतः यह घने और सुरक्षित वनों में निवास करती है, इसलिए इसकी उपस्थिति किसी भी वन क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र का महत्वपूर्ण संकेत मानी जाती है। उदंती-सीतानदी ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका होर्मुज में टोल लगा सकता है : डोनाल्ड ट्रंप

इससे मिडिल-ईस्ट में सुरक्षा पर खर्च की भरपाई करेंगे

वॉशिंगटन डीसी/ए.। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर ईरान के साथ 60 दिनों में कोई समझौता नहीं हुआ तो अमेरिका भविष्य में होर्मुज स्ट्रेट में टोल लगाने पर विचार कर सकता है। यह शुल्क मिडिल-ईस्ट में सुरक्षा पर हुए अमेरिकी खर्च की भरपाई के लिए होगा।

हालांकि उन्होंने साफ किया कि सीजफायर के दौरान अगले 60 दिनों तक होर्मुज स्ट्रेट से गुजरने वाले जहाजों पर कोई टोल नहीं लगाया जाएगा। 60 दिन खत्म होने के बाद भी टोल नहीं

लगाया जाएगा, जब तक यह अमेरिका की तरफ से नहीं लगाया गया होता।

इस बीच अमेरिका और ईरान शांति वार्ता के लिए स्विट्जरलैंड पहुंच चुके हैं। अमेरिकी डेलिगेशन में उपराष्ट्रपति जेडी वेंस, विशेष दूत स्टीव विटकॉफ और ट्रम्प के दामाद जेरेड कुशनर हैं। वहीं, ईरानी डेलिगेशन का नेतृत्व विदेश मंत्री अब्बास अराघच कर रहे हैं। संसद स्पीकर बाघेर गालिबाफ भी बातचीत में शामिल होंगे।

तमिलनाडु की सीफूड फैक्ट्री में गैस रिसाव, 7 मौतें

65 से ज्यादा घायल, 9 वेंटिलेटर पर, मरने वालों में सभी महिलाएं

चैन्नई/ए.। तमिलनाडु के तिरुवल्लूर जिले में रविवार को एक सीफूड एक्सपोर्ट फैक्ट्री में अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। एक न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार हादसे में 7 महिला कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि 65 से ज्यादा घायल हैं।

घायलों में भी 9 वेंटिलेटर पर हैं। गैस रिसाव की घटना सेंट पीटर्स पॉल सीफूड्स एक्सपोर्ट्स यूनिट में हुई। घटना की जानकारी मिलते ही अरक्कोनम स्थित एनडीआरएफ की चौथी बटालियन मुख्यालय से 30 सदस्यों वाली एनडीआरएफ की टीम को मौके पर भेजा गया।

मृतकों के परिजनों को दो लाख का मुआवजा

तमिलनाडु सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। साथ ही अस्पतालों में भर्ती कर्मचारियों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

9 मरीजों को चैन्नई रेफर किया गया

जिला कलेक्टर एस. कविता ने बताया कि 46 मरीजों को वेल्स हॉस्पिटल और 21 मरीजों को वेंकटेश्वरा हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। इनमें से नौ गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए एम्बुलेंस के जरिए चेन्नई के सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है। हादसे का शिकार हुई अधिकांश कर्मचारी 24 से 25 वर्ष की युवा महिलाएं हैं।

गरमा-गरम

देश की उपलब्धि : स्वदेशी युद्धपोत डूनागिरी, संशोधक और अग्रय भारत के 3 महत्वपूर्ण संकल्पों के प्रतीक : मोदी

समंदर में बढ़ी भारत की ताकत, सेना में शामिल हुए तीन युद्धपोत

कोलकाता/ए.। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के कोलकाता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर तीन स्वदेश निर्मित नौसैनिक जहाजों को राष्ट्र को समर्पित किया। इनमें एक गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट डूनागिरी, दूसरा एंटी-सबमरीन वॉरफेयर शैलो वॉटर क्राफ्ट अग्रह और तीसरा सर्वे वेसेल लार्ज संशोधक है।

कमीशनिंग से पहले नौसेना ने यूट्यूब पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में डुनागिरी को एक शक्तिशाली और उन्नत युद्धपोत बताया। वीडियो में कहा गया, 'परिशुद्धता... शक्ति... चपलता... अत्याधुनिक हथियार और सेंसर सूट से भरपूर, लंबे समुद्री पैरों के लिए इंजीनियर, निरंतर संचालन और स्वदेशी स्टील्थ तकनीक से लैस दूनागिरी को बहु-आयामी प्रभुत्व और घातकता के लिए बनाया गया है।

नए भारत की सबसे बड़ी ताकत: मोदी

पीएम मोदी ने रक्षा में आत्मनिर्भरता के लिए भारत के जोर को रेखांकित करते हुए कहा कि देश अब केवल एक खरीदार नहीं रह सकता है और इसकी सशस्त्र सेना दुनिया के लिए बाजार नहीं बन सकती है। उन्होंने कहा, 'ये तीन जहाज भारत के तीन महत्वपूर्ण संकल्पों का भी प्रतीक हैं। इनका निर्माण भारत में हुआ, भारत में डिजाइन हुआ। ये भारतीय उद्योगों की प्रतिभा, भारतीय इंजीनियरों के कौशल और भारतीय श्रमिकों की कड़ी मेहनत का परिणाम हैं और यही नए भारत की सबसे बड़ी ताकत है।'

भारत के 3 महत्वपूर्ण संकल्पों के प्रतीक

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज दुनिया का अधिकांश व्यापार समुद्री मार्गों से ही होता है। दुनिया को जोड़ने वाले डेटा के विशाल नेटवर्क समुद्र के नीचे से ही गुजरते हैं जिस देश का समुद्री सामर्थ्य मजबूत होगा उस देश का आर्थिक और रणनीतिक प्रभाव भी उतना मजबूत होगा। भारत इस वास्तविकता को अच्छी तरह से समझता है। आज आईएनएस अग्रय, आईएनएस डूनागिरी और आईएनएस संशोधक इस यात्रा को नई गति दे रहे हैं। ये तीनों भारत के 3 महत्वपूर्ण संकल्पों के प्रतीक हैं। इनका निर्माण और डिजाइन भारत में ही हुआ है।

वैभव सूर्यवंशी की फास्टेस्ट फिफ्टी से इंडिया ए चैंपियन

29 गेंदों पर 94 रन बनाए, फाइनल में श्रीलंका-ए को 66 रन से हराया

दांबुला/ए.। इंडिया-ए ने फाइनल में श्रीलंका-ए को 66 रन से हराकर ट्राई सीरीज अपने नाम कर ली। इंडिया-ए ने दांबुला में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 9 विकेट पर 377 रन बनाए। जवाब में श्रीलंका-ए 47.1 ओवर में 311 रन पर सिमट गई। भारत की जीत के हीरो 15 साल के वैभव सूर्यवंशी रहे।

उन्होंने सिर्फ 29 गेंदों पर 94 रन की पारी खेली। 10 चौके और

8 छक्के भी लगाए। वैभव ने महज 11 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 50 ओवर क्रिकेट की सबसे तेज फिफ्टी का वर्ल्ड रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया। कप्तान तिलक वर्मा ने 67, ऋतुराज गायकवाड ने 40 और अनुकूल रॉय ने 15 गेंदों पर 39 रन का योगदान ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बेमेतरा में उत्साहपूर्वक हुआ सामूहिक योगाभ्यास

■ राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा के मुख्य आतिथ्य में कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न, जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने किया योग

बेमेतरा/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज प्रातःकाल जिला मुख्यालय स्थित स्वामी विवेकानंद स्टेडियम (कंतेली), बेमेतरा में जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग के संयुक्त तत्वावधान में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ÷स्वस्थ राष्ट्र के लिए योग÷ की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद, छत्तीसगढ़ लक्ष्मी वर्मा थीं। कार्यक्रम में विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका परिषद बेमेतरा के अध्यक्ष विजय सिन्हा तथा जिला पंचायत सदस्य अजय साहू विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों का स्वागत कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। इसके पश्चात योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित सभी लोगों

ने प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। पूरे परिसर में स्वास्थ्य, अनुशासन एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण देखने को मिला।

कार्यक्रम का विशेष आकर्षण तीन पीढ़ियों द्वारा एक साथ योगाभ्यास तथा संपूर्ण परिवार के साथ योग करने वाले प्रतिभागी रहे। स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने वाले ऐसे परिवारों को मंच पर सम्मानित कर प्रोत्साहित किया गया। वहीं स्कूली छात्राओं द्वारा प्रस्तुत योग प्रदर्शन एवं आकर्षक योग मुद्राओं ने उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। छात्राओं की प्रस्तुति को दर्शकों ने तालियों की गड़गड़ाहट से सराहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करती है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्वभर में योग को अपनाया जा रहा है। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ, सकारात्मक और संतुलित जीवन जीने की कला है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने का आह्वान किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का योग दिवस संदेश भी पढ़कर सुनाया।

विधायक दीपेश साहू ने अपने संबोधन में कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक एवं अनुशासित पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से मानसिक तनाव दूर होता है, एकाग्रता बढ़ती है तथा व्यक्ति सकारात्मक सोच के साथ जीवन में आगे बढ़ता है। उन्होंने युवाओं से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने की अपील की।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, आयुष विभाग के अधिकारी, शिक्षक, विद्यार्थी, स्वयंसेवी संगठन, योग संस्थान एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। योग दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि एवं जनप्रतिनिधियों ने किया पौधारोपण

'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के पश्चात स्वामी विवेकानंद स्टेडियम (कंतेली), बेमेतरा परिसर में ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद लक्ष्मी वर्मा सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, विधायक साजा ईश्वर साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी, नगर पालिका परिषद बेमेतरा के अध्यक्ष विजय सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य अजय साहू, कलेक्टर प्रतिष्ठा ममगाई एवं पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू ने भी पौधे रोपकर उनके संरक्षण का संकल्प लिया।इस अवसर पर अतिथियों ने कहा कि योग जहां व्यक्ति को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ बनाता है, वहीं वृक्षारोपण प्रकृति और पर्यावरण को स्वस्थ रखने का माध्यम है। बढ़ते पर्यावरणीय संकट और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधे लगाए तथा उनकी देखभाल भी सुनिश्चित करे।

विधायक अजय चंद्राकर के मुख्य आतिथ्य में धमतरी में मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

■ योग को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा, स्वस्थ एवं समृद्ध राष्ट्र निर्माण में निभाएं भूमिका - अजय चंद्राकर

धमतरी / नवप्रदेश। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित हरदिहा साहू समाज भवन, रत्नाबांधा रोड में जिला स्तरीय भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले भर से बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर सामूहिक योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक श्री अजय चंद्राकर ने कहा कि योग भारत की प्राचीन ऋषि परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का अमूल्य उपहार है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वास्थ्य और संतुलित जीवन का मार्ग दिखाया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के फलस्वरूप योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज विश्व के करोड़ों लोग इसे अपनी दिनचर्या का हिस्सा बना रहे हैं। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन योग करने तथा इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर महापौर श्री रामू रोहरा ने कहा कि योग स्वस्थ, सक्रिय और सकारात्मक जीवन का आधार है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति की कार्यक्षमता बढ़ाने के साथ-साथ तनावमुक्त जीवन जीने में भी सहायक है। पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू ने कहा कि योग भारतीय सनातन संस्कृति की अनुपम देन है, जो मानव जीवन को संतुलन, अनुशासन और आत्मिक शांति प्रदान करती है।

योग प्रशिक्षक सुश्री रेवती नेताम के मार्गदर्शन में उपस्थित प्रतिभागियों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के तहत ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, अर्धचक्रासन एवं शवासन सहित विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। साथ ही अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी तथा ध्यान की क्रियाओं के माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य के महत्व को समझा। योगाभ्यास के दौरान पूरे परिसर में उत्साह एवं सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण बना रहा। कार्यक्रम में योग के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण, जीवनशैली संबंधी बीमारियों की रोकथाम तथा मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन का संदेश दिया गया।

कृषि महाविद्यालय के विद्यार्थियों, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रेवेंद्र सिंह वर्मा कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, ढोलिया (बेमेतरा) में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर के मार्गदर्शन में किया गया।कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं, प्राध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योगाभ्यास के दौरान शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए योग के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को बताया गया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करने का प्रभावी माध्यम है।

नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक तनाव कम होकर सकारात्मक सोच एवं आत्मविश्वास का भी विकास होता है। अधिष्ठाता डॉ. संदीप भंडारकर ने कहा कि स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को योग के प्रति जागरूक रहते हुए इसे नियमित रूप से अपनाने तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संदेश दिया।कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने योग को अपने जीवन में अपनाने तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। योग, स्वास्थ्य एवं जागरूकता का यह आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

संक्षिप्त खबरें

प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित हुई पुनम ध्रुव, नगर एवं समाज में खुशी की लहर

नगरी / नवप्रदेश। पीएम श्री शासकीय श्रृंगीऋषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, नगरी के मिडिल विभाग में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्रा कु. पुनम ध्रुव ने अपनी प्रतिभा, मेहनत एवं लगन के बल पर प्रयास आवासीय विद्यालय में चयनित होकर अपने परिवार, विद्यालय, नगर एवं समाज का गौरव बढ़ाया है। नगर पंचायत नगरी के चुरियारा पारा, वार्ड क्रमांक 12 निवासी श्री त्रिलोक ध्रुव की सुपुत्री पुनम ध्रुव के चयन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में हर्ष का वातावरण निर्मित हो गया तथा उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं देने वालों का तांता लग गया। इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद श्रीमती अम्बिका ध्रुव ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि पुनम ध्रुव की यह उपलब्धि न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे नगर पंचायत नगरी एवं आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज के लिए गौरव का विषय है। शुभकामना देने वालों में नरेश छेदैहा, कैलाश मरई, रामकुमार ध्रुव, हेमलाल मरकाम, संतोष गंगेश, बलराम कुंजाम, विष्णु भास्कर, संत नेताम, , सुरेश कुंजाम, रेशु नेताम, मनोहर कुंजाम, बसंत अमतिया, मीडिया प्रभारी गितेश्वर ध्रुव, शैल्य नेताम, माधुरी ध्रुव, मीना नेताम, संतोषी मरकाम, भारती सोरी, गोदावरी छेदैहा एवं बुधंतीन नेताम सहित अनेक सामाजिक जनों ने बधाई

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत नगरी में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन

नगरी / नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को नगर पंचायत नगरी स्थित सद्भावना भवन में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रशिक्षार्थियों एवं नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ एवं निरोग जीवन का संदेश दिया।

कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रकाश बैस, नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा, पूर्व नगर अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला, मोहन नाहटा, जनपद सभापति प्रेमलता नागवंशी, पूर्व सरपंच महेंद्र नेताम, कमल डागा, पूर्व जनपद अध्यक्ष दिनेश्वरी नेताम, महामंत्री रूपेन्द्र साहू, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नहाटा, अश्वनी निषाद, प्रतिमा देवांगन, शंकर देव, चित्रांश नागवंशी, विकास जैन, खेमेन्द्र साहू, एसडीएम प्रीति दुर्गम, बीएमओ सहित अनेक गणमान्य नागरिक, प्रशिक्षार्थी, अधिकारी-कर्मचारी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि योग स्वस्थ शरीर, शांत मन और सशक्त समाज की आधारशिला है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहता है तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सभी उपस्थितजनों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने और स्वस्थ भारत के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया गया।

शासकीय हाई स्कूल उमरगांव में योग दिवस मनाया गया

नगरी / नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल उमरगांव में रविवार को योग दिवस विद्यालय के शिक्षक श्री पी आर साहू ने विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं उपस्थित नागरिकों को योग एवं प्राणायाम के महत्व से अवगत कराया तथा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम, सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। उन्होंने इन आसनों के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की विस्तृत जानकारी भी दी।

इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमति ने अपने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो हमें शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की प्रेरणा देती है। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित योगाभ्यास करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर चन्द्रभान यादव शाला विकास समिति, फलेंद साहू उपसरपंच,रोमेश साहू एवं प्रथामिक शाला, माध्यमिक शाला एवं हाई स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं एवं छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही।

सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

नगरी / नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के सरकारी इंग्लिश मीडियम स्कूल (सीबीएसई पाठ्यक्रम) में नवीन शैक्षणिक सत्र के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। विगत सात वर्षों से विद्यालय द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान किए जाने के कारण क्षेत्र के पालकों का विद्यालय पर विश्वास लगातार बढ़ा है।विद्यालय प्रबंधन द्वारा बताया गया है कि प्रवेश हेतु आवेदन पत्र 1 जून से 30 जून तक भरे जा सकते हैं। प्रवेश के लिए आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र एवं राशन कार्ड की छायाप्रति आवश्यक होगी प्रवेश आवेदन पत्र अल्का बुक डिपो, नगरी से प्राप्त किए जा सकते हैं। विद्यालय में सीटों की संख्या सीमित होने के कारण इच्छुक पालकों से समय रहते प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करने की अपील की गई है जिसमें अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 6266513362, 9631301281 एवं 9407663976 पर संपर्क किया जा सकता है।

सरकार की लाचरता से शराबखोरी और अय्याशी का अड्डा बना मनगटा : रूपेश दुबे

राजनांदगांव /नवप्रदेश। छग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने कहा कि आए दिन मनगटा क्षेत्र में अवैध कारोबार के समाचार से पूरा क्षेत्र कलंकित हो गया है और अब यह इलाका शराबखोरी अय्याशी और देह व्यापार का केंद्र बिंदु बन गया है पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष का निर्वाचन जिला होने के बाद भी ठोस कार्यवाही नहीं होने के कारण इन अवैध कारोबारियों के लगातार अनैतिक कार्य सामने आ रहे है कार्यवाही दिखावे मात्र के होने के कारण यहाँ के अवैध कृत्यों में संलिप्त कारोबारियों के सामने प्रशासन बौना साबित हो गया है। प्रवक्ता दुबे ने यह भी कहा कि अब अवैध निर्माण जिन रिसॉर्ट के डायवर्शन नहीं है जिन रिसॉर्ट में अनैतिक आपत्तिजनक सामग्री मिले है जहां शराब खोरी हो रही है जो अय्याशी अघोषित देह व्यापार का केंद्र बना कर सभ्यता संस्कृति से खिलवाड़ कर रहे है उन्हें जमीदोज करना ही सीधा व सरल उपाय है क्योंकि अवैध प्लाटिंग या कब्जा से ज्यादा खतरनाक ये अवैध व्यापारियों के रिसॉर्ट है क्योंकि इनके दुष्कृत्य से इस क्षेत्र की संस्कृति सभ्यता का क्षरन और अनैतिक वातावरण बन गया है। 150 से अधिक रिसॉर्ट में मात्र 15 से 20 को नोटिस जवाब की औपचारिकता से कुछ नहीं होगा बल्कि सजग कलेक्टर से इस क्षेत्र के रिसॉर्ट का डायवर्शन ना कर अवैध निर्मित रिसॉर्ट को जमींदोज करने की मांग की है।

जनकल्याणकारी योजनाओं और क्षेत्रीय विकास पर प्रबुद्धजनों से किया गहन विचार-विमर्श

भाजपा के विशेष जनसंपर्क अभियान के तहत बसना विधायक ने किया वरिष्ठजनों का सम्मान

पिथौरा / नवप्रदेश-भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे देशव्यापी ÷विशेष जनसंपर्क अभियान÷ के अंतर्गत बसना विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने क्षेत्र के सेवानिवृत्त वरिष्ठ नागरिकों और प्रबुद्धजनों से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान विधायक डॉ. अग्रवाल ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक सुखीराम डड़सेना, सेवानिवृत्त डिप्टी रेंजर अलखराम साहू और सेवानिवृत्त मलेरिया इंस्पेक्टर सत्यनारायण मिश्रा के निवास पहुंचकर उन्हें शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर क्षेत्र, प्रदेश एवं देश से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई।

वरिष्ठों के अनुभव राष्ट्र निर्माण में उपयोगी: डॉ. संपत अग्रवाल-मुलाकात के दौरान केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, क्षेत्र

के विकास कार्यों, सामाजिक सरोकारों तथा आमजन की अपेक्षाओं पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर विधायक डॉ. सम्पत अग्रवाल ने कहा भारतीय जनता पार्टी का जनसंपर्क अभियान केवल एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज के प्रबुद्ध एवं अनुभवी व्यक्तियों से मार्गदर्शन प्राप्त करने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत रहे लोगों के अनुभव और सुझाव राष्ट्र निर्माण की दिशा में अत्यंत उपयोगी सिद्ध होते हैं।उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेश निषाद ने अभियान के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इस अभियान का मुख्य लक्ष्य समाज के प्रबुद्धजनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, शिक्षाविदों और व्यापारियों से संपर्क स्थापित कर राष्ट्र एवं समाज के विकास से जुड़े विषयों पर एक सकारात्मक संवाद स्थापित करना है।भाजपा जिला प्रवक्ता स्वप्निल तिवारीने कहा कि पार्टी का उद्देश्य समाज के प्रत्येक वर्ग से निरंतर संवाद बनाए रखना और उनकी अपेक्षाओं व सुझावों को संगठन एवं शासन तक पहुंचाना है। उन्होंने आगे कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं से आज हर वर्ग लाभान्वित हो रहा है और यह अभियान जनभागीदारी को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार तथा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनहितकारी योजनाओं की जानकारी को आमजन तक पूरी ताकत से पहुंचाया जा रहा है।

इस विशेष जनसंपर्क और सौजन्य भेंट के दौरान मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल, मंडल महामंत्री जतीन ठक्कर, विधायक प्रतिनिधि अनूप अग्रवाल, सुरेंद्र पांडे, पुष्पराज गजेंद्र, रविंदर आज़मानी, आलोक त्रिपाठी, एकांश अग्रवाल सतीस धुरुव उपस्थित थे

गहनासियार में 10 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

नगरी / नवप्रदेश।जिला कलेक्टर सर और जिला आबकारी अधिकारी के स्पष्ट निर्देशों के तहत जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और विक्रय पर *जीरो टॉलरेंस* की नीति अपनाते हुए सख्त कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जिला आबकारी विभाग द्वारा जिलेभर में लगातार गश्त और निगरानी की जा रही है। संवेदनशील क्षेत्रों और गांवों पर विशेष नजर रखी जा रही है, ताकि अवैध कारोबारियों पर समय रहते शिकंजा कसा जा सके।

हाल ही में 16 जून को कोपेडीह में 8 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी पर धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई थी। इसके बाद अब *गहनासियार गांव निवासी हीरालाल* के विरुद्ध 10 लीटर *महुआ शराब मिलने पर आबकारी अधिनियम कि धारा 34(1)(ख),34(2) एवं 59(क) के तहत कार्रवाई किया।

यह कार्यवाही *आबकारी उपनिरीक्षक निशांत साधु के नेतृत्व में की गई।

टीम में *विवेक दीवान ,अजय कश्यप, गिरजा शंकर बघेल, मुख्य आरक्षक मुरली सोनी, आरक्षक प्रशांत यादव, सोमी पालेश्वर, नीरज, राजकिशोर और कौशल* मौजूद रहे। विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि यदि कहीं अवैध शराब के निर्माण, भंडारण या विक्रय की जानकारी मिले, तो तुरंत विभाग को सूचित करें। कलेक्टर ने साफ कर दिया है कि अवैध शराब के कारोबार को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अबूझमाड़ में वन संरक्षण को लेकर उठे सवाल, स्थानीय लोगों में जमीन कब्जा करने की मची होड़, वन अधिकार पट्टा पाने का लालच

नक्सलवाद खत्म होते ही अबूझमाड़ में कई एकड़ जंगल साफ

■ **मुख्य सचिव को पत्र लिखकर वन कटाई रोकने की मांग**

रायपुर/जगदलपुर/नवप्रदेश। कभी नक्सलवाद के अभेद्य गढ़ के रूप में पहचाने जाने वाले अबूझमाड़ के जंगल अब एक नए संकट से जूझ रहे हैं। नक्सली प्रभाव कमजोर पड़ने के साथ ही इस दुर्गम क्षेत्र में विकास की दस्तक तेज हुई है, लेकिन इसके साथ जंगलों पर भी खतरा मंडराने लगा है। विकास परियोजनाओं के विस्तार के बीच बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई और वन क्षेत्र के क्षरण की आशंकाएं बढ़ रही हैं।

नक्सलवाद के खत्म होने के बाद क्या अबूझमाड़ अपनी हरियाली और जैव विविधता को बचा पाएगा, या विकास की दौड़ में जंगलों का अस्तित्व ही दांव पर लग जाएगा? यह बड़ा सवाल है। नारायणपुर जिले स्थित अबूझमाड़ क्षेत्र में वन संरक्षण और विकास कार्यों के बीच संतुलन को लेकर नई बहस शुरू हो गई है। ओरछा के कुतुल गांव से बाहर आए इस तस्वीर वर्तमान हालातों की है तो यह बहुत बड़ी चिंता का विषय है। रायपुर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता नितिन सिंघवी ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर इस पर तत्काल रोक लगाने का आग्रह किया है।

मुख्य सचिव को भेजे पत्र में आरोप लगाया है कि क्षेत्र में सड़क निर्माण, वन भूमि को कृषि भूमि में परिवर्तित करने, पेंदा (झूम) खेती के नाम पर जंगल साफ करने तथा इमारती लकड़ी की अवैध कटाई जैसी गतिविधियों में तेजी आई है, जिससे देश के सबसे बड़े प्राकृतिक वन क्षेत्रों में शामिल अबूझमाड़ के पर्यावरणीय संतुलन पर खतरा मंडरा रहा है। पत्र में कहा गया है कि 31 मार्च 2026 को बस्तर को वामपंथी उग्रवाद मुक्त घोषित किए जाने के बाद अबूझमाड़ में विकास गतिविधियां तेज हुई हैं। इसके साथ ही बड़े पैमाने पर वन क्षेत्र प्रभावित होने की आशंका भी व्यक्त की गई है।

वन अधिकार अधिनियम को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा

सिंघवी ने दावा किया है कि स्थानीय स्तर पर वन अधिकार अधिनियम को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है कि नए कब्जों के आधार पर भूमि अधिकार प्राप्त किए जा सकते हैं, जबकि अधिनियम में इसके लिए निर्धारित पात्रता और समय-सीमा स्पष्ट रूप से तय है।

पत्र में वन कटाई रोकने,जनजागरूकता अभियान चलाने और सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने जैसे सुझाव भी दिए गए हैं। वहीं अधिकारियों के अनुसार क्षेत्र में भूमि सर्वेक्षण की प्रक्रिया जारी है और विकास कार्यों के साथ पर्यावरणीय संरक्षण के पहलुओं पर भी ध्यान दिया जा रहा है। वन विभाग और प्रशासन की ओर से क्षेत्र में स्थिति की निगरानी की जा रही है।

वन मंत्री की नहीं आई कोई प्रतिक्रिया

इस गंभीर मामले में छत्तीसगढ़ प्रदेश शासन के वन एव जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप से उनका पक्ष लेने का प्रयास किया गया तो नवप्रदेश को बताया गया कि वे मीटिंग में व्यस्त है। रायपुर निवासी नितिन सिंघवी से मिली जानकारी को वन मंत्री केदार कश्यप के निज सचिव दुर्गेश को प्रेषित कर मंत्री का पक्ष लेने के प्रयास के बावजूद कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली।

क्या कहते हैं वन मंडलाधिकारी?

वन मंडलाधिकारी नारायणपुर वेंकटेश ने कहा कि अबूझमाड़ क्षेत्र आज भी अनसर्वेक्षित है तथा इसकी अधिसूचना जारी नहीं हुई है। ऐसे में वनों की सुरक्षा विभाग के लिए बड़ी चुनौती बनी हुई है। क्षेत्र के गांवों के युवाओं को वन मित्र के रूप में जोड़कर जंगलों की निगरानी कराई जा रही है। अवैध कटाई रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने वर्तमान में बड़े पैमाने पर वन कटाई के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि यदि पूर्व में कहीं ऐसी घटनाएं हुई हो तो अलग बात है, लेकिन वर्तमान में अवैध कटाई पर प्रभावी नियंत्रण है और जंगलों की सुरक्षा के लिए विभाग लगातार सक्रिय है।

एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने किया स्वीकार

सिंघवी ने अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि एक वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी ने स्वीकार किया है कि यदि एक भी मामले में कार्रवाई की जाए तो ऐसे सैकड़ों अथवा हजारों मामलों में कार्रवाई करनी पड़ेगी, जिससे व्यापक असंतोष उत्पन्न हो सकता है। भूमि सर्वेक्षण भी प्रभावित हो सकता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि वन विभाग के एक अधिकारी ने स्वीकार किया है कि इन क्षेत्रों में रेंजर, डिप्टी रेंजर एवं वनरक्षक तक पदस्थ नहीं हैं, जिसका कुछ लोग अनुचित लाभ उठा रहे हैं।

राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग

सिंघवी ने दावा किया है कि आधुनिक मशीनों के उपयोग से प्रतिदिन बड़ी मात्रा में वन क्षेत्र साफ किया जा रहा है। उन्होंने इस संबंध में राज्य सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। लगभग 5 से 6 हजार वर्ग किलोमीटर में फैला अबूझमाड़ मध्य भारत के सबसे बड़े सतत प्राकृतिक वन क्षेत्रों में माना जाता है। यह क्षेत्र जैव विविधता, वन्यजीव संरक्षण और कार्बन अवशोषण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां जंगली भैंसा, बाघ, तेंदुआ, भालू समेत अनेक दुर्लभ वन्यजीवों का प्राकृतिक आवास मौजूद है।

अबूझमाड़ का भूमि सर्वेक्षण नहीं हुआ

सिंघवी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि अबूझमाड़ का आज तक पूर्ण भूमि सर्वेक्षण नहीं हुआ है, जिसके कारण राजस्व और वन भूमि की स्पष्ट सीमाएं निर्धारित नहीं हैं। उनका कहना है कि सर्वोच्च न्यायालय के टीएन गोदावर्मन मामले में प्रतिपादित सिद्धांतों के अनुसार प्राकृतिक वन क्षेत्र डीम्ड फॉरेस्ट की श्रेणी में आते हैं, इसलिए भूमि सर्वेक्षण और कानूनी स्थिति स्पष्ट होने तक वृक्षों की कटाई वाले कार्यों में सावधानी बरतना आवश्यक है।

स्केटिंग प्रतियोगिता में रायपुर के बालक कुशाद गणोरकर ने सिल्वर मेडल जीता

रायपुर/नवप्रदेश। रांची, झारखंड में आयोजित 12 वीं रैंकिंग ओपन राष्ट्रीय स्पीड स्केटिंग चैंपियनशिप आयोजित स्केटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए बेटा कुशाद गणोरकर ने अंडर 10 - 12 वाय ग्रुप में सिल्वर मेडल जीता वही उम्र 14 ग्रुप में सिद्धांत कटरे ने चौथा स्थान प्राप्त किया यह प्रतियोगिता 17 जून से 21 जून तक आयोजित की गई थी आज रायपुर पहुंचने पर माता पिता गुरुजन दोस्तों ने फूल मालाओं से स्वागत कर बधाई दी ज्ञात रहे कुशाद के पिता पुलिस विभाग में कार्यरत है वे भी बॉलीबाल के राष्ट्रीय खिलाड़ी रहे है

एनएमडीसी ने उत्साह के साथ मनाया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

हैदराबाद/नवप्रदेश। भारत की सबसे बड़े लौह अयस्क उत्पादक और इस्पात मंत्रालय के अधीन सार्वजनिक क्षेत्र की एक नवरत्न उपक्रम, एनएमडीसी लिमिटेड ने देश भर में अपने कॉर्पोरेट मुख्यालय, खनन परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में व्यापक उत्साह व भागीदारी के साथ 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। मुख्य समारोह हैदराबाद स्थित एनएमडीसी के कॉर्पोरेट कार्यालय में आयोजित किया गया, श्री विनय कुमार, निदेशक (तकनीकी); श्री कृष्ण कुमार ठाकुर, निदेशक (कार्मिक); और श्री सी. नीलकंठ रेड्डी, मुख्य सतर्कता अधिकारी ने कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ मिलकर इस उत्सव में भाग लिया। इस सत्र का संचालन 'नमस्ते इंडिया' के योगाचार्य श्री बृज भूषण पुरोहित द्वारा किया गया, जिनके प्रबुद्ध मार्गदर्शन ने प्रतिभागियों को शारीरिक तंदुरुस्ती, मानसिक स्पष्टता और आंतरिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए योग को जीवन शैली के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया। कर्मचारियों के समग्र कल्याण के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए, कंपनी के खनन परिसरों और क्षेत्रीय कार्यालयों में भी एक साथ योग सत्र आयोजित किए गए। कुल मिलाकर, 500 से अधिक कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों ने इस योग सत्र में भाग लिया, जिसमें प्राणायाम, माइंडफुल स्ट्रेचतथा ध्यान का अभ्यास शामिल था। इस वर्ष की ग्लोबल थीम, स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग (Yoga for Healthy Ageing) को ध्यान में रखते हुए, एनएमडीसी के इस कार्यक्रम ने जीवन के हर पड़ाव में लंबी उम्र, मानसिक-शारीरिक मजबूती और संपूर्ण स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के वैश्विक संदेश को आगे बढ़ाया।

गधहाभाटा अब कहलाएगा 'सोनपुर', उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने ग्रामवासियों को सौंपी राजपत्र की प्रति

■ **स्थानीय जनभावनाओं और सांस्कृतिक पहचान को मिला सम्मान**

रायपुर/नवप्रदेश। कबीरधाम जिले के ग्राम गधहाभाटा का नाम अब आधिकारिक रूप से बदलकर सोनपुर कर दिया गया है। उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने शनिवार को ग्राम सोनपुर पहुंचकर ग्रामवासियों को राजपत्र की प्रति सौंपते हुए बधाई दी। इस दौरान ग्राम विकास के लिए उप मुख्यमंत्री ने 7 लाख 50 हजार रुपए के कई विकास कार्यों की घोषणाएं भी कीं। उन्होंने सामुदायिक भवन मरम्मत के लिए 2.50 लाख रुपए, किचन निर्माण के लिए 2.50 लाख रुपए, गौठान समतलीकरण के लिए 1 लाख रुपए तथा पचारी निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए की घोषणा की।

लंबे समय से थी मांग का हुआ समाधान: इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि ग्रामवासियों की लंबे समय से गांव का नाम बदलने की मांग थी। स्थानीय लोगों की भावना और मांग को ध्यान में रखते हुए प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा गया। इसके बाद मंत्रिमंडल स्तर पर चर्चा हुई, राज्यपाल की स्वीकृति प्राप्त हुई और अंततः राजपत्र में इसका प्रकाशन किया गया। उन्होंने कहा कि अब यह नाम सरकारी अभिलेखों और वेब पोर्टल में स्थायी रूप से दर्ज रहेगा। साथ ही ग्रामवासियों से अपील की कि वे भी अपने व्यवहार और दैनिक उपयोग में नए नाम 'सोनपुर' को अपनाएं, ताकि आने वाली पीढ़ियां इसी नाम से गांव की पहचान कर सकें। अब नई पहचान के साथ सोनपुर आगे बढ़ेगा।

ग्रामवासियों के आत्मसम्मान और क्षेत्रीय पहचान होगी मजबूत : उप मुख्यमंत्री ने कहा कि गांवों के नाम केवल पहचान नहीं होते, बल्कि वे स्थानीय इतिहास, संस्कृति और जनभावनाओं से जुड़े होते हैं। 'सोनपुर' नाम परिवर्तन ग्रामवासियों के आत्मसम्मान और क्षेत्रीय पहचान को मजबूत करने वाला सकारात्मक कदम है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में एक अन्य गांव चांडालपुर का नाम भी बदलकर चंदनपुर किया गया है तथा उसका प्रकाशन भी राजपत्र में किया जा चुका है।

राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा में शिवानी तिवारी, यास्मिन महेश्वरी, हीरा ध्रुव एवं दिशा भोई का चयन

रायपुर/नवप्रदेश। अत्यंत हर्ष का विषय है, कि जे.आर. दानी शासकीय कन्या उत्कृष्ट हिंदी विद्यालय, रायपुर की छात्राओं शिवानी तिवारी, यास्मिन महेश्वरी, हीरा ध्रुव एवं दिशा भोई का चयन राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य छात्रवृत्ति परीक्षा (NMMSE) 2025-26 में हुआ है। विशेष उल्लेखनीय उपलब्धि यह है, कि छात्रा शिवानी तिवारी ने 143 अंक प्राप्त कर रायपुर जिले में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस उत्कृष्ट सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ हितेष दीवान, प्रधानपाठक श्रीमती क्रांति चंद्राकर एवं विद्यालय के समस्त शिक्षकगण ने चयनित छात्राओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। या उपलब्धि विद्यालय के लिए गर्व का विषय है।

आत्मनिर्भरता: 53 महिलाओं को मिला विशेष प्रशिक्षण, बढ़ेगी आय और मजबूत होगा पर्यावरण संरक्षण

बांस के ट्री गार्ड निर्माण से आत्मनिर्भर बनेंगी दीदियां

रायपुर/नवप्रदेश। बांस के उपयोग को बढ़ावा देने और इससे स्वयं सहायता समूह की महिलाओं की आय के नए साधन अर्जित करने के लिए एक नवाचार के तहत महिलाओं को बांस से ट्री गार्ड निर्माण का विशेष प्रशिक्षण देकर सक्षम बनाया जा रहा है।

सुकमा जिले के तोंगपाल में महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 14 स्व-सहायता समूहों की 53 महिलाओं को बांस से ट्री गार्ड निर्माण का विशेष प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर अमित कुमार के निर्देशन तथा जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना है।

बांस आधारित उत्पाद निर्माण की दी गई जानकारी

प्रशिक्षण के दौरान महिलाओं को बांस से ट्री गार्ड बनाने की तकनीक, डिजाइन और गुणवत्ता संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। विशेषज्ञों ने बताया कि स्थानीय संसाधनों का उपयोग कर कम लागत में टिकाऊ और उपयोगी ट्री गार्ड तैयार किए जा सकते हैं।

पौधों की सुरक्षा में निभाएंगे महत्वपूर्ण भूमिका

प्रशिक्षण के बाद स्व-सहायता समूहों द्वारा तैयार किए जाने वाले बांस के ट्री गार्डों का उपयोग राष्ट्रीय राजमार्गों, सार्वजनिक स्थलों एवं विभिन्न पौधारोपण स्थलों पर किया जाएगा। इससे पौधों को पशुओं और अन्य संभावित नुकसान से सुरक्षा मिलेगी तथा हरित आवरण बढ़ाने के प्रयासों को मजबूती मिलेगी।

महिलाओं को मिलेगा अतिरिक्त रोजगार और आय का अवसर

बांस से निर्मित ट्री गार्डों की बढ़ती मांग महिलाओं के लिए आय का नया स्रोत बनेगी। इससे स्व-सहायता समूहों की सदस्याएं अतिरिक्त आय अर्जित कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकेंगी। यह पहल ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने के साथ उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाने में भी सहायक होगी।

'लखपति दीदी' अभियान को मिलेगा बढ़ावा

यह पहल केंद्र और राज्य सरकार की महिला सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन की योजनाओं के अनुरूप है। बांस आधारित आजीविका गतिविधियों से जुड़कर महिलाएं 'लखपति दीदी' अभियान के लक्ष्य की ओर आगे बढ़ सकेंगी। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ महिलाओं की सामाजिक और आर्थिक भागीदारी भी बढ़ेगी।

महिला सशक्तिकरण का प्रेरक उदाहरण

तोंगपाल में आयोजित यह प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और सतत आजीविका को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल जिले की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ हरित एवं समृद्ध समाज के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान देगी।

सुविचार

अपनी जिंदगी अपने तरीके से जीएं, दुनिया की परवाह न करें क्योंकि बहुत कम लोग ही दूसरों के बारे में अच्छा सोचते हैं।

अब सपा में टूट की अटकलें

सुभासपा के अध्यक्ष और उत्तप्रदेश सरकार में केबिनेट मंत्री ओपी राजभर ने समाजवादी पार्टी के 20 सांसदों के टूटने का दावा करके उत्तरप्रदेश की राजनीति में नई हलचल मचा दी है। ओपी राजभर के इस दावे के बाद उत्तरप्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने भी बयान दिया है कि समाजवादी पार्टी के 37 सांसदो में से 26 सांसद पाला बदल सकते हैं। हालांकि समाजवादी पार्टी ने ओपी राजभर और केशव प्रसाद मौर्य के दावों को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव के नेतृत्व से सपा संगठन पूरी तरह संतुष्ट है और पार्टी में टूट की कोई संभावना नहीं है। ऐसा भ्रम भाजपा जानबूझकर फैला रही है ताकि अगले साल होने वाले उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव में सपा की कड़ी चुनौती से निपटने की भाजपा कोशिश कर सके। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी में टूट की आशंका निर्मूल नहीं है क्योंकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव इन दिनों समाजवादी पार्टी के सांसदों, विधायकों और संगठन के पदाधिकारियों से लगातार संवाद करने लगे हैं इसका मतलब साफ है कि उन्हें भी अपनी पार्टी में टूट की आशंका सता रही है। वैसे भी इन दिनों परिवारवादी क्षेत्री पार्टियों में बगावत की सुनामी चल रही है। पहले पहल आम आदमी पार्टी के पंजाब से चुने गये दस राज्य सभा सांसदों ने बगावत का झंडा बुलंद किया और आम आदमी पार्टी से किनारा कर भाजपा का दामन थाम लिया। उसके बाद बंगाल विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद टीएमसी सुप्रीमकों ममता बनर्जी के खिलाफ उन्हीं के पार्टी के विधायकों और सांसदों ने मोर्चा खोल दिया। 80 में से 64 विधायक उनका साथ छोड़ गये और नया गुट बना लिया जिसे बंगाल विधानसभा अध्यक्ष ने प्रमुख विपक्षी पार्टी के रूप में मान्यता भी दे दी फिर टीएमसी के 20 सांसद भी अलग हो गये और उन्होंने एक अन्य पार्टी में अपने गुट का विलय कर दिया। हाल ही में महाराष्ट्र में बागियों ने शिवसेना यूबीटी को दो फाड़ कर दिया। इसके 9 में से 6 लोकसभा सदस्य उद्धव ठाकरे से अलग होकर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना में शामिल हो गये। ऐसे में यदि समाजवादी पार्टी भी टूट की अटकलें लगाई जा रही हैं तो इसमें हैरत वाली कोई बात नहीं है। सपा सुप्रीमों अखिलेश यादव पिछले विधानसभा चुनाव में सपा की हार के बाद से राष्ट्रीय राजनीति में सक्रिय हो गये हैं। लोकसभा के पिछले चुनाव में समाजवादी पार्टी को उत्तरप्रदेश से 37 सीटों से अप्रत्याशित सीट मिली थी इससे प्रोत्साहित होकर सपा सप्रुीमों अखिलेश यादव केन्द्रीय राजनीति में ही ज्यादा दिलचस्पी देने लगे। जाहिर है ऐसे में समाजवादी पार्टी के नेताओं में असंतोष तो उभरना ही है। सामने उत्तरप्रदेश विधानसभा चुनाव है भाजपा तो वैसे ही क्षेत्रीय पार्टियों में बिखराव के सपने देख रही है और उसका सपना क्रमशः साकार भी हो रहा है। उत्तरप्रदेश में सपा के कुछ सांसदों में नाराजगी भी समय समय पर उजागर होती रही है। हाल ही में मुरादाबाद में हुए पीडीए कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी की सांसद रूचि वीरा को बुलाया तक नहीं गया। इसे लेकर भी ओपी राजभर ने बयान दिया है कि समाजवादी पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है और यह पार्टी टूटने जा रही है। वे तो यहां तक दावा कर रहे हैं कि बलिया के सपा सांसद सनातन पांडे के नेतृत्व में पार्टी टूटने जा रही है और इस टूट के बाद अखिलेश यादव के चाचा शिवपाल यादव पार्टी को दुबारा बनाएंगे। इन अटकलो से जाहिर है कि आम आदमी पार्टी, टीएमसी और शिवसेना यूबीटी की राह पर सामजवादी पार्टी भी चल सकती है और इसमें भी टूट हो जाए तो किसी को कोई आश्चर्य नहीं होगा। देखना होगा कि अखिलेश यादव अपना घर टूटने से बचा पाते हैं या नहीं।

आरएसएस, मुसलमान और इंद्रेश कुमार!

सांप्रदायिक विवादों के बीच क्या बन पाएंगें भरोसे के पुल?

प्रो. संजय द्विवेदी

करीब दो दशक पहले की बात है श्री इंद्रेश कुमार से छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मेरी मुलाकात हुयी थी। आरएसएस के उन दिनों वे राष्ट्रीय पदाधिकारी थे, जयपुर उनका केंद्र था। एक दैनिक अखबार का स्थानीय संपादक होने के नाते मैं उनका इंटरव्यू करने पहुंचा था। अपने बेहद निष्पाप चेहरे और सुंदर व्यक्तित्व से उन्होंने मुझे प्रभावित किया। बाद में मुझे पता चला कि वे मुसलमानों को आरएसएस से जोड़ने के काम में लगे हैं। रायपुर में भी उनके तमाम चाहने वाले अल्पसंख्यक वर्ग में भी मौजूद थे। उनसे थोड़े ही समय के बाद आरएसएस की प्रतिनिधि सभा में रायपुर में फिर मुलाकात हुयी। वे मुझे पहचान गए। उनकी स्मरण शक्ति पर थोड़ा आश्चर्य भी हुआ कि वे सालों पहले हुयी मुलाकातों और मेरे जैसे साधारण आदमी को भी याद रखते हैं। इस नायाब आदमी पर एक मौजूं शेर है, जो उनकी शख्सियत पर फिट बैठता है-

मसला यह भी इस दुनिया में
कोई अच्छा है तो अच्छा क्यों है।

सही मायनों में यह व्यक्तित्व एक ऐसा अभियान में लगा है जो कई बार विफल हो चुका है। कट्टरपंथी ताकतें बहुत आसानी से मुस्लिम समाज को भ्रमित करने में कामयाब होती रही हैं। ऐसे कठिन समय में भी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक इंद्रेश जी हिंदू-मुस्लिम एकता की बात करते हैं। वह मुसलमानों को राष्ट्रवाद की राह पर डालकर सदियों से उलझे रिश्तों को ठीक करने की बात करते हैं। क्योंकि आज नहीं अगर दस साल बाद भी इंद्रेश कुमार अपने इरादों में सफल हो जाते हैं तो भारतीय राजनीति में जाति और धर्म की राजनीति करने वाले नेताओं की दुकान बंद हो जाएगी। वे एक ऐसा आदमी हैं जो सदियों से जमी बर्फ को पिघलाने की कोशिशें कर रहे हैं।

अविश्वास की आग में जल रहे रिश्ते-

अब उन इंद्रेश कुमार की भी सोचिए जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे संगठन में काम करते रहे हैं, जिसका मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज का संगठन है। ऐसे संगठन में रहते हुए मुस्लिम समाज से संवाद बनाने की कोशिश क्या उनके अपने संगठन (आरएसएस) में भी तुरंत स्वीकार्य हो गयी होंगी। जाहिर तौर पर इंद्रेश कुमार की लड़ाई अपनों से भी रही होगी और बाहर खड़े राजनीतिक षडयंत्रकारियों से भी है। वे अपनों के बीच भी अपनी सफाई देते रहे हैं कि वे आखिर मुसलमानों को मुख्यधारा में लाने का प्रयास क्यों कर रहे हैं, जबकि संघ का मूल काम हिंदू समाज का संगठन है। किंतु इंद्रेश कुमार की कोशिशें रंग लाने लगी हैं। वे एक ऐसे काम को अंजाम दे रहे हैं जिसकी जड़ें हिंदुस्तान के इतिहास में बहुत

भयावह और रक्तरंजित हैं। मुसलमानों के बीच कायम भयग्रंथि और कुठांओं को निकालकर उन्हें 1947 के बंटवारे को जख्मों से अलग करना भी आसान काम नहीं है। महात्मा गांधी, पंडित नेहरू, सरदार पटेल, मौलाना आजाद जैसे महानायकों की मौजूदगी के बावजूद हम देश का बंटवारा नहीं रोक पाए। उस आग में आज भी कश्मीर जैसे इलाके सुलग रहे हैं।

लोगों के लड़ने से किसका भला है-

तमाम हिंदुस्तान में हिंदू-मुस्लिम रिश्ते अविश्वास की आग में जल रहे हैं। ऐसे कठिन समय में इंद्रेश कुमार क्या इतिहास की धारा की मोड़ देना चाहते हैं और उन्हें यह तब क्यों लगना चाहिए कि यह काम इतना आसान है। देश को पता है कि इंद्रेश कुमार, आरएसएस के ऐसे नेता हैं जो मुसलमानों और हिंदू समाज के बीच संवाद के सेतु बने हैं। वे लगातार मुसलमानों के बीच काम करते हुए देश की एकता को मजबूत करने का काम कर रहे हैं। हिंदू- मुस्लिम एकता का यह राष्ट्रवादी दूत इसीलिए एक समय राजनीतिक षडयंत्रों का शिकार भी हुआ। संकीर्ण राजनीतिक हितों के लिए कांग्रेस और अन्य राजनीतिक दल पुलिस का इस्तेमाल करते रहे हैं, किंतु राजनीतिक दल इस स्तर पर गिरकर एक राष्ट्रवादी व्यक्तित्व पर कलंक लगाने का काम करेंगें, यह देखना भी शर्मनाक था। इससे इतना तो साफहै कि कुछ ताकतें देश में ऐसी जरूर हैं जो हिंदू-मुस्लिम एकता की दुश्मन हैं। उनकी राजनीतिक रोटियां सिकनी बंद न हों, इसलिए दो समुदायों को लड़ाते रहने में ही इनकी मुक्ति है। शायद इसीलिए इंद्रेश कुमार निशाने पर थे क्योंकि वे जो काम कर रहे हैं वह इस देश की विभाजनकारी और वोटबैंक की राजनीति के अनूकूल नहीं था। लेकिन समय ने उन्हें बेदाग साबित किया।

हमें यह समझने की जरूरत है कि आखिर वे कौन से लोग हैं जो हिंदू-मुस्लिम समाज की दोस्ती में बाधक हैं। वे कौन से लोग हैं जिन्हें भय के व्यापार में आनंद आता है। हिंदुस्तान के 20 करोड़ मुसलमानों को देश की मुख्यधारा में लाने की यह कोशिश अगर विफल होती है तो शायद फिर कोई इंद्रेश कुमार हमें ढूंढना मुश्किल होगा । कुछ लोग इंद्रेश कुमार जैसे लोगों के इरादे पर शक करके हम वही काम कर रहे हैं जो मुहम्मद अली जिन्ना और उनकी मुस्लिम लीग ने किया था जिन्होंनें महात्मा गांधी को एक हिंदू धार्मिक संत और कांग्रेस को हिंदू पार्टी कहकर लांछित किया था। राष्ट्र जीवन में ऐसे प्रसंगों की बहुत अहमियत नहीं है। इस देश को यह कहने का साहस पालना ही होगा कि हमें एक नहीं हजारों इंद्रेश कुमार चाहिए जो एक हिंदू संगठन में काम करते हुए भी मुस्लिम समाज के बारे में सकारात्मक सोच रखते हों।

जनता का एजेंडा कहां है-

मुस्लिम समाज के संकट वस्तुतः भारतीय राजनीति और समाज के ही संकट हैं। उनकी चुनौतियां कम या ज्यादा गंभीर हो सकती हैं, पर वे शेष भारतीय समाज के संकटों से जरा भी अलग नहीं है। सही अर्थों में पूरी भारतीय राजनीति का चरित्र ही कमोबेश भावनात्मक एवं तात्कालिक महत्व के मुद्दों के इर्द-गर्द नचाता रहा है। आम जनता का दर्द, उनकी आकांक्षाएं और बेहतरी कभी भारतीय राजनीति के विमर्श के केंद्र में नहीं रही।स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद की राजनीति का यह सामूहिक चरित्र है, अतएव इसे हिंदू, मुस्लिम या दलित राजनीति के परिप्रेक्ष्य में देखने को कोई अर्थ नहीं है और शायद इसलिए 'जनता का एजेंडा'किसी की राजनीति का एजेंडा नहीं है। मुस्लिम नेताओं पर यह आरोप तो आसानी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने कौम को आर्थिक-सामाजिक रूप से पिछड़ा बनाए रखा, लेकिन क्या यही बात अन्य वर्गों की राजनीति कर रहे लोगों तथा मुख्यधारा की राजनीति करने वालों पर लागू नहीं होती? बेरोजगारी, अशिक्षा, अंधविश्वास, गंदगी, पेयजल ये समूचे भारतीय समाज के संकट हैं और यह भी सही है कि हमारी राजनीति के ये मुद्दे नहीं है। जीवन के प्रश्नों की राजनीति से इतनी दूरी वस्तुतः एक लोकतांत्रिक परिवेश में आश्चर्यजनक ही है। **क्रमशः***(लेखक माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय, भोपाल में जनसंचार विभाग के अध्यक्ष हैं।)*

अमेरिकी-ईरान समझौते का सबसे बड़ा अवरोध, इजरायल की हमलावर नीति

संजीव ठाकुर

विगत दिनों अमेरिका ईरान के बीच एक लंबा समझौता हुआ, समझौते में यह स्पष्ट हो गया था कि स्टेट ऑफ हारमोंस को ईरान द्वारा खोल दिया जाएगा किंतु फिर इजरायल द्वारा लेबनान में इस समझौता के बाद लगातार हमले किए गए जिससे लेबनान में फिर तबाही मच गई है और इस हमले के परिणाम स्वरूप ईरान ने स्टेट आफ हारमोंस को फिर बंद कर दिया है और यह भी शर्त रख दी है जब तक इसराइल लेबनान पर हमले करते रहेगा तब तक स्टेट ऑफ हारमोंस भी बंद रहेगा। ईरान लंबे समय से लेबनान के हिज़्बुल्लाह को अपना प्रमुख रणनीतिक सहयोगी मानता आया है। यह संबंध केवल वैचारिक नहीं, बल्कि सुरक्षा और क्षेत्रीय प्रभाव से भी जुड़ा है। यदि इज़राइल लेबनान में व्यापक सैन्य अभियान चलाता है, तो तेहरान इसे अपने प्रभाव क्षेत्र पर सीधी चुनौती के रूप में देख सकता है। ऐसी स्थिति में ईरान के लिए मौन रहना भी कठिन होगा और प्रत्यक्ष युद्ध में उतरना भी जोखिमपूर्ण। दूसरी ओर अमेरिका की स्थिति और भी जटिल है। वह इज़राइल की सुरक्षा का सबसे बड़ा समर्थक है, परंतु वह यह भी जानता है कि यदि संघर्ष ईरान तक फैलता है, तो पूरा मध्य-पूर्व एक ऐसे युद्ध में बदल सकता है जिसकी आर्थिक और राजनीतिक कीमत पूरी दुनिया को चुकानी पड़ेगी। तेल की कीमतों में उछाल, समुद्री व्यापार मार्गों पर संकट, वैश्विक महँगाई और ऊर्जा असुरक्षा ये सभी संभावित परिणाम अमेरिका की रणनीतिक चिंताओं का हिस्सा हैं। कूटनीति का सबसे कठिन क्षण वही होता है जब मित्र राष्ट्र युद्ध चाहते हों और राष्ट्रीय हित शांति की माँग कर रहे हों। अमेरिका आज इसी द्वंद्व से गुजरता दिखाई देता है। एक ओर वह इज़राइल का विश्वास खोना नहीं चाहता, दूसरी ओर ईरान के साथ संवाद के दरवाज़े भी पूरी तरह बंद नहीं करना चाहता। यही संतुलन आने वाले समय की सबसे कठिन कूटनीतिक परीक्षा है।

ईरान भी आज वैसा नहीं है जैसा चार दशक पहले था। आर्थिक प्रतिबंधों ने उसकी अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव डाला है। युवा पीढ़ी बेहतर जीवन, रोजगार और वैश्विक अवसरों की अपेक्षा रखती है। ऐसे में अमेरिका के साथ किसी संभावित समझौते का अर्थ केवल प्रतिबंधों में राहत नहीं, बल्कि आर्थिक पुनर्जीवन भी है। इसलिए तेहरान के लिए युद्ध और संवाद–दोनों के बीच संतुलन बनाना एक बड़ी चुनौती है। इतिहास बताता है कि शांति और संघर्ष साथ-साथ चलते हैं। शीत युद्ध के दौर में भी परमाणु प्रतिस्पर्धा के बीच हथियार नियंत्रण संधियाँ हुईं। विश्व राजनीति का इतिहास इस सत्य का साक्षी है कि युद्ध कभी केवल रणभूमि में नहीं लड़े जाते, वे सभ्यताओं की चेतना, अर्थव्यवस्थाओं की धड़कनों और कूटनीति की मेज़ों पर भी अपने गहरे निशान छोड़ जाते हैं। जब किसी सीमा पर पहला गोला दागा जाता है, उसी क्षण अनेक समझौतों की नींव भी हिलने लगती है। आज मध्य-पूर्व पुनः उसी मोड़ पर खड़ा है, जहाँ एक ओर अमेरिका और ईरान के बीच वर्षों से जमे अविश्वास को संवाद के माध्यम से कम करने की कोशिशें दिखाई देती हैं, तो दूसरी ओर इज़राइल और लेबनान के बीच बढ़ता सैन्य तनाव पूरे क्षेत्र को व्यापक युद्ध की ओर धकेलता प्रतीत हो रहा है।

सवाल यह नहीं कि युद्ध होगा या नहीं वास्तविक प्रश्न यह है कि यदि युद्ध की आग और भड़कती है, तो क्या अमेरिका और ईरान के बीच बनती हुई कूटनीतिक संभावनाएँ उसी आग में भस्म हो जाएँगी? मध्य-पूर्व केवल भौगोलिक क्षेत्र नहीं, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन की धुरी है। विश्व की ऊर्जा आपूर्ति, सामरिक समुद्री मार्ग, धार्मिक आस्थाएँ और महाशक्तियों के रणनीतिक हित–सब यहाँ एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। इसीलिए यहाँ की हर सैन्य घटना का प्रभाव वाशिंगटन, मॉस्को, बीजिंग, ब्रुसेल्स और नई दिल्ली तक महसूस किया जाता है। कई बार युद्ध ने वार्ता को जन्म दिया और कई बार वार्ता युद्ध को रोकने में असफल रही। इसलिए यह मान लेना कि इज़राइलङ्कलेबनान संघर्ष शुरू होते ही अमेरिकाङ्कईरान समझौता समाप्त हो जाएगा, राजनीतिक यथार्थ का अत्यधिक सरलीकरण होगा।

यह भी उतना ही सत्य है कि यदि संघर्ष सीमित न रहकर क्षेत्रीय युद्ध का रूप ले लेता है, यदि हिज़्बुल्लाह, ईरान और अन्य क्षेत्रीय शक्तियाँ प्रत्यक्ष रूप से इसमें उतरती हैं, तो अमेरिकाङ्कईरान संबंधों में अविश्वास की खाई और गहरी हो सकती है। तब कूटनीति की भाषा बारूद के शोर में दब जाएगी।।आज का विश्व बहुध्रुवीय व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। चीन अपने आर्थिक और सामरिक प्रभाव का विस्तार कर रहा है, रूस पश्चिमी दबावों का प्रतिरोध कर रहा है और यूरोप ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंतित है। ऐसे समय में मध्य-पूर्व का कोई भी बड़ा युद्ध केवल क्षेत्रीय संकट नहीं रहेगा, बल्कि वैश्विक शक्ति-संतुलन को प्रभावित करेगा। यही कारण है कि विश्व की लगभग सभी प्रमुख शक्तियाँ युद्ध के विस्तार को रोकने में रुचि रखती हैं।

तर्क और विज्ञान

तर्क और विज्ञान का आपस में घनिष्ठ संबंध है। तर्क वह प्रक्रिया है जिसके द्वारा किसी विषय का सही और गलत पक्ष समझा जाता है, जबकि विज्ञान व्यवस्थित ज्ञान और प्रयोगों पर आधारित होता है। विज्ञान में किसी सिद्धांत को स्वीकार करने से पहले तर्क, निरीक्षण और परीक्षण किया जाता है। तर्क वैज्ञानिक सोच को विकसित करता है तथा अंधविश्वासों को दूर करने में सहायता करता है। विज्ञान के विकास में तर्क की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। तर्क के बिना वैज्ञानिक निष्कर्ष विश्वसनीय नहीं हो सकते। इसलिए तर्क और विज्ञान दोनों मानव ज्ञान तथा समाज की प्रगति के आधार हैं।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1555: मुगल सम्राट हुमायूं ने अपने पुत्र अकबर को अपना वारिस (उत्तराधिकारी) घोषित किया? 1897: पुणे (पूना) में चापेकर बंधुओं (दामोदर और बालकृष्ण) ने तत्कालीन ब्रिटिश अधिकारी वाल्टर चार्ल्स रैंड की गोली मारकर हत्या कर दी थी?1946: इंग्लैंड और भारत के बीच पहला क्रिकेट टेस्ट मैच लंदन के प्रतिष्ठित लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड में शुरू हुआ? 2016: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (ISRO) ने एक शानदार उपलब्धि हासिल करते हुए PSLV-C34 रॉकेट के जरिए एक साथ रिकॉर्ड 20 सैटेलाइट सफलतापूर्वक लॉन्च किए 1633: कैथोलिक चर्च द्वारा महान वैज्ञानिक गैलीलियो गैलीली को अपनी इस धारणा को बदलने के लिए मजबूर किया गया कि पृथ्वी सूर्य के चक्कर लगाती है (हेलियोसेंट्रिक मॉडल)?1941: द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जर्मनी ने सोवियत रूस (USSR) पर आक्रमण कर दिया था 1986: फीफा विश्व कप में अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर डिएगो माराडोना ने इंग्लैंड के खिलाफविवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल दागा था

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मुझे पूरा पढ़ो तुमने देखा मेरी खामोशी का एक कोना, और लिख दिया फैसला मेरे पूरे व्यक्तित्व पर। तुमने सुनी मेरी नाराज़गी की एक ध्वनि, पर नहीं सुना वह सन्नाटा जिसमें मैंने कितनी बार खुद को समझाया था। हाँ, मैं कभी-कभी स्पष्ट शब्दों में सच कह देती हूँ, पर इसका अर्थ यह नहीं कि मेरे भीतर ममता के झरने नहीं बहते। मेरी आँखों में भी दूसरों के लिए दुआएँ पलती हैं, मैं भी चुपके से अपनों के दुःख अपने हिस्से कर लेती हूँ। इसलिए फैसला सुनाने से पहले मुझे पूरा पढ़ो- क्योंकि मैं तुम्हारी धारणा जितनी कठोर नहीं, और सच कहूँ, इतनी भी बुरी नहीं।

रेनू 'शब्दमुखर'

डगर कैसी भी आ जाये तो चलना हम सिखा देंगे। कहें काँटों से वो काटें , सम्भालना हम सिखा देंगे । हो कैसा दौर जीवन में मुसीबत से भरा लेकिन। ये दावा है हमारा भी निकलना हम सिखा देंगे ।

-संजय कुमार गिरि

कांग्रेस नेता राहुल गांधी के जन्मदिन पर कार्यकर्ताओं ने उनकी इस तस्वीर का दुग्धाभिषेक किया, जिसमें वो परशुराम अवतार में नज़र आ रहे हैं. कार्यकर्ताओं ने कहा- ÷जिस प्रकार परशुराम ने अधर्म का नाश किया था उसी तरह राहुल गांधी वर्तमान समय में देश विरोधी नीतियों को खत्म करें÷ ..... बताओ ये हमको अंधभक्त कहते है।

- अंबर दानी

काला सच - सफेद झूठ। पश्चिम की तरह का रंगभेद अपने यहां कभी नहीं रहा। वहां हर अच्छी चीज सफेद है जबकि बुरी कहीं जाने वाली चीज काली। अपने यहां इसके उलट है। अपने यहां :- झूठ 'सफेद' होता है, जबकि सच 'काला' होता है। काला सच - सफेद झूठ! कभी ध्यान दिया था इस पर? ।

- पंकज कुमार झा

वफ़ा मोहब्बत का सबसे हसीं एहसास है, ज़ख्म वहीं मिलते हैं! जहाँ चाहत एकतरफ़ा और उम्मीदें उदास हैं!! इश्क़ जब 'मैं' है, तो क्यों कोई किसी के पास है! ये तो 'हम' में ढलने का सफ़र है, जहाँ 'मैं' मिट जाता है और 'हम' का उजास है!! - **अंजु डोकानिया**

बड़े बेफिक्र, बेपरवाह, बेखौफ होकर चलते हैं... बच्चे जब पिता की उंगली पकड़कर चलते हैं। ना राह की चिंता होती है, ना मंज़िल की फिक्र, बस इक मजबूत ऊँगली में सारी दुनिया का सबर। वो ऊँगली नहीं बस उँगली, वो भरोसे की डोर है, जिसमें बंधा हर सपना हर छोटा-सा शोर है। चलते हैं छोटे पाँव मगर, छांव में होते हैं मेहरबान, पिता के साथ चलना यानि – ईश्वर की चलती पहचान।

- चिन्मय शुक्ल

यदि देखा जाए तो समस्या कहीं नहीं है.... यदि है तो वो हममें ही है.... यदि हम स्वयं ही समाधान बन जाएँ तो समस्याएँ जड़ से खत्म हो सकती हैं... माना कि विज्ञान एक कठिन विषय है.... पर विज्ञान को जादू के रुप में बच्चों को दे कर तो देखो.... तुम खुद में एक जादूगर को पाओगे जो अपनी कला कौशल की कारीगरी से बच्चों के मन में विज्ञान विषय के प्रति व्याप्त भय को हमेशा के लिए मिटा सकता है।.... है कि नहीं...।

- अलका अग्रवाल

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेषः आपका आज का दिन थोड़ा उतार चढ़ाव वाला रहेगा लेकिन आज की मेहनत संध्या बाद से रंग लाने लगेगी आलस्य भी बने रहने से जल्दी से किसी कार्य के लिये हाँ नही करेंगे।

वृषः आज के दिन भी कई अशांति वाले प्रसंग बनेंगे। आज आप अन्य लोगो से मतलब का व्यवहार रखेंगे जिस कारण काम पड़ने पर मदद करने की जगह लोग अपना स्वार्थ साधेंगे।

मिथुनः आज का दिन कार्य सफलता वाला रहेगा। सेहत ठीक रहने पर भी कार्यो के प्रति आलस्य दिखाएंगे लेकिन जिस भी कार्य को हाथ मे लेंगे उसमे हानि लाभ की परवाह नही करेंगे।

कर्कः आज का दिन परिश्रम को छोड़ अन्य सभी विषयों में उत्तम रहेगा। मेहनत आज अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक करनी पड़ेगी।

सिंहः आज का दिन लाभदायक है लेकिन मानसिक रूप से गंभीर होने भी आवश्यक है निर्णय लेने में आज भी दुविधा होगी दिमाग पर ज्यादा दबाव न डालें निसंकोच होकर फैसले ले विजय आज आपकी ही होगी।

कन्याः आज का दिन भी आपकी आशाओ के विपरीत रहेगा। दिन के आरंभ से ही कुछ गड़बड़ होने की आशंका रहेगी कार्य क्षेत्र अथवा परिवार में कोई छोटी-बड़ी दुर्घटना होने की संभावना है अकस्मात होने से सतर्क होने का समय मुश्किल ही मिलेगा।

तुलाः आज आपकी दिनचार्य व्यवस्थित रहेगी अधिकांश कार्यो की योजना पूर्व में ही बना लेंगे फिर भी कुछ काम अकस्मात आने से फेरबदल करना पड़ेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके उच्च प्रतिष्ठित लोगो से संबंध बनेंगे सरकारी कार्यो के लिए दिन उत्तम है सरकार की तरफ से शुभ समाचार मिलने से व्यवसाय एवं अन्य महत्त्वपूर्ण कार्यो की उलझन दूर होगी।

धनुः आज का दिन आध्यात्मिक उन्नति वाला रहेगा। दिन के आरंभ से ही घर मे धार्मिक कार्य को लेकर चहल-पहल रहेगी इसके लिए दैनिक कार्यो में बदलाव भी करना पड़ेगा।

मकरः आज भी मध्यान तक सेहत में उतार-चढ़ाव लगा रहेगा मध्यान बाद ही इसमे स्थिरता आएगी फिर भी ज्यादा परिश्रम वाले कार्यो से बचें। बनी बनाई योजनाए अधर में लटकी रहेंगी।

कुंभः आज के दिन आपकी मानसिकता कम समय एवं परिश्रम से अधिक लाभ पाने की रहेगी पर आज आपके कार्यो में सफाई कम रहेगी विफलता मिलने पर क्रोध भी आएगा फिर भी कार्यो के प्रति एकाग्र रहे शीघ्र ही परिस्थितियां आपके अनुकूल बनने वाली है।

मीनः आज के दिन लाभ-हानि बराबर रहेगी। दिन के आरंभ से ही लाभदायक प्रसंग बनेंगे। आज आप व्यवसाय के साथ सामाजिक कार्य भी आने से अधिक व्यस्त रहेंगे।

QUIZ TIME

1) भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की ग्रांड ओल्ड लेडी किसे कहा जाता है?

2) नमो ड्रोन दीदी योजना का उद्देश्य क्या हैं?

3) हाल ही में, शिक्षापत्री गुजरात का एक हिंदू धर्मग्रंथ, जिसे बोडलियन लाइब्रेरीज द्वारा यूके टूर में प्रदर्शित किया जा रहा है- किस धार्मिक परंपरा से संबंधित है?

4) नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो का गठन कब हुआ था?

5) गुजरात सरकार ने आशा वैन नामक कैंसर स्क्रीनिंग मोबाइल यूनिट का उद्घाटन किस शहर में किया?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) अरुणा आसफअली (2) महिलाओं को एक स्थायी व्यवसाय मॉडल प्रदान करके कृषि में प्रौद्योगिकी के उपयोग को बढ़ावा देना है (3) स्वामीनारायण हिंदू परंपरा (4) 17 मार्च 1986 (5) गांधीनगर

पहेली

शब्द सामर्थ्य - 076



भोरिंग में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर गूंजा योग का संदेश

■ **खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर व एकलव्य विद्यालय में सामूहिक योगाभ्यास, राष्ट्रीय खिलाड़ी हुए सम्मानित**

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर, एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, शिक्षकों, छात्रावास स्टाफ तथा गणमान्य नागरिकों ने भाग लेकर योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताई।

योग दिवस कार्यक्रम में प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने वृक्षासन, ताड़ासन, त्रिकोणासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, प्राणायाम एवं ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। इस दौरान सभी ने नियमित योग कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प भी लिया।

कार्यक्रम में एकलव्य आवासीय विद्यालय भोरिंग के प्राचार्य महेंद्र टंडन, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भोरिंग की प्राचार्य कामेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई, जगदीश धीवर, अभिषेक निर्मलकर सहित अन्य शिक्षक एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिले के राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों का सम्मान भी किया गया। सम्मानित खिलाड़ियों में मॉडर्न पेंटाथलॉन के अभिषेक निर्मलकर, निमेश मन्नाडे, आयुष निर्मलकर एवं अभिषेक नेहरू, रग्बी खिलाड़ी सुभाष शर्मा, भूपेंद्र साहू एवं झलक ध्रुव, बेसबॉल खिलाड़ी शालनी मानिकपुरी एवं केशरी साहू तथा तीरंदाजी खिलाड़ी डोमेश्वरी साहू शामिल रहे।

योग दिवस के आयोजन ने प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक सोच का संदेश देते हुए योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

ऋषियों की अनुपम देन है योग : योगाचार्य मिथलेश सिन्हा

छुरा/नवप्रदेश। बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुलिस थाना छुरा जनपद पंचायत वनविभाग एवं स्कुलो में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में थाना स्टाफ समाजसेवियों एवं नागरिकों ने सहभागिता कर योगाभ्यास किया तथा स्वस्थ जीवन के लिए योग को अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के प्रतिष्ठित योगाचार्य मिथलेश सिन्हा ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि ऋषियों की अनुपम देन है योग।योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के संतुलन का माध्यम है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति स्वस्थ, ऊर्जावान एवं तनावमुक्त जीवन जी सकता है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर थाना प्रभारी ज्ञानेश्वर सिंह गंगवाल ने कहा कि पुलिस कर्मियों सहित प्रत्येक व्यक्ति को स्वस्थ एवं जागरूक रहने के लिए योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए।

न्यूज गैलरी

घर की बाड़ी से 25 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी पर की गई कार्रवाई

महासमुंद/नवप्रदेश। सांकरा पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए ग्राम चेरीडीपा सावित्रीपुर में एक व्यक्ति के घर से महुआ शराब बरामद की है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि गांव में अवैध रूप से शराब रखी गई है। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने मनोज लहरे (32) के घर की बाड़ी में दबिश दी। तलाशी के दौरान करीब 25 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग पांच हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

पुरानी रंजिश में वृद्ध से मारपीट बेटे समेत तीन पर केस

महासमुंद/नवप्रदेश। तेंदूकोना थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक वृद्ध के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। ग्राम कोटादादर निवासी फूलसिंग ध्रुव ने पुलिस को बताया कि 19 जून की शाम करीब 6 बजे वह गांव के रंगमंच के सामने खड़ा था। इसी दौरान उसका पुत्र तीजराम ध्रुव तथा गांव के कौशिक ध्रुव, प्रेम ध्रुव और लोकनाथ ध्रुव वहां पहुंचे और पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। शिकायत के आधार पर तेंदूकोना पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 115(2), 351(3) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

स्कूल में छात्रों के विवाद के बाद बड़ों में मारपीट, मामला दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। बसना थाना क्षेत्र के कोलिहादेवरी मिडिल स्कूल में विद्यार्थियों के बीच हुए विवाद को सुलझाने के दौरान मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भंवरपुर चौकी क्षेत्र के ग्राम धुमाभाठा निवासी धनुर्जय पटेल (37) ने पुलिस को बताया कि 19 जून को स्कूल के चपरासी प्रफुल्ल बंजारा ने उन्हें और उनके पुत्र को स्कूल बुलाया था। स्कूल पहुंचने पर पता चला कि एक छात्रा ने उनके पुत्र को थप्पड़ मारा था, जिसके जवाब में उनके पुत्र ने भी छात्रा को थप्पड़ जड़ दिया था। इसी विवाद को सुलझाने के लिए स्कूल प्रबंधन, सरपंच और दोनों पक्षों को बुलाया गया था। शिकायत के अनुसार दोपहर करीब 3.30 बजे समझाइश के दौरान छात्रा के मामा अमित प्रधान ने उनके पुत्र के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। बीच-बचाव करने पहुंचे प्रेमचंद पटेल के साथ भी मारपीट की गई।

प्री मैट्रिक बालक छात्रावास बलौदाबाजार में सीट बढ़ाने की मांग

कोलिहा (लवन)बलौदाबाजार/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में जो 1972-73 स्थापित है में केवल 40 सीट स्वीकृत होने के कारण छात्र-छात्राओं को छात्रावास प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। जिला मुख्यालय होने के बाद भी केवल 40 सीट ही स्वीकृत है। जबकि ब्लॉक मुख्यालय पलारी एवं कसडोल में 100 सीटे स्वीकृत है। अनुसूचित जाति बाहुल्य जिला बलौदाबाजार के मुख्यालय में स्थित अनुसूचित जाति प्री मैट्रिक छात्रावास में पर्याप्त सीट नहीं होने के कारण जरूरत मंद गरीब विद्यार्थियों को प्रवेश नहीं मिल पा रहे हैं। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे, प्रदेश प्रतिनिधि गणेश बघेल,जिला अध्यक्ष दीपक घृतलहरे, जिला महासचिव सुशील बंजारे ने राज्य शासन प्रशासन से मांग करते हुए बलौदाबाजार जिला मुख्यालय के अनुसूचित जाति बालक छात्रावास में सीट को बढ़ाकर 100 सीट स्वीकृत करने की मांग किया है। उसी प्रकार अनुसूचित जाति पोस्ट मैट्रीक बालिका छात्रावास भाठागांव बलौदाबाज़ार में केवल 50 सीट स्वीकृत है बालिकाओं की छात्रावास में 50सीट को बढ़ाकर 100सीट करने की मांग किया है।

डेढ़ साल पुराने मारपीट मामले में दो आरोपियों पर अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने डेढ़ वर्ष पुराने मारपीट के एक मामले में दो लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मामला एक मानसिक रूप से कमजोर युवक के साथ हुई कथित मारपीट से जुड़ा है। प्रार्थी संतू नायक ने बताया कि उनका पुत्र शुभम नायक मानसिक रूप से कमजोर था और उसका इलाज चल रहा था। 24 नवंबर 2024 को दोपहर करीब 2 बजे उन्हें सूचना मिली कि शुभम जगत पान ठेला के पीछे एक पेड़ के नीचे घायल अवस्था में पड़ा है। परिजन उसे घर लाए तो उसके हाथ-पैर में चोट के निशान दिखाई दिए।शिकायत के अनुसार शुभम ने बताया था कि नागेश राव ने उसके साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी, जबकि सोहेल वारसी ने उसे पकड़ रखा था। इसके बाद उसे जिला अस्पताल, निजी अस्पताल और बाद में डीकेएस अस्पताल रायपुर में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मृत्यु का कारण निमोनिया बताया गया है।

यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 10 वाहन चालकों पर कार्यवाही

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा पुलिस टीम द्वारा जिले में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस अभियान के अंतर्गत बिना हेलमेट, तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, भारी वाहन, तेज गति से वाहन चलाना, दोपहिया पर मॉडिफाई साइलेंसर तथा शराब सेवन कर वाहन चलाने जैसे गंभीर उल्लंघनों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है इसी क्रम में 20 जून को थाना नवागढ 01 चालान में 01 वाहन चालको, यातायात बेमेतरा 09 चालान में 09 वाहन चालको, कुल 10 वाहन चालको के विरूद्ध चालानी कार्यवाही किया गया। जिसमें यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले जैसे तीन सवारी, बिना सीट बेल्ट, माल वाहक में सवारी बैठाना, तेज गति, घातक तरीके से वाहन खडी करना, मौके पर कागजात पेश न करना, बिना लायसेंस वाहन चालको के विरूद्ध 10 प्रकरण में 3,000/- रूपये समन शुल्क लिया गया।

मंत्री दयाल दास बघेल हुए शामिल, मुक्ति का लिया संकल्प, योग को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान

विश्व योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास

महासमुंद/नवप्रदेश। 12वें विश्व योग दिवस के अवसर पर शनिवार को महासमुंद शहर स्थित इनडोर स्टेडियम (संजय कानन के सामने) में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं निरोगी जीवन का संदेश दिया।

कार्यक्रम में विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, छत्तीसगढ़ राज्य बीज निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व राज्य मंत्री पूनम चंद्राकर, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, जिला स्काउट एवं गाइड संघ के जिलाध्यक्ष येतराम साहू, राज्य आयुक्त इन्द्रजीत सिंह खालसा, राज्य महिला आयोग की सदस्य सरला कोसरिया, रेडक्रॉस समिति के अध्यक्ष संदीप दीवान, नगर पालिका उपाध्यक्ष देवीचंद राठी, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष हुलसी चंद्राकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, वज्रासन, पवनमुक्तासन, अर्धचक्रासन, शवासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति तथा ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दयाल दास बघेल ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषि परंपरा की अमूल्य धरोहर है।

थाना-चौकी परिसरों में हुआ योगाभ्यास, स्वस्थ जीवन का दिया संदेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश कुमार यादव, डीएसपी (मुख्यालय) राजेश कुमार झा, एसडीओपी बेमेतरा भूषण एक्का, एसडीओपी बेरला विनय कुमार, डीएसपी कौशिल्या साहू तथा डीएसपी शशीकला उईके के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिले के समस्त थाना-चौकी, रक्षित केन्द्र एवं विभिन्न शाखा परिसरों में उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्वस्थ राष्ट्र के लिए योग की भावना के साथ आयोजित इस कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों, विद्यार्थियों तथा आम नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतिभागियों ने सामूहिक रूप से सूर्य नमस्कार, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम सहित विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया।

भाजपा मंडल भटगांव में मनाया गया योग दिवस

भटगांव। भाजपा मंडल भटगांव में 12वा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। कार्यक्रम मण्डी प्रांगण ने रखा गया जिसमें भाजपा मंडल भटगांव सहित नपं भटगांव के अध्यक्ष पार्षद , मुख्य नगर पालिका अधिकारी , नपं के कर्मचारी गण योगाभ्यास किए। योग शिक्षक पुर्नेश साहू द्वारा सूर्य नमस्कार , मंडूकासन , भुजंगासन , तड़सन, शवासन आदि योगाभ्यास कराया गया, सभी ने नियमित योगाभ्यास करने अपने जीवन को स्वस्थ रखने का संकल्प लिए । उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष धीरज दीक्षित, नपं भटगांव अध्यक्ष विक्रम कुर्रे , महामंत्री श्याम लाल, खेलन यादव, रेवती चंद्रा, मुख्य नपा अधिकारी नारायण पटेल ,नगर पंचायत उपाध्यक्ष प्रदीप देवांगन ,रामदुलार साहू ,सुरेश रघु , समस्त पार्षद , भाजपा मंडल के समस्त पदाधिकारी ने योगाभ्यास किये।

सार्थक स्कूल में विशेष बच्चों ने किया योगाभ्यास

धमतरी/नवप्रदेश। समाज कल्याण विभाग की अनुदानित संस्था सार्थक स्कूल, धमतरी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग एवं स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम समाज कल्याण विभाग की उपसंचालक डॉ. मनीषा पांडे तथा स्पेशल ओलंपिक भारत छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर प्रमोद कुमार तिवारी के निर्देशन में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत ? के पवित्र उच्चारण के साथ हुई।

इसके बाद विद्यालय के विशेष बच्चों नेमेश, भारती, मोनिका, कुलदीप, रूपेश, मनीष, अर्जुन, इशू, ईश्वर, निखिल, प्रतीक, भूपेंद्र, फलेश, जुनैद एवं आकाश ने योग प्रशिक्षक देविका दीवान और काजल रजक के मार्गदर्शन में ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, प्राणायाम तथा सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योगासन किए।

व्यवहार न्यायालय भटगांव में किया गया योगाभ्यास

भटगांव । नगर पंचायत भटगांव स्थित व्यवहार न्यायालय में 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति भटगांव के संयुक्त तत्वावधान में तालुका अध्यक्ष न्यायाधीश पुनीतराम गुरुपंच के नेतृत्व में न्यायालय परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ अधिवक्ता व संघ भटगांव एवं सरसींवा के सदस्य, न्यायालयीन अधिकारी-कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालंटियर्स उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व एवं स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। उपस्थितजनों ने सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बताया गया कि नियमित योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है।

योग से स्वस्थ जीवन का संदेश, खरोरा में भव्य आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। सूरज सोनी खरोरा में गरिमामय माहौल में मनाया गया 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस; नगर पंचायत के तत्वावधान में हुआ भव्य आयोजन वैश्विक स्तर पर मनाए जा रहे 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के विशेष अवसर पर 21 जून 2026 को नगर पंचायत खरोरा द्वारा एक भव्य और सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया. यह गरिमामय कार्यक्रम पुराना थाना के सामने स्थित संस्कृति भवन खरोरा में आयोजित किया गया, जहाँ बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लेकर स्वास्थ्य और निरोग जीवन का संदेश दिया. इस वर्ष छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को फ्रस्वस्थ आयु के लिए योगफ्र की विशेष थीम पर केंद्रित किया गया था.नगर पंचायत खरोरा द्वारा आयोजित इस शिविर में उपस्थित सभी लोगों को योग्य प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में विभिन्न आसन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया गया, ताकि लोग योग को अपनी दैनिक जीवन शैली का हिस्सा बना सकें।

रुद्रेश्वर महानदी घाट में किया गया योग

धमतरी (नवप्रदेश)। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार सुबह रुद्रेश्वर महानदी घाट के मनोरम तट पर सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राकृतिक वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योगाभ्यास किया और स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन, फ्रीडम फिजिकल एकेडमी, पतंजलि युवा भारत तथा यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ऑफइंडिया की धमतरी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। सुबह 6 बजे से 7 बजे तक आयोजित योगा प्रोटोकॉल कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया।योग प्रशिक्षक परविंदर कौर ने उपस्थित लोगों को योग की विभिन्न क्रियाएं कराईं तथा नियमित योगाभ्यास के लाभों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को दूर कर व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। कार्यक्रम में प्रतिभागियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया।

अंजय शुक्ला ने दिया स्वास्थ्य और जागरुकता का संदेश

धरसीवां। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्री अंजय शुक्ला, उपाध्यक्ष, छत्तीसगढ़ आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड तथा प्रदेश संयोजक बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ ने रविवार सुबह योगाभ्यास कर अपने दिन की शुरुआत की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि योग केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को संतुलित एवं स्वस्थ रखने की एक प्राचीन और प्रभावशाली भारतीय पद्धति है। नियमित योगाभ्यास से व्यक्ति शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से मजबूत तथा आत्मिक रूप से संतुलित रहता है। श्री शुक्ला ने प्रदेशवासियों से आह्वान किया कि वे योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नागरिक ही सशक्त समाज और समृद्ध भारत की आधारशिला हैं। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उन्होंने सभी को शुभकामनाएं देते हुए संदेश दिया कि योग को जन-जन तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर धमतरी पुलिस का योग शिविर एसपी सूरज सिंह परिहार ने दिया स्वस्थ जीवन का संदेश

■ **रक्षित केंद्र में सामूहिक योगाभ्यास, अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया प्राणायाम और ध्यान**

धमतरी/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर धमतरी पुलिस द्वारा रक्षित केंद्र धमतरी में भव्य योग शिविर एवं सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के नेतृत्व एवं उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाना तथा तनावमुक्त एवं स्वस्थ पुलिस बल के निर्माण को बढ़ावा देना था। योग शिविर में आरक्षक सूजय मंडल एवं उनकी शिष्या रूची साहू ने अधिकारियों और कर्मचारियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, ध्यान तथा श्वसन संबंधी अभ्यासों का प्रशिक्षण दिया। उन्होंने योग के वैज्ञानिक एवं स्वास्थ्यवर्धक लाभों की जानकारी देते हुए नियमित योगाभ्यास को स्वस्थ और सकारात्मक जीवन का आधार बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ रखने का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक संतुलन और आत्मिक शांति का भी मार्ग है।

योग कार्यक्रम में शामिल हुईं सांसद रूपकुमारी चौधरी

■ **आयुष विभाग के तत्वावधान में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया**

गरियाबंद/नवप्रदेश। आयुष विभाग के तत्वावधान में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन जिले में उत्साह एवं उल्लास के साथ किया गया। जिला मुख्यालय स्थित इंडोर स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।

इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती लालिमा ठाकुर, नगर पालिका अध्यक्ष श्री रिखीराम यादव, उपाध्यक्ष श्री आसिफमेमन, वरिष्ठ नागरिक श्री अनिल चंद्राकर, कलेक्टर श्री बी.एस. उइके, पुलिस अधीक्षक श्री वेदव्रत सिरमौर, उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व के उप निर्देशक श्री वरुण जैन,जिला पंचायत सीईओ प्रखर चंद्राकर सहित जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी,मीडियाकर्मी गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि योग भारत की प्राचीन सांस्कृतिक परंपरा एवं अमूल्य धरोहर है, जिसने आज पूरे विश्व में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से योग को वैश्विक मान्यता मिली और आज विश्व के 190 से अधिक देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है।

योग: स्वस्थ शरीर, प्रसन्न मन और बेहतर जीवन का आधार : हरिकिशन वर्मा

कोलिहा लवन/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत सकरी में पंचायत भवन परिसर एवं अमृत सरोवर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पंचायत सरपंच हरीश कुमार फेकर पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा के नेतृत्व में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को योग के प्रति जागरूक करना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

इस अवसर पर पंचायत सचिव हरिकिशन वर्मा ने कहा कि ÷योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, प्रसन्न मन और बेहतर जीवन का आधार है। नियमित योग करने से व्यक्ति शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनता है।÷ उन्होंने बताया कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में तनाव, चिंता और विभिन्न बीमारियों से बचने के लिए योग सबसे प्रभावी माध्यम है।योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उपस्थित लोगों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन, प्राणायाम एवं ध्यान जैसी विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास किया। प्रतिभागियों को योग के लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई तथा नियमित रूप से योग करने का संकल्प भी दिलाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि योग करने से शरीर में ऊर्जा का संचार होता है, मानसिक शांति मिलती है और रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं एवं बुजुर्गों की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली।

सामूहिक योगाभ्यास में शिवरतन शर्मा हुए सम्मिलित

भाटापारा/नवप्रदेश। जिसने योग के माध्यम से अपने शरीर को अग्नि के समान तेजस्वी बना लिया, उसे न रोग सताता है, न बुढ़ापा आता है और न ही मृत्यु का भय रहता है। 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार क़ो भाटापारा नगर के सिटी मॉल परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा ने अपने संबोधन में कही।

प्रातः 6 बजे से प्रारंभ हुए इस कार्यक्रम में सैकड़ों की संख्या में नगरवासियों, युवाओं, महिलाओं एवं स्कूली बच्चों ने एक साथ योग के विभिन्न आसनों, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। पूरा परिसर 'भारत माता की जय' और 'योग से निरोग' के नारों से गूंज उठा। इस अवसर पर शिवरतन शर्मा ने कहा,योग मनुष्य की मानसिक, शारीरिक व आध्यात्मिक ऊर्जा को एकत्रित कर उसे सकारात्मक चिंतन की ओर अग्रसर करता है। योग से शरीर स्वस्थ होता है और स्वस्थ शरीर ही श्रेष्ठ मेधा का निर्माण करता है। श्रेष्ठ मेधा ही हमें एक बेहतर नागरिक के रूप में परिष्कृत करती है।

शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि योग एक संपूर्ण विधा है, जो हमें शारीरिक और मानसिक रूप से एकजुट करता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से आज पूरा विश्व योग के महत्व को समझ रहा है। 'एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य' की थीम पर हुआ यह आयोजन वसुधैव कुटुंबकम की हमारी संस्कृति को दर्शाता है।

शिवरतन शर्मा ने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा,योग को केवल एक दिन का कार्यक्रम न बनाएं, बल्कि इसे अपने नियमित जीवन का हिस्सा बनाएं। यह आपके स्वास्थ्य, मन की शांति और दीर्घ जीवन के लिए अति उत्तम है। स्वस्थ छत्तीसगढ़, समर्थ भारत के निर्माण में योग की बड़ी भूमिका है।

संक्षिप्त खबरें

लक्ष्य सर्किल गंडई का किया गया पुनर्गठन

गंडई पड़रिया/नवप्रदेश। लोधी समाज अधिकारी-कर्मचारी संगठन लक्ष्य छत्तीसगढ़ , सर्किल गंडई के पदाधिकारियों के 3 वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर पुनर्गठन किया गया। नगर के रेस्ट हाउस में समाज के अधिकारी -कर्मचारियों कि उपस्थिति में पुनर्गठन कि कार्यवाही कि गई जिसमें अध्यक्ष के रूप में भिखेन्द्र जंघेल, उपाध्यक्ष शिवचरण वर्मा, सचिव -भुपेन्द्र जंघेल, सहसचिव श्रीमती अंबा जंघेल, कोषाध्यक्ष डॉ गणेश वर्मा, प्रचार सचिव के रूप में डिलेश्वर वर्मा को मनोनीत किया गया। कार्यकारणी सदस्य के रूप में डॉ प्रकाश वर्मा, पुनाराम वर्मा,उगेश जंघेल,व ओमकार जंघेल को मनोनीत किया गया।

नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष भुवनेश्वर को बधाई

गुरूर/नवप्रदेश। नगर पंचायत पलारी के नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष भुवनेश्वर ठाकुर को बहुत-बहुत बधाई और उनके सफल कार्यकाल के लिए हार्दिक शुभकामनाएं !आज दिनांक 21/06/2026 दिन रविवार को संजारी बालोद की लोकप्रिय विधायक संगीता सिन्हा जी की गरिमामयी उपस्थिति ने इस खुशी के अवसर को और भी खास बना दिया है।

महाबल बघेल ने किया योगाभ्यास

भाटापारा/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाटापारा के ग्राम करही बाजार में भाजपा निपनिया मंडल के कार्यकर्ताओं ने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिलाध्यक्ष व मंडल प्रभारी महाबल बघेल के साथ योगाभ्यास किया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए महाबल बघेल ने कहा कि जीवन का सबसे बडा धन है स्वास्थ्य धन और इस को अर्जित करने का सबसे सशक्त माध्यम है योग। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और सकारात्मक जीवन का आधार है। योग ना केवल हमें स्वस्थ जीवन प्रदान करता है बल्कि प्रकृति के साथ जोडकर अध्यात्म के मार्ग को भी सहज और सरल कर देता है। योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाकर निरोग एवं सुखी जीवन का आनंद लिया जा सकता है।

कांग्रेस जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत है और आगे रहेगीः महिम

कुरूद/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के आह्वान पर स्मार्ट मीटर और बढ़ती बिजली दरों के विरोध में कांग्रेस घर-घर पहुंचकर समर्थन पत्र भरवाएगी। इस अभियान को जनहित और उपभोक्ता अधिकारों की लड़ाई बताते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद के अध्यक्ष महिम शुक्ला ने कहा कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार बिजली दरों में लगातार वृद्धि हो रही है और आम जनजीवन पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाल दिया है। भाजपा का बयान जनता कांग्रेस को नकार चुकी है , इस बयान पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुरूद के अध्यक्ष महिम शुक्ला ने कहा कि जनता की पीड़ा, बढ़ते बिजली बिल और महंगाई की चिंता को अनदेखा करना जनभावनाओं का अपमान है। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सत्ता नहीं , बल्कि जनसरोकारी मुद्दों की आवाज बनकर जनता के बीच पहुंच रही है। भाजपा सरकार लगातार बिजली बिल बढ़ाते रहे और जनता चुप बैठी रहे। इसी उद्देश्य से लगातार बिजली बिलों में वृद्धि कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र में जनता की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। बढ़ते बिजली बिलों से व्यथित उपभोक्ताओं की भावनाओं को स्वर देने के लिए ही कांग्रेस का यह अभियान जनजागरण और जनसंकल्प का माध्यम बनेगा। कांग्रेस जनता के हितों की रक्षा के लिए संघर्षरत है और आगे भी रहेगी।

मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की प्रगति पथ यात्रा

धमतरी/नवप्रदेश। केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला धमतरी द्वारा शनिवार को भव्य प्रगति पथ यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के माध्यम से केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा जिले में हुए प्रमुख विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया गया।

सांसद रुपकुमारी चौधरी, जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, जिपं अध्यक्ष अरुण सार्वा, प्रदेश उपाध्यक्ष रंजना साहू, प्रगति पथ यात्रा संयोजक पं. राजेश शर्मा सहित वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता हुए शामिल प्रगति पथ यात्रा के दौरान जिले के प्रमुख विकास कार्यों का अवलोकन किया गया। इनमें अटल परिसर, धमतरी बायपास, नवीन रेलवे स्टेशन, भारतमाला परियोजना के अंतर्गत धमतरी इंटरचेंज-केरेगांव मार्ग तथा गंगरेल स्थित बरदिहा लेक व्यू कॉटेज शामिल हैं। भाजपा नेताओं ने कहा कि इन परियोजनाओं ने धमतरी जिले के विकास को नई दिशा देने का कार्य किया है। इस अवसर पर भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 12 वर्षों के कार्यकाल को सेवा, सुशासन और विकास का प्रतीक बताते हुए कहा कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं से देश के हर वर्ग को लाभ मिला है।

जाम की झंझट से मिलेगी मुक्ति

पुरानी सड़कों पर यातायात की अव्यवस्था और भारी जाम के कारण राहगीरों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था, जिससे यात्रा समय पर पूरी नहीं हो पाती थी। नए भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनी यह सिक्स-लेन सड़क इन सभी समस्याओं का स्थाई समाधान साबित होगी। अब रायपुर से विशाखा-पट्टनम की यात्रा बेहद सुगम और सुरक्षित हो जाएगी।

उन्होंने कहा कि प्रगति पथ यात्रा का उद्देश्य विकास कार्यों और सरकार की उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाना है।

प्रगति पथ यात्रा संयोजक पंडित राजेश शर्मा ने भारत माला परियोजना के संदर्भ में बताया कि छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश के बीच कनेक्टिविटी को एक नया आयाम देने के लिए 'भारतमाला परियोजना' के तहत रायपुर से विशाखापट्टनम तक सिक्स-लेन (6-स्ल्रुठुद्ग) सड़क का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस नए एक्सप्रेसवे के चालू होने से न केवल दोनों राज्यों के बीच की दूरी घटेगी, बल्कि व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी क्रांतिकारी बदलाव देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद, शशि पवार, जिला महामंत्री महेंद्र पंडित, राकेश साहू, प्रगति पथ यात्रा संयोजक पं. राजेश शर्मा, सहसंयोजक पुष्पेंद्र साहू, पवन गजपाल, रवि दुबे, कविंद्र जैन, रोहिताश मिश्रा, लक्ष्मण साहू, धनीराम सोनकर, विजय साहू, डॉ. बीथिका विश्वास, प्रियंका सिन्हा, उमेश साहू, हेमलता शर्मा, नील पटेल, राजीव सिन्हा, महावीर चोपड़ा, प्रकाश शर्मा, पिंटू यादव सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पतेरापाली में फर्जीवाड़े का खुलासा, जिला प्रशासन से शिकायत, जांच की मांग

राजस्व विभाग का गजब कारनामा, 30 साल पहले मृत महिला ने बेच दी जमीन!

बागबाहरा/नरवप्रदेश। कहते हैं कि राजस्व विभाग के पास हर जमीन का लेखा-जोखा होता है, लेकिन ग्राम पतेरापाली में जो हुआ है, उसने विभाग और उनके जानकारों के होश उड़ा दिए हैं। यहाँ राजस्व विभाग की रहस्यमयी और चमत्कारी कार्यप्रणाली के चलते एक ऐसी मृत महिला ने अपनी जमीन बेच दी, जिसका स्वर्गवास हुए पूरे 30 साल बीत चुके हैं। हालांकि इस पूरे मामले की शिकायत प्रशासन से की गई है और प्रकरण की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है।

मामला महासमुंद जिले के बागबाहरा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पतेरापाली (खल्लारी तहसील) का है। शिकायतकर्ता मेघराज से मिली जानकारी के मुताबिक, ग्राम पतेरापाली में स्थित खसरा नंबर 805 (339/8) की मूल भूमिस्वामी लीलाबाई (पति स्वर्गीय जेठूराम गोंड़) थी। ग्रामीणों के अनुसार, लीलाबाई का निधन आज से ठीक 30 साल पहले, यानी वर्ष 1994 में हो चुका था। लीलाबाई के निधन के बाद नियमतः यह जमीन उनकी इकलौती पुत्री रथबाई के नाम पर दर्ज थी। लेकिन इसी बीच उक्त जमीन पर इलाके के शातिर भू-माफिआओं की गिद्ध नजर पड़ गई और पर्दे के पीछे मौत को धता बताने वाला एक भ्रष्ट राजस्व खेल रचा गया। आरोप है कि भू-माफिआओं ने मृत लीलाबाई के नाम और पहचान का इस्तेमाल कर एक अन्य महिला को तैयार किया। बकायदा सुनियोजित साजिश के तहत उस अज्ञात महिला को महासमुंद के उप-पंजीयक कार्यालय में लीलाबाई बनाकर पेश किया गया। अधिकारियों की आंखों में धूल झोंकते हुए सरकारी रिकॉर्ड को गुमराह किया गया और लाखों रुपये की कृषि भूमि का विक्रय पंजीयन (रजिस्ट्री) धड़ल्ले से करा लिया गया।

ग्रामीणों में भारी आक्रोश, उच्च स्तरीय जांच की मांग

इस फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद पतेरापाली गाँव के लोगों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों का कहना है कि यह बिना विभागीय सांठगांठ के मुमकिन ही नहीं है। यह सीधे तौर पर आदिवासियों के भूमि अधिकारों पर डाका है, जिसे राजस्व विभाग के कुछ भ्रष्ट कर्मचारियों के संरक्षण में अंजाम दिया गया है।

> शिकायत प्राप्त हुआ है और राजस्व निरीक्षक व पटवारी को जाँच कर प्रतिवेदन के लिए आदेशित कर दिया गया है। तथ्यों के आधार पर उचित कार्यवाही की जाएगी।
>
> **- नमिता मारकोले**
> एसडीएम (राजस्व) बागबाहरा

आदिवासी की जमीन गैर-आदिवासी ने की खरीदी बिक्री- इस पूरे मामले में सबसे बड़ा और चौंकाने वाला मोड़ यह है कि जिस जमीन की हेराफेरी हुई, वह गोंड़ (अनुसूचित जनजाति) समुदाय की थी, जिसे भू-राजस्व संहिता के कड़े नियमों के तहत कोई गैर-आदिवासी आसानी से खरीदी बिक्री नहीं कर सकता। लेकिन पतेरापाली में राजस्व नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए एक महिला ने खुद को उक्त महिला बताकर महासमुंद के उप पंजीयक कार्यालय में जमीन की रजिस्ट्री भी करा दी। यह मामला सिर्फएक जमीन की हेराफेरी का नहीं है, बल्कि यह इस बात का सबूत है कि अगर नीयत में खोट हो, तो राजस्व विभाग के दफ्तरों में मुर्दे भी जिंदा होकर करोड़ों की जमीन की गवाही दे जाते हैं।

अवैध महुआ शराब भट्ठी पर पुलिस की छापेमारी

■ 150 लीटर महुआ शराब और उपकरण जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में अवैध शराब निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पिथौरा पुलिस कार्रवाई करते हुए ग्राम सुखीपाली में संचालित अवैध महुआ शराब भट्ठी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने मौके से 150 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब तथा शराब बनाने में प्रयुक्त उपकरण जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि ग्राम सुखीपाली स्थित सागौन प्लांट से लगे खेत में एक व्यक्ति अवैध रूप से महुआ शराब का निर्माण कर रहा है। सूचना के आधार पर थाना पिथौरा की टीम ने तड़के दबिश देकर घेराबंदी की और मौके पर कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने अग्नि कुमार रात्रे (31 वर्ष) निवासी वार्ड क्रमांक 09, शांतिनगर सुखीपाली, थाना पिथौरा को अवैध रूप से महुआ शराब बनाते हुए पकड़ा। उसके कब्जे से 150 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित महुआ शराब बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत 32 हजार रुपये बताई गई है। इसके अलावा शराब निर्माण में उपयोग किए जा रहे दो बड़े बर्तन भी जब्त किए गए, जिनकी कीमत लगभग 3 हजार रुपये आंकी गई है।

बालपुर में शाला प्रवेश उत्सव

मध्यान्ह भोजन कर भावुक हुए चंद्रदेव राय

सरसींवा (सारंगढ़-बिलाईगढ़)/नवप्रदेश। शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी/हिन्दी माध्यम विद्यालय बालपुर में शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों से बातचीत की, उनकी पढ़ाई के बारे में जाना और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। चंद्रदेव राय ने कहा कि बिलाईगढ़ क्षेत्र के गरीब, किसान और मजदूर परिवारों के बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलना बहुत जरूरी है। पहले अंग्रेजी माध्यम में पढ़ाई कराना कई परिवारों के लिए मुश्किल था, लेकिन स्वामी आत्मानंद विद्यालय खुलने से अब बच्चों को बेहतर पढ़ाई का अवसर मिल रहा है।

सीएम विष्णुदेव साय ने डॉ. ओमप्रकाश वर्मा को किया सम्मानित

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने समाज सेवा, मानवता, स्वैच्छिक रक्तदान एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए गरियाबंद जिले के शिक्षाविद व्याख्याता डॉ. ओमप्रकाश वर्मा को सम्मानित किया। इसके कुछ दिन पूर्व 14 जून को विश्व रक्तदाता दिवस में इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी एवं समृद्धि ब्लड सेवा केंद्र के सहयोग से रक्तदान एवं सम्मान कार्यक्रम के अवसर पर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रखर चंद्राकर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला, गरियाबंद डॉ. यू एस नवरत्ने जी एवं इं.रे. क्रॉस जिला सचिव श्री रोमन लाल की उपस्थिति में डॉ. ओम प्रकाश वर्मा को समाज सेवा के क्षेत्र में सम्मानित किया गया। डॉ. ओमप्रकाश वर्मा, पिता ड्ड डॉ. जीवन लाल वर्मा, निवासी रोहिणा (राजिम) वर्तमान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पीपरछेड़ी, विकासखण्ड एवं जिला गरियाबंद (छत्तीसगढ़) में व्याख्याता के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने निःस्वार्थ सेवा और सामाजिक जागरूकता के माध्यम से समाज के समक्ष एक प्रेरणादायी एवं अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। डॉ. वर्मा गरियाबंद जिले के सर्वाधिक स्वैच्छिक रक्तदाता हैं और इस उपलब्धि के लिए वे पूर्व में महामहिम राज्यपाल महोदय द्वारा भी सम्मानित हो चुके हैं।

अर्जुनी साप्ताहिक बाजार बना खतरा

■ समय रहते व्यवस्था नहीं हुई तो हो सकता है बड़ा हादसा

डोंगरगांव/नवप्रदेश। अर्जुनी का प्रसिद्ध साप्ताहिक बाजार अब लोगों की सुविधा के साथ-साथ सुरक्षा के लिए भी चिंता का विषय बनता जा रहा है। प्रत्येक रविवार को लगने वाले इस बाजार में बड़ी संख्या में ग्रामीणों की आवाजाही होती है, जिससे राजनांदगांव मोहला मानपुर मुख्य मार्ग पर यातायात प्रभावित होने लगता है।

बाजार के दौरान सड़क के दोनों ओर दुकानें सज जाने और खरीदारों की भारी भीड़ के कारण मुख्य मार्ग संकरा हो जाता है। इससे वाहनों की लंबी कतारें लगती हैं और दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। यह मार्ग क्षेत्र का प्रमुख संपर्क मार्ग होने के कारण दिनभर छोटे-बड़े वाहनों का आवागमन जारी रहता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बाजार क्षेत्र में न तो पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था है और न ही यातायात नियंत्रण के लिए प्रभावी इंतजाम किए गए हैं। भीड़भाड़ के बीच वाहनों और पैदल यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

बार में जातिसूचक गाली, मारपीट और धार्मिक आस्था पर टिप्पणी का आरोप

■ एससी-एसटी एक्ट सहित कई धाराओं में अपराध दर्ज

महासमुंद/नवप्रदेश। शहर से लगे खैरा स्थित सपना बार में कार्यरत युवक के साथ जातिसूचक गाली-गलौज, मारपीट, जान से मारने की धमकी तथा धार्मिक आस्था को ठेस पहुंचाने के आरोप में पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ गंभीर धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की विभिन्न धाराओं के साथ अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम की धाराएं भी जोड़ी गई हैं।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम भलेसर निवासी विवेक कुमार कुर्रे (21 वर्ष) ने सिटी कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह खैरा में स्थित सपना बार में वेटर का काम करता है। प्रार्थी के मुताबिक 20 जून की रात करीब 11.30 बजे हर्ष चंद्राकर अपने साथी के साथ बार में शराब पीने आया था। बार बंद होने का समय होने पर जब कर्मचारियों ने ग्राहकों से जाने के लिए कहा, तब आरोपी कथित रूप से नाराज हो गया। रिपोर्ट में आरोप लगाया गया है कि आरोपी ने प्रार्थी को उसकी जाति को लेकर अपमानजनक शब्द कहे, गला दबाया, हाथ-मुक्कों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी दी। शिकायत में यह भी उल्लेख है कि आरोपी ने सतनामी समाज के आराध्य गुरु घासीदास बाबा के संबंध में भी आपत्तिजनक टिप्पणी की, जिससे उसकी धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।

प्रार्थी ने पुलिस को बताया कि घटना के दौरान बार के मैनेजर, अन्य कर्मचारी तथा बार संचालक मौजूद थे और उन्होंने बीच-बचाव किया। घटना की रिकॉर्डिंग बार में लगे सीसीटीवी कैमरों में होने का भी दावा किया गया है।

इन धाराओं के तहत दर्ज हुआ मामला :पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 296 (अश्लील कृत्य/शब्द), 115(2) (स्वेच्छा से चोट पहुंचाना), 351(3) (आपराधिक धमकी) और 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से संबंधित प्रावधान) के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। मामले में सीसीटीवी फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है। आरोपी हर्ष चंद्राकर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

सांसद रूपकुमारी का कुरूद नगर क्षेत्र में विशेष जनसंपर्क अभियान

कुरूद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री मोदी जी के 12 वर्षों के उपलब्धियों को लेकर महासमुंद क्षेत्र के सांसद रूपकुमारी चौधरी का कुरूद नगर-क्षेत्र मे 20 जुन 2026 को विशेष जनसंपर्क अभियान में सम्मिलित होकर जनसंघ से जुड़े चर्रा निवासी एल पी गोस्वामी , कृपाराम यादव के निवास पहुंचकर पार्टी के यात्रा वृतांत में चर्चा हुई। कुरूद नगर में नगरपालिका अध्यक्ष निवास ज्योति भानु चन्द्राकर के निवास, उद्यमी एवं प्रतिष्ठित नागरिक राहुल महावर के निवास गणेश राइस मिल, नगर साहु समाज के अध्यक्ष रामप्यारे साहु के निवास, एन एम डी सी के रिटायर्ड अफसर एवं जनसंघ परिवार से संबंधित राजकुमार बजाज - अनिल बजाज परिवार के निवास पहुंचकर भाजपा एवं मोदी की ओर से सांसद ने साल,श्रीफल एवं साहित्य से सबका सम्मान किया और भाजपा सरकार के उपलब्धियों को लेकर विस्तृत चर्चा की। , कुरूद नगर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, भाजपा संगठन के पदाधिकारियों और भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद का स्वागत-अभिनंदन किया ।, इस विशेष अवसर पर भाजपा परिवार कुरूद की ओर से आप सबको हार्दिक बधाइयाँ।

भाजपा मंडल ने हर्षोल्लास के साथ मनाया भरत वर्मा का जन्मदिन

डोंगरगांव/नवप्रदेश। जिला केंद्रीय सहकारी बैंक मर्यादित राजनांदगांव के उपाध्यक्ष भरत वर्मा का जन्मदिन भारतीय जनता पार्टी मंडल डोंगरगांव द्वारा हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाया गया। उनके नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी एवं बाजे-गाजे के साथ स्थानीय विश्राम गृह में भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से अभिनंदन कर केक काटा तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं दीर्घायु की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं।जन्मदिवस के अवसर पर भाजपा मंडल डोंगरगांव द्वारा नगर के सिद्धि विनायक कॉलोनी में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ओडिशा में बैठे गांजा तस्करी के मुख्य सोर्स तक पहुंची पुलिस

■ 17.5 किलो गांजा मामले में जंगल-पहाड़ के बीच गांव से मास्टरमाइंड गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले की कोमाखान पुलिस ने गांजा तस्करी के एक मामले में ओडिशा के बौद्ध जिले से मुख्य सप्लायर (सोर्स) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पहले गिरफ्तार किए गए गांजा परिवहनकर्ताओं से मिली जानकारी और तकनीकी विश्लेषण के आधार पर कार्रवाई करते हुए तस्करी नेटवर्क की कड़ियां जोड़ते हुए मुख्य आरोपी तक पहुंच बनाई।

पुलिस के अनुसार, 17 जून 2026 को ग्राम टेमरी जांच नाका के पास मुखबिर की सूचना पर एक टाटा इंडिका कार (एमपी-04-सीबी-0848) को रोककर तलाशी ली गई थी। इस दौरान

वाहन से 17.500 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया था, जिसकी कीमत लगभग 8 लाख 75 हजार रुपये आंकी गई है। मामले में शिवपुरी (मध्यप्रदेश) निवासी दिनेश गिरी गोस्वामी (35) और ललिता जाटव (26) को गिरफ्तार किया गया था।

पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि गांजा ओडिशा के भवानीपटना क्षेत्र से खरीदकर मध्यप्रदेश के शिवपुरी में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि तस्करी के दौरान महिला और बच्चे का उपयोग ढाल के रूप में किया गया था ताकि पुलिस को संदेह न हो।

मामले में थाना कोमाखान में अपराध धारा 20 (बी)(द्वद्ब)(बी) एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अपराध दर्ज किया गया था। डेढ़ किलोमीटर कच्चे रास्ते और घने जंगल पार कर आरोपी तक पहुंची पुलिस प्रकरण की गहन जांच के दौरान महासमुंद पुलिस की एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स ने गिरफ्तार परिवहनकर्ताओं से मिली जानकारी और तकनीकी टीम की मदद से मुख्य सप्लायर की लोकेशन ट्रैक की। इसके बाद पुलिस टीम ओडिशा के बौद्ध जिले के थाना घंटापड़ा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गुंडमेंडा पहुंची।

गरियाबंद पुलिस व सीनापाली के ग्रामीणों का शराब की अवैध बिक्री के खिलाफ जनमोर्चा

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश मार्गदर्शन में आज थाना देवभोग के द्वारा ग्राम सीनापाली में सामाजिक सुधार और नशामुक्ति की दिशा में एक पहल की गई है। गांव में अवैध शराब की बिक्री और बढ़ते नशे पर पूरी तरह से अंकुश लगाने के लिए स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए एक विशेष महिला समूह (महिला कमांडो) का गठन किया गया है। बैठक के बाद ग्रामीणों और महिलाओं ने पूरे गांव में एक जागरूकता रैली निकालकर नशे के खिलाफ लोगों से नाश न करने के संबंध मे अपील की गई। अब अवैध शराब बेचने वालों की जानकारी तुरंत पुलिस को दी जाएगी, ताकि दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा सके। बैठक के समापन के बाद गठित महिला समूह, जनप्रतिनिधियों और जागरूक ग्रामीणों ने हाथों में तख्तियां लेकर पूरे गांव का भ्रमण किया।

योग स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग : डॉ. रमन

■ दिग्विजय स्टेडियम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर भव्य जिला स्तरीय आयोजन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दिग्विजय स्टेडियम में 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और जिलेवासियों को योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए स्वस्थ एवं निरोग जीवन की कामना की।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति और प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है। योग केवल एक वार्षिक आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ, संतुलित और सार्थक जीवन का मार्ग है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं प्रतिदिन योग करते हैं और हाल ही में हुई सर्जरी के कारण इस बार योगाभ्यास में शामिल नहीं हो सके, लेकिन शीघ्र स्वस्थ होकर अगले वर्ष योग सत्र में भाग लेंगे।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल के बाद योग आज विश्व के 177 से अधिक देशों तक पहुंच चुका है और यह भारत की उस संस्कृति का प्रतीक है, जो पूरी दुनिया को जोड़ने का संदेश देती है।

योग मन, शरीर और आत्मा के समन्वय का माध्यम है तथा व्यक्ति को प्रकृति, समाज और ईश्वर से जोड़ता है। कार्यक्रम में अबूझमाड़ मल्लखंब अकादमी के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन कर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विधानसभा अध्यक्ष ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए उन्हें प्रोत्साहन स्वरूप स्वेच्छानुदान मद से 51 हजार रुपये देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का माध्यम है।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अग्रसेन भवन में योग-ध्यान कार्यक्रम

राजनांदगांव/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को श्री अग्रसेन भवन की ऊपरी मंजिल में योग एवं ध्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के महिला-पुरुषों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग एवं ध्यान के महत्व को समझा तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में योग एवं ध्यान का प्रशिक्षण श्रीमती ममता नवीन अग्रवाल द्वारा प्रदान किया गया। उन्होंने उपस्थितजनों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा नियमित योगाभ्यास से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की जानकारी दी।योग से निरोगी जीवन का संदेश-प्रशिक्षण के दौरान श्रीमती ममता अग्रवाल ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। नियमित योग एवं ध्यान से व्यक्ति तनावमुक्त रहकर स्वस्थ, संतुलित और सकारात्मक जीवन जी सकता है। उपस्थितजनों ने भी पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास किया और इसे अपनी दिनचर्या में शामिल करने का संकल्प लिया। समाजजनों की रही सक्रिय सहभागिता-कार्यक्रम में अग्रवाल सभा के सचिव अशोक लोहिया, वरिष्ठ समाजसेवी राजेंद्र अग्रवाल एवं लक्ष्मण लोहिया सहित समाज के अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योगाभ्यास को आवश्यक बताया। कार्यक्रम के सफल आयोजन पर अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। अग्रवाल महिला मण्डल की संरक्षिका मणि अग्रवाल ने कहा कि योग अपनाएं, निरोगी जीवन पाएं योग केवल एक दिन का आयोजन नहीं, बल्कि स्वस्थ और खुशहाल जीवन की निरंतर साधना है।

कुरूद में भव्य योग कार्यक्रम आयोजित

कुरूद /नवप्रदेश। नगर प्रशासन कुरूद द्वारा आज विश्व योग दिवस अवसर पर स्वामी विवेकानंद मंगल भवन कुरूद में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चन्द्राकर ने अंतराष्ट्रीय योग दिवस की नगर-क्षेत्रवासियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा हमारे क्षेत्र के दर्रा और खर्रा की योगाभ्यास से परिपूर्ण स्कूल में पढ़ रही छोटी बहने हिमांशी साहु, रागिनी साहु की बेहतरीन प्रस्तुति से आज के योग कार्यक्रम खुशनुमा हो गया। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले 15 अगस्त को नगर के मुख्य मंच से दोनों बहने को सम्मानित किया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर ने नगर-क्षेत्र मे योग के लिए निरंतर समर्पित आर्ट आफ़ लिविंग परिवार का भी मैं नगरवासियों की ओर से धन्यवाद किया। इस योग शिविर में विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर, भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत साहू, आर्ट ऑफ लिविंग के परसुराम निर्मलकर, नंदू चंद्राकर, प्रभात बैस,सी एम ओ महेंद्र राज गुप्ता, कविता चंद्राकर, धनेश्वरी निर्मलकर, प्रवीण शर्माआदि सम्मिलित हुए।

संकल्प होम सोसायटी में योग और पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत एएचपी परियोजना की संकल्प होम सोसायटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू, सामाजिक विकास अधिकारी डॉ. संगीता ठाकुर, योग प्रशिक्षिका डॉ. दुर्गा साहू, रेखा सोनी, सोसायटी अध्यक्ष सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में रहवासी एवं बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत योग सत्र से हुई, जिसमें योग प्रशिक्षिका एवं योग विषय में पीएचडी डॉ. दुर्गा साहू ने योग के महत्व तथा इसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों और रहवासियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। विशेष रूप से बच्चों को भ्रामरी प्राणायाम का प्रशिक्षण देते हुए उन्होंने प्रतिदिन इसका अभ्यास करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि नियमित भ्रामरी प्राणायाम से एकाग्रता बढ़ती है, मानसिक शांति प्राप्त होती है और स्वास्थ्य संबंधी अनेक लाभ मिलते हैं।

नई दिल्ली में राहुल गांधी से मिले विशु अजमानी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश सचिव विशु अजमानी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर नई दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय पहुंचकर उनसे आत्मीय मुलाकात की तथा जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी के स्वस्थ, सफल एवं दीर्घ जीवन की कामना की। जन्मदिन के अवसर पर कांग्रेस मुख्यालय में सुबह से ही नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या मौजूद रही तथा पूरे परिसर में उत्साह का माहौल देखने को मिला।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त की राशि का हुआ भुगतान

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा तारकेश्वर हुगली पश्चिम बंगाल से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 23वीं किस्त की राशि का आधार बेस्ड भुगतान प्रणाली के माध्यम से देश के 9.44 करोड़ किसानों के खाते में 18880 करोड़ रूपए की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के खाते में हस्तांतरण किया गया। जिसमें राजनांदगांव जिले के 99746 किसानों को 19 करोड़ 95 लाख रूपए की राशि हस्तांतरित किया गया। जिसका सीधा प्रसारण कार्यक्रम का आयोजन कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी में किया गया।

17वीं विशेष वाहिनी में गूंजा योग का संदेश

■ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम के साथ आयोजन, जवानों को बताए गए निरोग जीवन और मानसिक संतुलन के सूत्र

कवर्धा/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 17वीं विशेष (भा.र.) वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल परिसर में रविवार को स्वास्थ्य, अनुशासन और जागरूकता का संदेश देने वाला सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। सेनानी के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में वाहिनी के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम ÷स्वस्थ आयु के लिए योग÷ रही, जिसके अनुरूप योग को स्वस्थ और संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित अभ्यास पर जोर दिया गया।कार्यक्रम के दौरान योग प्रशिक्षक आरक्षक गोरखनाथ यादव ने उपस्थित अधिकारियों और जवानों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान का अभ्यास कराया। उन्होंने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नियमित योगाभ्यास से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर होता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मविश्वास और कार्यक्षमता में भी वृद्धि होती है। जवानों को तनावमुक्त जीवन, बेहतर स्वास्थ्य और अनुशासित दिनचर्या के लिए योग अपनाने की सलाह दी गई।

कार्यक्रम में रहे उपस्थित: उप सेनानी प्रमोद गुप्ता, सहायक सेनानी मोनिका सिंह परिहार, सहायक सेनानी मनीष कुमार साहू, सूबेदार मेजर अंजनी सिंह, परिवहन अधिकारी सखेंद्र पाठक सहित वाहिनी के लगभग 70 अधिकारी एवं कर्मचारी कार्यक्रम में शामिल हुए। सभी ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

योग हमें संयमित और संतुलित जीवन जीने की सीख देता है: इंद्र साव

भाटापारा /नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सिटी सेंटर मॉल में योग शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक इंद्र साव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में योग का एक विशेष और महत्वपूर्ण स्थान है जो हमें संयमित और संतुलित जीवन जीने की सीख देता है साथ ही हमारे अंदर सकारात्मक उर्जा का संचार करता है। विधायक इंद्र साव ने आगे कहा कि अभ्यास योग भारत की प्राचीन संस्कृति और ऋषिमुनियों की अमूल्य देन है। योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह तन,मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने का अद्भुत प्रक्रिया है। आज की भागदौड़ भरी जीवन शैली में तनाव, चिंता और अनेक बीमारियां बढ़ रही है। योग हमे-स्वस्थ रहने का सरल प्रभावी मार्ग दिखाता है।

विश्व योग दिवस पर भाटापारा हुआ योगमय

भाटापारा /नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भाटापारा नगर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगरवासियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों एवं सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने सहभागिता कर योग को स्वस्थ जीवन का आधार बताया।योग दिवस के इतिहास पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि भारत के प्रस्ताव के बाद वर्ष 2015 से प्रतिवर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य विश्वभर में योग के माध्यम से स्वास्थ्य, संतुलन एवं मानसिक शांति का संदेश देना है। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षण शैलेन्द्र नामदेव, हेमलाल वर्मा, आजुराम वर्मा एवं सुश्री पुष्पा वर्मा द्वारा दिया गया। प्रशिक्षकों ने उपस्थित नागरिकों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए नियमित योग अपनाने का संदेश दिया।

सिकोसा में योग से गूंजा विद्यालय परिसर

■ सैकड़ों बच्चों और ग्रामीणों ने लिया स्वास्थ्य एवं अनुशासन का संकल्प

बालोद/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी-अंग्रेजी विद्यालय, सिकोसा में विशेष योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों, ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया।

नेशनल योगा ट्रेनर ने कराया प्रोटोकॉल अनुसार योगाभ्यास

कार्यक्रम में विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती मधु माला कौशल, जो पतंजलि योग समिति अध्यक्ष एवं नेशनल योगा ट्रेनर भी हैं, उनके मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। योग सत्र निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार संपन्न हुआ, जिसमें महिलाओं के लिए विशेष योग गतिविधियां भी आयोजित की गई।योग के विभिन्न आसनों एवं अभ्यासों में शामिल होकर उपस्थित ग्रामीण और बच्चे उत्साहित नजर आए तथा पूरे कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली का संदेश दिया गया।

पतंजलि योग समिति का योग विस्तार अभियान- जानकारी के अनुसार, पतंजलि योग समिति बालोद जिला द्वारा अब तक जिले में 32 स्थानों पर नियमित योग कक्षाएं संचालित की जा चुकी हैं तथा 1200 गांवों में योग शिविर लगाए जा चुके हैं। समिति निशुल्क सेवा के माध्यम से लोगों को योग से जोड़ने का कार्य कर रही है ताकि लोगों के जीवन और दिनचर्या में सकारात्मक परिवर्तन आए तथा अधिक से अधिक लोग योग अपनाकर निरोग जीवन की ओर बढ़ें।

थाना-चौकी व रक्षित केन्द्र परिसर में पौधे रौपकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बेमेतरा/नवप्रदेश/नवप्रदेश। जिले के रक्षित केन्द्र, समस्त थाना/चौकी एवं विभिन्न शाखा परिसरों में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के पश्चात जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने थाना एवं चौकी परिसरों के खाली स्थानों में फूल, फल एवं छायादार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान ÷एक पेड़ माँ के नाम÷ अभियान के तहत भी पौधारोपण किया गया।

डीआईजी रामकृष्ण साहू ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अपने-अपने परिसर को स्वच्छ, हरित एवं आकर्षक बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि फूल, फल, छायादार एवं सजावटी पौधों से न केवल परिसर की सुंदरता बढ़ती है, बल्कि आने वाले फरियादियों को भी सकारात्मक एवं शांत वातावरण का अनुभव होता है। ऐसे पौधे पर्यावरण को स्वच्छ रखने, जलवायु संतुलन बनाए रखने तथा मानसिक तनाव को कम करने में भी सहायक होते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संदेश दिया।

गोडेला के बच्चों ने बोए हरित भविष्य के बीज

■ 500 सीड बॉल बनाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बालोद/नवप्रदेश। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण की दिशा में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला गोडेला के विद्यार्थियों ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए 500 सीड बॉल (बीज गेंद) का निर्माण किया। शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी के मार्गदर्शन में आयोजित इस गतिविधि में बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

घर-घर से जुटाए बीज, तैयार किए हरियाली के बीज बम

इस अभिनव गतिविधि के अंतर्गत विद्यार्थियों ने अपने घरों एवं आसपास के क्षेत्रों से विभिन्न प्रकार के बीज एकत्रित किए। इनमें गुलमोहर, करंज, बबूल, इमली, सीताफल सहित अन्य उपयोगी एवं छायादार वृक्षों के बीज शामिल रहे।

विद्यार्थियों ने मिट्टी और गोबर की सहायता से सीड बॉल तैयार कीं, जिन्हें वर्षा ऋतु के दौरान खाली एवं अनुपयोगी स्थानों पर फेंककर अथवा रोपित कर वृक्षारोपण को बढ़ावा दिया जाएगा। बच्चों में विकसित हो रही प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी-इस पहल का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित करना तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करना है। शिक्षिका प्रतिभा त्रिपाठी ने बताया कि विद्यालय में विगत वर्षों से विद्यार्थियों के सहयोग से लगातार सीड बॉल निर्माण किया जा रहा है। इस गतिविधि के माध्यम से बच्चों को प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता और वृक्षों के महत्व की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त होती है।

विद्यालय परिवार ने की पहल की सराहना

विद्यालय के प्रधान पाठक रमेश कुमार हिरवानी ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता एवं जागरूकता विकसित करने के उद्देश्य से विद्यालय में यह अभियान संचालित किया जा रहा है, जिसका सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल रहा है। इस कार्य में विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई। प्रमुख रूप से लक्ष्मी, सोनम, किरण, खुशबू, लावण्या, मुनेश, रोहन, कौटिल्य, नमन, वैष्णवी, किंजल एवं शौर्य सहित अन्य विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहा।विद्यालय में वर्तमान में भी सीड बॉल निर्माण की प्रक्रिया निरंतर जारी है तथा आगामी दिनों में और अधिक संख्या में सीड बॉल तैयार कर पर्यावरण संरक्षण के इस अभियान को और गति देने की तैयारी की जा रही है। बच्चों की यह पहल बताती है कि छोटी शुरुआत भी आने वाले समय में बड़े बदलाव की नींव बन सकती है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00042 कातुलबोर्ड ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430103500069

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00042 के अंतर्गत ग्राम कातुलबोर्ड के वर्तमान भूमिस्वामी जनार्दन सिंह पिता/पति सहदेव सिंह राजपूत पता भिलाईनगर जिला दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 157/45 (0.0250) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता रीता कुमारी पिता/पति स्व. जनार्दन सिंह पता ग्रासिम विहार रावण बलौदा बाजार, राजेश कुमार पिता/पति स्व. जनार्दन सिंह पता ग्रासिम विहार रावण बलौदा बाजार, राकेश कुमार पिता/पति स्व. जनार्दन सिंह पता ग्रासिम विहार रावण बलौदा बाजार के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.06.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
मामले की श्रेणी-राजस्व
ईश्तहार

संदर्भः जिला दुर्ग तहसील-दुर्ग प.ह.न. 00040 कसारीडीह ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण- आर.डी. 202526430104100112

तहसील दुर्ग के प.ह.न. 00040 के अंतर्गत ग्राम कसारीडीह के वर्तमान भूमिस्वामी माखन पिता/पति घनाराम देवांगन पता कसारीडीह दुर्ग के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 768/410 (0.0080) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता गीता ठाकेर पिता/पति स्व. माखनलाल देवांगन पता 445/2 वार्ड 42 तलवार भवन के पास सुभाष नगर दुर्ग, राजूराम देवांगन पिता/पति स्व. माखनलाल देवांगन पता 445/2 वार्ड 42 तलवार भवन के पास सुभाष नगर दुर्ग, सम्पतलाल देवांगन पिता/पति स्व. माखनलाल देवांगन पता 445/2 वार्ड 42 तलवार भवन के पास सुभाष नगर दुर्ग, के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29.06.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार दुर्ग पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पुर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/ आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11.06.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय प्रमुख अभियन्ता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर
(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https: // eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है -

स. क्र.	सिस्टम निविदा क्रमांक / दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रु.लाख में)
1	193416 प्रथम आमंत्रण 15.06.2026	सरिया में आई.टी.आई. भवन का निर्माण, वा.स.से.फि. विद्युतीकरण एवं पहुंच मार्ग का कार्य।	243.86
2	193418 प्रथम आमंत्रण 15.06.2026	जिला राजनांदगांव के करेठी- भटगुना मार्ग पर स्थित नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	353.59
3	193408 तृतीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला बस्तर के बारसूर-लोहण्डीगुड़ा-जगदलपुर मार्ग के कि.मी. 36/6 मांढेर नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	1098.39
4	193409 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला कांकेर के चारभाठा-मकराटोला मार्ग के कि.मी. 5/4 सिरसिदा नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	856.05
5	193412 छटवां आमंत्रण 15.06.2026	जिला निर्माण समिति मद अंतर्गत छिन्दनार से कौरगांव मार्ग में हान्दावाड़ा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य, जमा मद।	573.01
6	193413 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला महासमुंद के दुरूगपाली फुटगुना मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का मजबूतीकरण पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य।	355.36
7	193414 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	डिंडौरी से चंदियाभाठा मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. का निर्माण कार्य।	371.22
8	193415 तृतीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला कोण्डागांव के पोहमर से जोडेंगा तक मार्ग लंबाई 1.925 कि.मी. पुल-पुलिया सहित डामरीकरण कार्य।	214.32
9	193417 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला जशपुर के खुटसेरा से कोखाटोली (महुआटोली) पहुंच मार्ग लं. 4.20 कि. मी. का पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	479.09
10	193419 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला जशपुर के भडिया मुख्य मार्ग से मल्लिकापाठ पहुंच मार्ग लंबाई 2.20 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	228.46
11	193476 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला दुर्ग के ढौर-मलपुरीखुर्द मार्ग में लोर नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	355.68
12	193446 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला जशपुर के ग्राम बगिया में विश्रामगृह भवन का निर्माण कार्य।	296.13
13	193475 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	शासकीय किरोडीमल स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायगढ में लैब एवं भवन का निर्माण कार्य, वा. स.से.फि. एवं विद्युतीकरण सहित।	988.46
14	193420 चतुर्थ आमंत्रण 15.06.2026	जिला रायगढ़ के जामगांव से कोयलंगा मार्ग के कि.मी. 23/4 पर कुरू नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	534.50
15	193443 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला सूरजपुर वि.ख. भैयाथान के ग्राम पंचायत दर्रीपारा से दलौनी तक मार्ग लंबाई 3.20 कि.मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	347.78
16	193447 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला धमतरी के शासकीय नवीन विधि महाविद्यालय कुरूद का निर्माण कार्य, वॉटर सप्लाई, सेनेटरी, फिटिंग एवं विद्युतीकरण कार्य सहित ।	463.82
17	193449 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला कोण्डागांव के अनंतपुर से करण्डी तक मार्ग लंबाई 3.76 कि. मी. पुल-पुलिया सहित निर्माण कार्य।	375.75
18	193450 द्वितीय आमंत्रण 15.06.2026	जिला जशपुर के पत्थलगांव से सारसमाल बुढागांव लैलूंगा मार्ग पर आमझरिया नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	405.93
19	193502 चतुर्थ आमंत्रण 16.06.2026	जिला महासमुंद के आमाकोनी-चोरभट्ठी मार्ग के कि.मी. 29/4 के फूलढोडगी नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य।	312.21

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 01 से सं.क्र. 02 दिनांक 08.07.2026, स.क्र.03, सं.क्र. 05 स.क्र.08, सं.क्र. 14 स.क्र.19 दिनांक 30.06.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 03.07.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर

जी-262701592/7

स्थायी और निरंतर लोक अदालतः दुर्ग में सदस्यों की नियुक्ति से जनोपयोगी प्रकरणों के निराकरण को मिलेगी नई गति

दुर्ग/नवप्रदेश। आम नागरिकों को सुलभ, त्वरित एवं प्रभावी न्याय उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएं), दुर्ग में रिक्त पड़े सदस्यों के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है। अब दो सदस्यों की नियुक्ति होने से जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित प्रकरणों की नियमित सुनवाई पुनः सुचारू रूप से प्रारंभ हो सकेगी।

श्रीमती सुषमा लकड़ा, अध्यक्ष, स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएं), दुर्ग ने बताया कि इस व्यवस्था का उद्देश्य जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों का त्वरित, सस्ता एवं सौहार्दपूर्ण निराकरण सुनिश्चित करना है, जिससे आम नागरिकों को न्यायालयीन प्रक्रिया की जटिलताओं एवं अनावश्यक विलंब से राहत मिल सके।

उल्लेखनीय है कि स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत का गठन विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 22-बी (स्द्गष्ह्लद्बश्ठ्ठ 22-क्च) के अंतर्गत किया गया है। जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित विवादों के निराकरण के लिए इस अधिनियम की धारा 22-ए से 22-ई तक विशेष प्रावधान किए गए हैं। यह मंच नागरिकों को न्यायालयीन प्रक्रिया की जटिलताओं एवं अनावश्यक विलंब से बचाते हुए सरल, सुलभ एवं कम खर्चीला न्याय प्रदान करता है।

सदस्यों के पद रिक्त होने के कारण जनोपयोगी प्रकरणों की नियमित सुनवाई प्रभावित हो रही थी। अब दो सदस्यों की नियुक्ति से स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत, दुर्ग पूर्ण क्षमता के साथ कार्य कर सकेगी, जिससे प्रकरणों की नियमित सुनवाई एवं त्वरित निराकरण सुनिश्चित होगा तथा नागरिकों को समयबद्ध न्याय प्राप्त हो सकेगा।

स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत में विद्युत, जल प्रदाय, डाक, दूरसंचार, सार्वजनिक परिवहन, स्वच्छता, अस्पताल, बीमा सेवाएं, आवास एवं अचल संपत्ति विकास (बिल्डर) संबंधी सेवाएं तथा कॉलोनी/हाउसिंग प्रोजेक्ट से संबंधित विवादों का निराकरण किया जाता है। बिल्डरों द्वारा कॉलोनी विकास, भूखंड अथवा आवासीय इकाइयों के हस्तांतरण, मूलभूत सुविधाओं के विकास, रखरखाव तथा अन्य सेवा-संबंधी विवाद भी विधि अनुसार विचारणीय हो सकते हैं। इस मंच की विशेषता यह है कि यहां विवादों के समाधान के लिए पहले पक्षकारों के मध्य सौहार्दपूर्ण समझौते का प्रयास किया जाता है तथा समझौता नहीं होने की स्थिति में लोक अदालत द्वारा विधि अनुसार निर्णय भी पारित किया जा सकता है। स्थायी लोक अदालत का निर्णय संबंधित पक्षों पर बाध्यकारी होता है। श्रीमती सुषमा लकड़ा, अध्यक्ष, स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत (जनोपयोगी सेवाएं), दुर्ग ने कहा कि सदस्यों की नियुक्ति से न केवल संस्थान की कार्यक्षमता में वृद्धि होगी, बल्कि आमजन में न्याय व्यवस्था के प्रति विश्वास भी और अधिक सुदृढ़ होगा। यह पहल नागरिकों को उनके अधिकारों की रक्षा हेतु एक प्रभावी एवं सुलभ मंच उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण सिद्ध होगी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा आम नागरिकों से अपील की गई है कि जनोपयोगी सेवाओं से संबंधित किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति में स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत, दुर्ग का लाभ उठाएं तथा त्वरित, सस्ता एवं प्रभावी न्याय प्राप्त करें। यह व्यवस्था न्याय तक समान पहुंच सुनिश्चित करने तथा विवादों के सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

न्यूज गैलरी

छत्रपति शिवाजी पर भावी संगोष्ठी और परीक्षा शीघ्र

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में शनिवार की देर शाम सचिव चेतन गोविंद दंडवते के नेतृत्व में महाराष्ट्र से पधारे छत्रपति शिवाजी महाराज विषय विशेषज्ञों से मंडल के पदाधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मपूर्व सामाजिक व राजनीतिक परिस्थितियों, उनके जन्म के पश्चात किए गए संघर्षों, युद्धनीति, नेतृत्व क्षमता, रणनीतिक दूरदृष्टि व हिंदवी स्वराज्य की स्थापना के लिए किए गए त्याग, पराक्रम और ऐतिहासिक योगदान को जन-जन तक पहुंचाना था। बैठक में शिवाजी महाराज को लेकर महाराष्ट्र मंडल व संत ज्ञानेश्वर स्कूल सहित विभिन्न शालाओं में भावी संगोष्ठी व स्पर्धाओं के संदर्भ में सविस्तार चर्चा की गई। बैठक में शामिल मंडल के पदाधिकारियों व महाराष्ट्र से आए शिवाजी महाराज विषय विशेषज्ञों को उम्मीद है कि अगली बैठक में विभिन्न आयोजनों को अंतिम रूप दिया जा सकेगा। शिवाजी महाराज विषय विशेषज्ञों ने बताया कि वाट्सएप, गूगल जैसे कई सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर छत्रपति शिवाजी महाराज के बारे में कथित तौर पर कई भ्रामक, गलत और तथ्यविहीन जानकारियां दी हैं। ऐसे में युवा पीढ़ी को शिवाजी महाराज की जीवनी, उनके व्यक्तित्व और हिंदवी स्वराज के लिए किए गए उनके संघर्ष की वास्तविक व प्रामाणिक जानकारी मिलनी चाहिए। इसी उद्देश्य को लेकर हम महाराष्ट्र से बाहर आकर विभिन्न प्रदेशों में लोगों, खासकर बच्चों और युवाओं को वैचारिक संगोष्ठी में न केवल शिवाजी महाराज की तथ्यात्मक ज्ञानवर्धक जानकारी दे रहे हैं, बल्कि विभिन्न स्तर की परीक्षओं के माध्यम से उनके ज्ञान की परीक्षा भी ले रहे हैं।

विश्व योग दिवस पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग में योग कार्यक्रम

दुर्ग/रायपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा प्लान ऑफएक्शन के तहत जारी वार्षिक कैलेन्डर के अनुसार माननीय मुख्य न्यायाधिपति/मुख्य संरक्षक छ0ग0 उच्च न्यायालय श्री रमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में दिनांक 21 जून 2026 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायालय दुर्ग के नवीन सभागार में एक विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा विधिक सेवाओं के प्रति नागरिकों को जागरूक करना था।

कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः समय 07:00 बजे हुई, जिसमें प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ जिला न्यायालय के समस्त सम्मानीय न्यायाधीशगण, समस्त अधिवक्तागण, प्राधिकरण के सचिव, लीगल एड डिफेंस काउंसिल सिस्टम के काउंसिल, न्यायालयीन कर्मचारीगण, प्राधिकरण के कर्मचारीगण तथा पैरालीगल वालंटियर्स उपस्थित हुए। उक्त योग कार्यक्रम में सम्मिलितजनों को योगासन सिखाए जाने के लिए आर्ट ऑफलिविंग भिलाई के मास्टर ट्रेनर को योग प्रशिक्षक के रूप में विशेष रूप से आमंत्रित किया गया था। योग गुरू/प्रशिक्षक द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों, प्राणायाम तथा ध्यान तकनीकों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम के दौरान योग के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक लाभों पर प्रकाश डाला गया। मास्टर ट्रेनर के द्वारा उपस्थितजनों को योग के विभिन्न योगासन सिखाते हुए योग से होने वाले लाभों की जानकारी देकर तकनीक के साथ योगासन का अभ्यास करना सिखाया गया एवं बताया गया कि उक्त सिखाये गये अभ्यास का दिन-प्रतिदिन अभ्यास नियमित रूप से करने से स्वस्थ व निरोगी शरीर प्राप्त कर सकते हैं, योग शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक रूप से भी उपयोगी है, इससे शरीर लचीला बना रहता है तथा इस तनाव भरे जीवन में तनाव रहित जीवन जीने की कला योग से ही संभव है। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ÷योग न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है, बल्कि यह हमें आत्म-अनुशासन, मानसिक संतुलन और सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने में भी सहायता करता है। अंत में कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग के सचिव उमेश कुमार भागवतकर ने कहा कि योग को दैनिक जीवन में अपनाकर हम तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं।

हिंदी भाषा की गंगोत्री हैं माधवराव सप्रे : गिरीश

- **महाराष्ट्र मंडल के छत्रपति शिवाजी सभागृह में आयोजित पं. सप्रे जयंती को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार ने दी कई अहम जानकारी**

रायपुर/नवप्रदेश। सन् 1900 में छत्तीसगढ़ के पेंड्रा जैसे दूरस्थ क्षेत्र से हिंदी भाषा की पत्रिका 'छत्तीसगढ़ मित्र' निकालने वाले पं. माधवराव सप्रे की पत्रकारिता शुद्धता, पवित्रता और शुचिता की प्रतीक थी। उन्होंने बेहद विपरीत परिस्थितियों में भले ही मात्र तीन वर्ष 'छत्तीसगढ़ मित्र' का प्रकाशन किया हो। दरअसल माधवराव सप्रे हिंदी भाषा की गंगोत्री हैं। उनसे प्रभावित होकर कई साहित्यकारों और पत्रकारों ने लेखन किया। महाराष्ट्र मंडल के य.गो. जोगलेकर स्मृति शिवाजी महाराज सभागृह में आयोजित पं. सप्रे जयंती पर विशिष्ट अतिथि की आसंदी से वरिष्ठ पत्रकार गिरीश पंकज ने इस आशय के विचार व्यक्त किए।

गिरीश ने कहा कि माधवराव सप्रे बेहद दूरदृष्टि वाले पत्रकार थे। 100 साल पहले उन्होंने छत्तीसगढ़ की परिकल्पना कर 'छत्तीसगढ़ मित्र' निकाला। इसी तरह 20वीं सदी के शुरुआती वर्षों में ही माधवराव सप्रे ने अंग्रेजों के खिलाफ अपनी पत्रकारिता में सबसे पहले बायकाट का नारा बुलंद किया था। उसके कई दशकों के बाद महात्मा गांधी ने इसी नारे को आगे बढ़ाया था। कालजयी कविता 'पुष्प की अभिलाषा' के रचयिता माखनलाल चतुर्वेदी उनके सानिध्य में ही चमके और उन्होंने 'कर्मवार' पत्रिका का प्रकाशन किया। पं. सप्रे की महत्वपूर्ण विशेषता का उल्लेख करते हुए गिरीश पंकज ने कहा कि माधवराव सप्रे की अनुवाद शैली सर्वोत्कृष्ट थी। मराठी के सुप्रसिद्ध 'दासबोध' से लेकर लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े कई महत्वपूर्ण लेख का उन्होंने हिंदी में अनुवाद किया। जिसका स्वतंत्रता संग्राम के संदर्भ में युवाओं पर गहरा असर हुआ।

वरिष्ठ साहित्यकार डा. सुशील त्रिवेदी ने कहा कि पं. माधवराव सप्रे की पत्रकारिता स्वदेश, स्वदेशी और स्वभाषा के लिए थी। वे 'छत्तीसगढ़ मित्र' के माध्यम से भी शिक्षा, महिला उत्थान और उत्कृष्ट चिकित्सा व्यवस्था के पक्षधर थे। पं. सप्रे की दूरदृष्टि पर टिप्पणी करते हुए डा. त्रिवेदी ने कहा कि हाल ही में टाइम्स ऑफ इंडिया ने देश की पहली महिला डॉक्टर आनंदी बाई पर पूरा एक पेज निकाला। जबकि साल 1902 में सप्रे जी ने 'छत्तीसगढ़ मित्र' में यह काम पहले ही कर लिया था।

पं. सप्रे की एक और विशेषता पर चर्चा करते हुए डा. त्रिवेदी ने बताया कि एक बार भारत देश की अर्थ व्यवस्था पर उन्होंने काफी कुछ लिखा, लेकिन अपने ही लिखे लेख से वे संतुष्ट व सहमत नहीं थे, जबकि यही लेख महावीर प्रसाद द्विवेदी के हाथों में लगा, तो उन्होंने इसमें किंचित सुधार कर इसे प्रकाशित कर दिया। भारत देश के इतिहास में अर्थशास्त्र की पहली पुस्तक होने का दर्जा प्राप्त है। पं. माधवराव की पत्रकारिता सत्य समाचार, शुद्ध भाषा के साथ लिखा गया समाचार और राष्ट्रहित को ध्यान में रखकर लिखा गया समाचार पर आधारित थी।

अपने संक्षिप्त अध्यक्षीय उद्बोधन में मंडल अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि डा. सुधीर शर्मा की लिखी पुस्तक 'व्यक्तित्व विकास में पं. माधवराव सप्रे की भूमिका' के कवर पेज पर पंडित सप्रे की सुक्ति 'व्यक्ति का विकास, समाज का विकास और समाज का विकास राष्ट्र के विकास से है' महाराष्ट्र मंडल के लिए गत 91 वर्षों से प्रेरक रहा है। मंडल भी व्यक्ति विकास पर ही जोर देता है। क्योंकि इसी से समाज का विकास निर्भर है और समाज के विकास से राष्ट्र का विकास। पं. सप्रे का व्यक्तित्व हमें अपनी युवा पीढ़ी, अपने समाज और अपने देश के लिए संघर्ष करना सिखाता है। महाराष्ट्र मंडल, छत्तीसगढ़ मित्र और छत्तीसगढ़ साहित्य व संस्कृति संस्थान रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में पं. सप्रे जयंती समारोह में मंच का संचालन डॉ. सुधीर शर्मा और आभार प्रदर्शन रविंद्र ठेंगड़ी ने किया।

भाजपा से जुड़े गांधी परिवार पर एक बार फिर बड़ा आरोप

- **कर्ज के बदले किसानों की जमीन हड़पी, 12 साल से न्याय का इंतजार करते किसान मांगेंगे इच्छा मृत्यु**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। जिले के डोंगरगांव, छुरिया, मोहला और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों ने एक बार फिर जमीन हड़पने के कथित मामले को उठाते हुए प्रशासन और सरकार से हस्तक्षेप की मांग की है। किसानों का आरोप है कि वर्ष 2008-09 में जरूरत के समय उन्होंने निजी साहूकारों से कर्ज लिया था, जिसे बाद में ब्याज सहित चुका दिया गया। इसके बावजूद उनकी कृषि भूमि को अमित गाँधी और सुमित गाँधी ने दबाव, धमकी और मारपीट कर फर्जी रजिस्ट्री करा ली गई। किसानों ने आरोप लगाया है कि कई वर्षों से शिकायतों और जांच रिपोर्टों के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिल सका है। किसानों का कहना है कि उनकी जमीन पर आज भी उनका ही कब्जा है, जबकि दस्तावेजों में नामांतरण दूसरे लोगों के नाम पर दर्ज है।

तहसील जांच में भी गंभीर टिप्पणियां : दस्तावेजों के अनुसार, वर्ष 2014 में तहसीलदार छुरिया ने जांच प्रतिवेदन तैयार कर किसानों की शिकायतों को गंभीर मानते हुए संबंधित पक्ष के खिलाफ कठोर कार्रवाई और जमीन वापस कराने की अनुशंसा की थी। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख है कि किसानों ने दबाव, धमकी और इच्छा के विरुद्ध रजिस्ट्री कराए जाने की बात कही थी। किसानों का आरोप है कि पुलिस में शिकायत और जिला प्रशासन को कई बार आवेदन देने के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद मामला व्यवहार न्यायालय तक पहुंचा, लेकिन कई प्रकरण अब भी लंबित बताए जा रहे हैं।

किसानों के आरोप : रात में बुलाकर कराई गई रजिस्ट्री- पीड़ित किसानों का आरोप है कि उन्हें डोंगरगांव के पुराने थाने के पास स्थित एक निजी मकान में रात के समय बुलाया जाता था और वहां कोरे स्टांप पेपर व अन्य दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए जाते थे। कुछ किसानों ने मारपीट, जान से मारने की धमकी और ट्रैक्टर छीन लेने जैसे आरोप भी लगाए हैं। दस्तावेजों में कई किसानों ने यह भी कहा है कि उन्होंने मूलधन और ब्याज चुका दिया था, लेकिन गिरवी रखे गए दस्तावेज वापस नहीं किए गए और बाद में जमीन की रजिस्ट्री दूसरे नामों पर कर दी गई।

आदिवासी जमीनों को लेकर भी सवाल- किसानों ने आरोप लगाया है कि कुछ मामलों में आदिवासी किसानों की कृषि भूमि भी अन्य लोगों के नाम दर्ज कर दी गई। उन्होंने इसकी वैधानिकता पर सवाल उठाते हुए मामले की स्वतंत्र जांच की मांग की है।

पीएमश्री भरत देवांगन विद्यालय में योग दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

खरोरा/नवप्रदेश। पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा में दिनांक 21 जून 2026 को 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया गया। विद्यालय के व्यायाम शिक्षक एवं योग प्रशिक्षक योगेंद्र त्रिपाठी ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमुदाय को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया। उन्होंने ताड़ासन, वृक्षासन, पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन, शवासन, सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न योग क्रियाओं एवं प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनके शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन एकाग्र एवं जीवन संतुलित रहता है तथा योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज संपूर्ण विश्व अपना रहा है।

पेज 1 का शेष...

70 की उम्र में 50...

यानी बढ़ती उम्र के लिए योग है। इस थीम का मकसद यह बताना है कि योग सिर्फ फिटनेस का माध्यम नहीं, बल्कि उम्र बढ़ने के साथ शरीर, मन और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने का भी तरीका है।

योग को दिनचर्या का...

योगाभ्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि योग भारत की सनातन ऋषि परंपरा का अमूल्य उपहार है, जिसने आज संपूर्ण विश्व को स्वस्थ, संतुलित और शांतिपूर्ण जीवन का मार्ग दिखाया है।

उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के बीच सामंजस्य स्थापित करने वाली जीवन पद्धति है, जो व्यक्ति को आत्मबल, अनुशासन, सकारात्मक ऊर्जा और जीवन के प्रति संतुलित दृष्टिकोण प्रदान करती है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ आयु के लिए योग' वर्तमान समय की आवश्यकता को प्रतिबिंबित करती है। तेजी से बदलती जीवनशैली, बढ़ते तनाव और स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों के बीच योग प्रत्येक आयु वर्ग के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा का सबसे सरल और प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को शारीरिक रूप से सक्रिय, मानसिक रूप से सजग और भावनात्मक रूप से संतुलित बनाए रखता है। उन्होंने कहा कि स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज और विकसित राष्ट्र की आधारशिला होता है, इसलिए योग को केवल एक आयोजन तक सीमित न रखकर जीवन का हिस्सा बनाना होगा।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और सतत प्रयासों से योग को वैश्विक पहचान मिली है। वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र महासभा में भारत द्वारा रखे गए प्रस्ताव को रिकॉर्ड समय में व्यापक समर्थन प्राप्त होना इस बात का प्रमाण है कि विश्व ने भारतीय ज्ञान परंपरा और योग की उपयोगिता को स्वीकार किया है। आज 21 जून को पूरी दुनिया जिस उत्साह से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मना रही है, वह भारत की सांस्कृतिक विरासत और वैश्विक नेतृत्व का गौरवशाली उदाहरण है।

नीट री-एग्जाम, एक-दो...

है। 3 मई को हुई परीक्षा में पेपर लीक के आरोप लगे थे, जिसकी जांच हो रही है।

रायपुर में एग्जाम सेंटर के...

गया, लेकिन बायोमेट्रिक सत्यापन के दौरान उसे यह कहकर वापस भेज दिया गया कि उसके एडमिट कार्ड में परीक्षा केंद्र दूसरा दर्ज है। बताया जा रहा है कि छात्र करीब 10 से 15 मिनट तक केंद्र के अंदर रहा, जिसके बाद उसे बाहर आने के लिए कहा गया। इस वजह से छात्र एग्जाम नहीं दे पाया। इसके अलावा जगदलपुर के पीजी कॉलेज के बाहर नीट पेपर लीक मामले को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ता विरोध प्रदर्शन करने पहुंचे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की, जिसके बाद कार्यकर्ताओं और पुलिस जवानों के बीच जमकर धक्का-मुक्की हुई। मौके पर कुछ देर तक तनाव की स्थिति बनी रही।

सुरक्षा जांच और दस्तावेज सत्यापन की प्रक्रिया में लगभग आधा घंटा लग रहा था। स्टूडेंट्स को गाइड करने के लिए अनाउंसमेंट किया गया, ताकि अभ्यर्थी किसी भी तरह की जल्दबाजी या परेशानी से बचने के लिए समय रहते परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर लें।

रायपुर के एक सेंटर में छात्रा की चप्पलें बदलवाई गई। जगदलपुर, दुर्ग और अन्य जिलों में भी सख्ती से जांच कर स्टूडेंट्स को अंदर प्रवेश दिया गया। स्टूडेंट्स ने कहा कि दोबारा परीक्षा होने से वे स्ट्रेस में हैं। वहीं कुछ सेंटर्स पर पेरेंट्स के लिए कोई सुविधा नहीं की गई। परिजन धूप में इंतजार करते नजर आए।

जल, जंगल और जमीन...

कुछ देर विश्राम के बाद हॉल में आए। उन्होंने एक-एक जिलाध्यक्ष से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद अपना उद्बोधन दिया। इस मौके पर प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट, प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज और डॉ. चरणदास महंत भी मौजूद रहे।

राहुल गांधी ने जिलाध्यक्षों को कार्यकर्ताओं को साथ लेकर गुटबाजी से दूर रहने की सलाह दी। उन्होंने प्रदेश में जल, जंगल और जमीन के विषयों को प्रमुखता से उठाने के लिए कहा। राहुल गांधी से पहले प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने जिलाध्यक्षों को संबोधित किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं को महत्व और सम्मान देने की सलाह दी।

सचिन पायलट ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार के खिलाफ वातावरण बना है और इसका लाभ उठाने की जरूरत है। उन्होंने गुटबाजी से परे मिल-जुलकर काम करने का आह्वान किया। प्रशिक्षण प्रभारी सचिन राव ने अपनी टीम के साथ शिविर में जिलाध्यक्षों को प्रशिक्षण दिया। रविवार को योगाभ्यास के साथ शिविर की औपचारिक शुरुआत हुई। शिविर का समापन 29 जून को होगा।

उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व...

टाइगर रिजर्व में इस दुर्लभ जीव का दिखाई देना इस बात का प्रमाण है कि यहां के वन क्षेत्र विभिन्न वन्यजीव प्रजातियों के लिए अनुकूल और सुरक्षित आवास प्रदान कर रहे हैं। वन विभाग द्वारा किए जा रहे संरक्षण और संवर्धन के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम अब दुर्लभ जीवों की उपस्थिति के रूप में सामने आ रहा है।

विशेषज्ञों के अनुसार भारतीय विशाल उड़न गिलहरी मुख्य रूप से रात्रिचर प्राणी है और दिन के समय वृक्षों की खोखलों या घने पत्तों के बीच विश्राम करती है। इसकी गतिविधियों को देख पाना अत्यंत दुर्लभ माना जाता है। ऐसे में इसका वीडियो रिकॉर्ड होना वन्यजीव अध्ययन और संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण उपलब्धि है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व पहले से ही बाघ, तेंदुआ, भालू, जंगली कुत्ता, विभिन्न प प्रजातियों तथा दुर्लभ वनस्पतियों के लिए जाना जाता है। अब भारतीय विशाल उड़न गिलहरी की उपस्थिति ने इस संरक्षित क्षेत्र की जैव विविधता को और अधिक समृद्ध एवं विशिष्ट बना दिया है। वन्यजीव विशेषज्ञों का मानना है कि इस प्रकार की दुर्लभ प्रजातियों का संरक्षण न केवल प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए आवश्यक है, बल्कि पर्यावरणीय जागरूकता और प्रकृति पर्यटन को भी नई दिशा प्रदान करता है। उदंती-सीतानदी टाइगर रिजर्व में भारतीय विशाल उड़न गिलहरी का दिखाई देना छत्तीसगढ़ की समृद्ध प्राकृतिक विरासत और सफल वन्यजीव संरक्षण प्रयासों का एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

वैभव सूर्यवंशी की...

दिया। 378 रन का पीछा करने उतरी श्रीलंका-ए की शुरुआत खराब रही। टीम के लिए वनुजा सहान ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। सदीरा समरविक्रमा ने 52 रन की पारी खेली। भारत-ए के लिए यश ठाकुर और विप्रज निगम ने 3-3 विकेट लिए।

व्यापार और निवेश के बदलते तरीकों से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में आई तेजी

नईदिल्ली। दुनिया में जैसे-जैस अमीर लोग अपने रहने, निवेश और व्यापार करने के लिए जगह को अलग-अलग तरीके से बदल रहे हैं, विदेशी बाजारों में (अंतराराष्ट्रीय मोबाइल कैपिटल) किए जाने वाले वित्तीय निवेश के लिए वैश्विक प्रतिस्पर्धा में तेजी आई है.

2026 में, सिंगापुर, इटली, स्विट्जरलैंड, ग्रीस, हांगकांग और न्यूजीलैंड जैसे देश हाई-नेट-वर्थ वाले लोगों के लिए अपनी अपील बढ़ा रहे हैं. जबकि यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, फ्रांस, नॉर्वे और साउथ कोरिया जैसे देशों पर टैक्स सुधारों, नीति में अनिश्चितता और निवेशकों की बदलती सोच का दबाव बढ़ रहा है.

रिपोर्ट के अनुसार, ग्लोबल वेल्थ मोबिलिटी अब सिर्फ कर अनुकूलन या लाइफस्टाइल पसंद से नहीं चलती है. इसके बजाय, अमीर परिवार लंबे समय की रणनीति अपना रहे हैं, जिससे वे अपने घरों, नागरिकता, बिजनेस और निवेश को कई जगहों पर फैला सकें, ताकि लचीलापन और मौकों तक पहुंच बेहतर हो सके.

इस साल वेल्थ माइग्रेशन (धन प्रवास) को आकार देने के लिए दो बड़े विकास की उम्मीद है. अमेरिका मे, जो दुनिया का सबसे बड़ा वेल्थ क्रिएशन इंजन है, दूसरे घरों और नागरिकता के ऑप्शन की डिमांड बढ़ गई है, क्योंकि अमीर अमेरिकी ज्यादा अंतरराष्ट्रीय विविधीकरण चाहते हैं. इस बीच, मिडिल ईस्ट में भू-राजनीतिक तनाव ने खाड़ी देशों, खासकर संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले बाहर के निवेशकों को इमरजेंसी प्लानिंग को मजबूत करने और अतिरिक्त गतिशीलता विकल्प लेने के लिए प्रेरित किया है, भले ही वे अपनी क्षेत्रीय उपस्थिति बनाए रखें.रिपोर्ट में बताया गया है कि 2026 के पहले पांच महीनों में, हेनले एंड पार्टनर्स ने 47 निवेश प्रवास कार्यक्रम में 86 देशों के लोगों के आवेदन प्रक्रिया किए, जिनमें से 28 फीसदी से ज्यादा उम्मीदवार पहले से ही अपने देश के बाहर रह रहे थे. यह एक बढ़ते ट्रेंड को दिखाता है जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमीर परिवार एक ही क्षेत्राधिकार पर निर्भर रहने के बजाय कई देशों में अपने निजी और वित्तीय मामलों को व्यवस्थित करते हैं.2026 की रिपोर्ट में एक खास इनोवेशन ग्लोबल वेल्थ मोबिलिटी फ्रेमवर्क का परिचय है. सिर्फ प्रवास प्रवाह पर फोकस करने के बजाय, यह फ्रेमवर्क कराधान कानूनी निश्चितता, राजनीतिक स्थिरता, निवेशक प्रवास जीवन का अधिकार, परिवार शामिल करने की नीतियां और पूंजीगत गतिशीलता सहित 12 संरचनात्मक कारक के आधार पर देशों का मूल्यांकन करता है. इसके नतीजे में मिलने वाला धन गतिशीलता प्रतिस्पर्धात्मकता स्कोर यह बताता है कि कौन से क्षेत्राधिकार लंबे समय में उद्यमी, निवेशक और अमीर परिवारों को अट्रैक्ट करने के लिए सबसे अच्छी स्थिति में हैं।

न्यूज गैलरी

जियो फोन पर बातचीत के दौरान एआई कॉल एजेंट की मिलेगी सुविधा

मुंबई। रिलायंस जियो कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के क्षेत्र में बड़ा कदम उठाने जा रही है। जियो के चैयरमैन आकाश अंबानी ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की 49वीं वार्षिक आम बैठक में बताया कि कंपनी जियो कॉल एजेंट की शुरूआत करेगा, जो जियो नेटवर्क में एकीकृत एक एआई -संचालित वॉयस असिस्टेंट है। उन्होंने बताया कि यह सेवा बिना ऐप डाउनलोड किए या अलग नंबर लिए काम करेगी और सभी भारतीय भाषाओं का समर्थन करेगी। बातचीत के दौरान यह हे जियो से सक्रिय होगा।जियो फोन में कॉल एजेंट को फोन कॉल के दौरान केवल हे जियो कहकर सक्रिय कर सकते हैं। एआई एजेंट कॉल को ट्रांसक्राइब कर सकता है, कॉन्फ्रेंस कॉल में 10 वक्ताओं की पहचान कर सकता है, सारांश, रिमाइंडर और एक्शन आइटम तैयार कर सकता है। लाइव कॉल के दौरान यह कैब बुक करना, खाना ऑर्डर करना, रेस्टोरेंट में टेबल रिजर्व करना और मीटिंग शेड्यूल कर सकता है। इसे जियो के 50 करोड़ से अधिक ग्राहकों के लिए शुरू किया जाएगा।आकाश ने बैठक में कहा, हम जो बना रहे हैं वह भारत के लिए, भारत द्वारा निर्मित एआई है और एक दिन यह पूरी दुनिया की सेवा करेगा। आकाश ने कॉल एजेंट के अलावा, जियो ने मायजियो ऐप में भी बड़े बदलाव की घोषणा की है।

एक्सेंचर की किस चेतावनी से बाजार में मचा हड़कंप? निवेशकों के रुपये डूबे

नईदिल्ली। भारतीय शेयर बाजार में शुक्रवार को आईटी शेयरों में भारी बिकवाली देखने को मिल रही है। बाजार खुलने के कुछ ही मिनटों में निवेशकों की करीब 2 लाख करोड़ रुपये की संपत्ति घट गई। सेंसेक्स में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण लगभग 477 लाख करोड़ रुपये से घटकर 475 लाख करोड़ रुपये पर आ गया। आईटी शेयरों में आई इस तेज गिरावट की मुख्य वजह वैश्विक टेक कंपनी एक्सेंचर का कमजोर आउटलुक को लेकर जताई गई चिंता रही। आईटी शेयरों में गिरावट की शुरुआत एक्सेंचर के नए अनुमान के बाद हुई। कंपनी ने पूरे साल के लिए अपने राजस्व वृद्धि अनुमान की ऊपरी सीमा को 5 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया। साथ ही, चौथी तिमाही के लिए भी उम्मीद से कम राजस्व का अनुमान दिया गया। कंपनी ने कहा कि मिडिल ईस्ट में जारी भू-राजनीतिक तनाव का उसके कारोबार पर असर पड़ा है और आने वाले समय में भी इसका दबाव बना रह सकता है। एक्सेंचर ने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) को लेकर दुनियाभर में उत्साह बढ़ा है, लेकिन कंपनियां खर्च बढ़ाने से बच रही हैं। ग्राहक नए बजट जारी करने के बजाय अपने मौजूदा खर्च को ही एआई प्रोजेक्ट्स में लगा रहे हैं। कंपनी की आउटसोर्सिंग बुकिंग में भी सालाना आधार पर 15 प्रतिशत की गिरावट आई। इससे निवेशकों को आशंका हुई कि भारतीय आईटी कंपनियों को भी आने वाली तिमाहियों में कमजोर मांग और धीमी वृद्धि का सामना करना पड़ सकता है।

आईटी शेयरों में आज क्यों देखने को मिल रही बड़ी गिरावट?

मुंबई। भारतीय शेयर बाजार में आज सुबह-सुबह आईटी सेक्टर के शेयरों में भारी गिरावट देखने को मिल रही है। बाजार खुलने के कुछ ही देर बाद निफ्टी आईटी इंडेक्स करीब 6.5 प्रतिशत तक टूट गया, जबकि निफ्टी 50 में लगभग 1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। आईटी कंपनियों के शेयरों में अचानक आई इस बिकवाली से निवेशकों की चिंता बढ़ गई है। इसके पीछे वैश्विक आईटी मांग को लेकर बढ़ती चिंताएं मुख्य वजह मानी जा रही है। आईटी शेयरों में गिरावट की सबसे बड़ी वजह ग्लोबल टेक कंपनी एक्सेंचर का कमजोर आउटलुक रहा। कंपनी ने पूरे साल के लिए अपने रेवेन्यू ग्रोथ अनुमान के ऊपरी स्तर को 5 प्रतिशत से घटाकर 4 प्रतिशत कर दिया है। साथ ही, उसने चौथी तिमाही के लिए भी उम्मीद से कम रेवेन्यू का अनुमान दिया। इसके बाद निवेशकों को लगने लगा कि दुनियाभर में टेक्नोलॉजी सेवाओं की मांग धीमी पड़ सकती है, जिससे आईटी कंपनियों पर दबाव बढ़ गया। कमजोर संकेतों का असर भारतीय आईटी कंपनियों पर साफ दिखाई दे रहा है।

रूस की दिग्गज कंपनी रोसनेफ्ट के साथ भारत की बातचीत

नई दिल्ली। भारत और रूस मिलकर एक ऐसा बड़ा कदम उठाने जा रहे हैं, जिससे पूरी दुनिया के बाजार में चीन का दबदबा कम हो जाएगा. भारत सरकार की कंपनी इंडियन रेयर अर्थ्स लिमिटेड रूस की मशहूर तेल कंपनी रोसनेफ्ट के साथ मिलकर साइबेरिया के जंगलों में छिपे एक विशाल खनिज खजाने पर काम करने के लिए गुप्त बातचीत कर रही है. रूस ने भारत को अपने सबसे बड़े तोमतोर खनिज भंडार में हिस्सेदारी देने का ऑफर दिया है.

रूस के याकुतिया इलाके में स्थित तोमतोर भंडार दुनिया का सबसे बड़ा और अनोखा खनिज क्षेत्र माना जाता है. यहाँ रेयर अर्थ एलिमेंट्स यानी दुर्लभ खनिज भारी मात्रा में मौजूद हैं. ये ऐसे खनिज हैं जो आज की आधुनिक दुनिया को चलाने के लिए सबसे जरूरी हैं. लेकिन अभी तक इस जगह से खुदाई शुरू नहीं हुई है. साल 2025 में रूस सरकार ने इसकी जिम्मेदारी अपनी सबसे बड़ी कंपनियों में से एक, रोसनेफ्ट को सौंपी थी, जिसकी कुल कीमत 4 लाख करोड़ रुपये से भी ज्यादा है.आज पूरी दुनिया में इन खास खनिजों के बाजार पर चीन का कब्जा है. मोबाइल फोन, कंप्यूटर, मिसाइल और सबसे खास तौर पर इलेक्ट्रिक गाड़ियों की मोटर बनाने के लिए ये खनिज बहुत जरूरी हैं. चीन अक्सर दूसरे देशों को दबाने के लिए इन खनिजों के एक्सपोर्ट पर रोक लगा देता है. भारत अपनी फैक्ट्रियों को चीन के इस खतरे से बचाने के लिए रूस के साथ यह सौदा कर रहा है.समझौते के मुताबिक, रूस के इस तोमतोर भंडार से कच्चे पत्थरों और खनिजों को निकाला जाएगा. रूस में ही इसकी पहली सफाई (प्रारंभिक प्रोसेसिंग) की जाएगी. इसके बाद इन सैंपल्स को भारत भेजा जाएगा, जहाँ भारतीय वैज्ञानिक और एक्सपर्ट्स इसकी बारीकी से जांच करेंगे. जांच सफल होने पर दोनों देश मिलकर बड़े पैमाने पर काम शुरू करेंगे.भारत सरकार देश के अंदर ही इन खनिजों से हाई-टेक मैग्नेट (चुंबक) बनाने के लिए करीब 6,500 करोड़ रुपये (771 मिलियन) की एक बड़ी योजना पर काम कर रही है. इसके साथ ही भारतीय कंपनियां केवल रूस ही नहीं, बल्कि अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और अफ्रीका के मलावी जैसे देशों में भी नए खदानों की तलाश कर रही हैं ताकि भारत को कभी भी कच्चे माल की कमी न हो।

बजट बनाना हुआ आसान, आपके पैसों का हिसाब रखेंगे ये एआई टूल

नईदिल्ली। पैसों का सही प्रबंधन कई लोगों के लिए चुनौतीपूर्ण काम होता है, लेकिन आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित टूल्स ने इसे काफी आसान बना दिया है। ये टूल खर्चों का रिकॉर्ड अपने आप रखते हैं, यह बताते हैं कि पैसा कहां खर्च हो रहा है और बचत के बेहतर तरीके भी सुझाते हैं। साल 2026 में वाईएनबी (यू नीड अ बजट), कोपायलट मनी, क्लिओ, रॉकेट मनी और गूगल जेमिनी या चैटजीपीटी जैसे टूल तेजी से लोकप्रिय हो रहे हैं।

वाईएनबी यानी यू नीड अ बजट एक ऐसा ऐप है, जो हर रुपये को किसी खास काम के लिए तय करने की सलाह देता है। इसकी मदद से लोग अपनी कमाई को अलग-अलग जरूरतों और बचत के लिए बांट सकते हैं। यह टूल एआई की मदद से तुरंत बताता है कि पैसा कहां खर्च हो रहा है। यह उन लोगों के लिए उपयोगी माना जाता है, जो अपने खर्च और बचत को व्यवस्थित तरीके से संभालना चाहते हैं। कोपायलट मनी खर्चों को श्रेणियों में बांटने की सुविधा देता है। यह कैश फ्लो, निवेश और कुल संपत्ति का विश्लेषण करने में भी मदद करता है। इस टूल का डैशबोर्ड यूजर्स को उनके पैसों की स्थिति एक जगह पर दिखाता है। इससे लोगों को अपने वित्त की गहराई से समझ मिलती है और हर खर्च को अलग से ट्रैक करने की जरूरत कम हो जाती है। यह उन लोगों के लिए उपयोगी है, जो अपने वित्त का विश्लेषण चाहते हैं। क्लिओ एक चैटबॉट की तरह काम करता है और लोगों को बातचीत के जरिए बजट बनाने में मदद करता है। यह खर्च करने की आदतों पर नजर रखने और बचत बढ़ाने के लिए आसान भाषा में सुझाव देता है।

पारंपरिक फाइनेंस ऐप की तुलना में इसका तरीका ज्यादा सरल और इंटरैक्टिव माना जाता है। इसलिए यह उन लोगों के लिए अच्छा विकल्प है, जो जटिल वित्तीय शब्दों के बजाय सीधे और आसान तरीके से पैसों को समझना चाहते हैं।रॉकेट मनी का मुख्य फोकस सब्सक्रिप्शन और बिल से जुड़े खर्चों को ट्रैक करना है।

मैट रेनशॉ ने जड़ा दूसरा टी-20 अंतरराष्ट्रीय अर्धशतक

नईदिल्ली। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के बल्लेबाज मैट रेनशॉ ने बांग्लादेश क्रिकेट टीम के खिलाफ टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में शानदार बल्लेबाजी करते हुए नाबाद अर्धशतकीय पारी (89) खेली। यह उनके टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का दूसरा ही अर्धशतक रहा, जिसे उन्होंने 29 गेंदों में पूरा किया। वह दुर्भाग्यशाली रहे और ओवर पूरे होने के कारण अपना पहला शतक नहीं बना पाए। उनकी पारी से कंगारू टीम 196/5 का स्कोर बनाने में सफल रही।

ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करते हुए 31 रन के स्कोर पर 2 झटके लग गए थे। उसके बाद बल्लेबाजी पर आए रेनशॉ ने एक छोर संभाला और कई साझेदारियां करते हुए स्कोर को आगे बढ़ाया। उन्होंने टिम डेविड (45) के साथ चौथे विकेट के लिए 50 गेंदों में 97 रन और जोएल डेविस (13) के साथ नाबाद 42 की साझेदारी कर टीम को मजबूती दी। वह 52 गेंदों में 4 चौके और 5 छक्कों से 89 रन बनाकर नाबाद रहे।

रेनशॉ ने इस साल की शुरुआत में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ अपने टी-20 अंतरराष्ट्रीय करियर का आगाज किया था। वह अब तक 8 मैच खेल चुके हैं, जिसकी 7 पारियों में 37.83 और 126.82 की स्ट्राइक रेट से 227 रन बनाने में सफर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने 2 अर्धशतक भी जड़े हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन इसी मैच में आया है।

कोलंबिया ने उज्बेकिस्तान को 3-1 से हराया

नईदिल्ली। फीफा विश्व कप 2026 में कोलंबिया फुटबॉल टीम ने उज्बेकिस्तान फुटबॉल टीम को 3-1 से हराते हुए अपने अभियान की जोरदार शुरुआत की। कोलंबिया की इस जीत में डैनियल मुनोज, जामिंटन कैम्पाज और लुइस डियाज ने 1-1 गोल किए।

पहली बार फीफा में हिस्सा ले रही उज्बेकिस्तान से अब्बोस्बेक फैजुल्लाएव ने गोल किया। इस जीत के साथ ग्रुप-के में मौजूद कोलंबिया 3 अंको के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंच गई है। मैच की शुरुआत से ही कोलंबिया ने लगातार दबाव बनाए रखा और गोल करने के कई प्रयास किए।

मैच के 40वें मिनट में लुईस डियाज के पास पर डैनियल मुनोज ने फर्स्ट टच पर गोल किया। यह उनका फीफा विश्व कप में पहला और अंतरराष्ट्रीय करियर का कुल चौथा गोल साबित हुआ। मैच के 45वें मिनट में टीम के स्टार मिडफील्डर जेम्स रोड्रिगेज ने लंबी दूर से प्रयास किया, जो विपक्षी गोलकीपर ने अपने सुरक्षित दस्तानों से रोक लिया।

उज्बेकिस्तान से 60वें मिनट में अब्बोस्बेक फैजुल्लाएव ने गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया।

न्यूजीलैंड ने आयरलैंड को हराकर दर्ज की पहली जीत

नईदिल्ली। महिला टी-20 विश्व कप 2026 का 13वां मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने आयरलैंड को 4 रन से हरा दिया। इस टूर्नामेंट में कीवी टीम की ये पहली जीत रही। इससे पहले उसे श्रीलंका और वेस्टइंडीज के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। वहीं, आयरलैंड को लगातार तीसरी हार मिली है। पहले मैच में वह स्कॉटलैंड से हारे थे और दूसरा मैच इंग्लैंड के खिलाफ गंवाया था। आइए मैच में बने रिकॉर्ड्स पर नजर डालते हैं। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 140/6 का स्कोर बनाया। इजी शार्प ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 36 रन बनाए थे। ऑर्ला प्रेंडरगास्ट और कारा मरे ने आयरलैंड के लिए 2-2 विकेट लिए। जवाब में आयरलैंड के लिए गेबी लुईस (58) और प्रेंडरगास्ट (59) ने अर्धशतकीय पारी तो खेली, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाईं।

हेनरी निकोल्स ने जड़ा टेस्ट करियर का 11वां शतक

नईदिल्ली। इंग्लैंड क्रिकेट टीम और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट में कीवी बल्लेबाज हेनरी निकोल्स ने शानदार शतक जड़ा। यह उनके टेस्ट करियर का 11वां और इंग्लैंड के खिलाफ दूसरा शतक है। निकोल्स नंबर-3 पर बल्लेबाजी करने उतरे और जिम्मेदारी भरी पारी खेली। केन विलियमसन के संन्यास के बाद वह इस अहम बल्लेबाजी क्रम पर खेल रहे हैं। ऐसे में आइए उनकी इस पारी और टेस्ट करियर के आंकड़ों पर एक नजर डालते हैं।

निकोल्स ने तेजी से रन बनाए और 136 गेंदों में शतक पूरा किया। उन्होंने तीसरे दिन के तीसरे सत्र में अपनी पारी को शतक में बदला। इंग्लैंड का कोई भी गेंदबाज निकोल्स को ज्यादा परेशान नहीं कर पाया। रचिन रविंद्र के साथ इस खिलाड़ी ने 201 गेंदों में 161 रन की साझेदारी निभाई। 28 रन पर कीवी टीम को 2 झटके लगे थे। यहां से दोनों ने पारी संभाली। इंग्लैंड की धरती पर इस खिलाड़ी ने अपना पहला शतक जड़ा। निकोल्स ने अपने टेस्ट करियर में सबसे ज्यादा रन पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाफ बनाए हैं। उन्होंने इस टीम के खिलाफ अपना पहला टेस्ट 2016 में खेला था। 9 मैच की 16 पारियों में उनके बल्ले से 633 रन निकले हैं। उनकी औसत 45.21 की रही है। उनके बल्ले से 2 शतक और 3 अर्धशतक निकले हैं। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ इस खिलाड़ी के बल्ले से 11 टेस्ट की 18 पारियों में 550 से ज्यादा रन निकले हैं।

कॉकटेल 2 से बंधु 2.0 गाना जारी, शाहिद-कृति और रश्मिका ने किया धमाकेदार डांस

शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सैनन की फिल्म कॉकटेल 2 से नया गाना जारी हुआ है। इस बार निर्माताओं ने किसी ओरजिनल गाने को रिलीज करने की बजाए रीमेक गाने को जारी किया है, जो आते ही यूट्यूब पर छा गया है। गाने को बंधु 2.0 शीर्षक दिया गया है, जो सैफ अली खान अभिनीत कॉकटेल (2012) का लोकप्रिय गाना था। रीक्रिएटेड गाने में शाहिद, कृति और रश्मिका फुल मस्ती के साथ धमाकेदार डांस करते दिख रहे हैं।

बंधु 2.0 गाने को कविता सेठ और नीरज श्रीधर ने मिलकर आवाज दी है। इरशाद कामिल ने इसके बोल लिखे हैं और प्रीतम ने संगीत दिया है। गाने का निर्देशन अमर कौशिक ने किया है। गाने की शुरुआत में शाहिद मजेदार अंदाज में कहते हैं, रीमेक गाना मत करो, जनता ट्रोल कर देगी। हालांकि कृति और रश्मिका उनकी नहीं सुनती और गाने पर डांस करती हैं। उधर गाना जारी होते ही फैंस इसकी तारीफ करते हुए नहीं थक रहे हैं। सेंट्रल बोर्ड ऑफ फिल्म सर्टिफिकेशन से कॉकटेल 2 को ए सर्टिफिकेट मिला है. सर्टिफिकेट के अनुसार, फिल्म की लंबाई 149.19 मिनट है. दूसरे शब्दों में, कॉकटेल 2 2 घंटे, 29 मिनट और 19 सेकंड लंबी है। 19 जून को रिलीज होने वाली कॉकटेल 2 के मुख्य कलाकारों के करियर में यह एक अहम पड़ाव भी है. यह कृति के 12 साल के करियर की पहली एडल्ट-रेटेड फिल्म है. जबकि रश्मिका के लिए, एनिमल के बाद यह ए सर्टिफिकेट वाली उनकी दूसरी हिंदी फिल्म है. वहीं, शाहिद के लिए कमीने, उड़ता पंजाब, कबीर सिंह और ओरोमियो के बाद यह उनकी फ़िल्मों की लिस्ट में एक और एडल्ट-रेटेड फिल्म जुड़ गई है.

कॉकटेल 2 2012 की हिट फिल्म कॉकटेल का सीक्वल है. पहले पार्ट में दीपिका पादुकोण, डायना पेंटी और सैफ अली खान ने काम किया था. ओरिजिनल फिल्म लंदन में रहने वाले तीन दोस्तों के बीच एक उलझे हुए लव ट्राएंगल (प्रेम त्रिकोण) पर आधारित थी।

फीफा वर्ल्ड कप में परफॉर्मेंस के बाद नोरा फतेही ने कहा, मैं खुशकिस्मत रही कि मुझे करियर में यादगार पल मिले

बॉलीवुड की डांसिंग दिवा नोरा फतेही ने कहा है कि वह खुशकिस्मत हैं कि उन्हें अपने करियर में कई यादगार पल देखने को मिले। फिर भी, फीफा वर्ल्ड कप में परफॉर्म करने जैसी बड़ी कामयाबी का जश्न अपने करीबी लोगों के साथ मनाने के इमोशनल अनुभव से किसी चीज की तुलना नहीं की जा सकती। नोरा ने टोरंटो में दूसरे फीफा वर्ल्ड कप ओपनिंग सेरेमनी की कई तस्वीरें शेयर कीं, जिनमें उनकी बहन, मां, भाई, हाई-स्कूल टीचर और दोस्त शामिल थे। मोरक्कन मूल की इस एक्ट्रेस ने वहां परफॉर्म किया था। उन्होंने कैप्शन में लिखा, मैं आप लोगों के साथ यह शेयर करना चाहती थी। मैं एक दशक से ज़्यादा समय से परफ़ॉर्म कर रही हूं, मैं खुशकिस्मत रही हूं कि मुझे अपने करियर में कई बड़े पल मिले और मैंने उन्हें अपने कुछ पसंदीदा लोगों के साथ शेयर किया है!34 साल की डांसिंग दिवा ने कहा कि एक दशक से अधिक समय तक परफॉर्म करने के बाद, यह पहली बार था जब उनकी मां, भाई-बहन, बचपन के दोस्त, करीबी दोस्त और यहां तक कि उनके हाई-स्कूल के टीचर भी उन्हें लाइव परफॉर्म करते हुए देखने के लिए एक साथ आए थे। नोरा फतेही ने कहा, मेरा पूरा परिवार और मेरे करीबी लोग कभी भी एक साथ नहीं थे। यह पहली बार था जब मैंने अपनी परफॉर्मेंस खत्म की और अपने सभी करीबी लोगों को मुझे गले लगाने के लिए एक साथ इंतजार करते हुए पाया! यह सच में मेरे लिए एक इमोशनल पल था। मैं हमेशा अकेले काम पर जाती हूं और परफॉर्मेंस खत्म होने के बाद घर चली जाती हूं, लेकिन इस बार कुछ अलग था। मेरे करीबी लोग पहली बार मुझे लाइव देखने के लिए इकट्ठा हुए और पहली बार मेरे साथ जश्न मनाया।

मोदी सरकार के 12 वर्षः विकास की उपलब्धियां लेकर पहुंचीं सांसद रूपकुमारी चौधरी

- महिलाओं से संवाद कर गिनाई जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलताएं
- कहा- सुशासन, विकास और आत्मनिर्भर भारत का नया युग शुरू हुआ

गरियाबंद/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी द्वारा देशभर में विशेष जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जनप्रतिनिधि और पार्टी कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर नागरिकों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और ऐतिहासिक उपलब्धियों की जानकारी दे रहे हैं।

इसी कड़ी में गरियाबंद प्रवास के दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शहर के विभिन्न मोहल्लों में पहुंचकर महिलाओं से मुलाकात की। उन्होंने रावणभाटा स्थित संतोषी मंदिर क्षेत्र एवं वार्ड क्रमांक-1 के घरों में जाकर महिलाओं से संवाद किया तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्षों में हुए विकास कार्यों और जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी साझा की।

सांसद रूपकुमारी चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने विकास, सुशासन और जनकल्याण के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का प्रयास किया गया है। गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से करोड़ों परिवारों को पक्के घर उपलब्ध कराए गए हैं, वहीं आयुष्मान भारत योजना के जरिए जरूरतमंद परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है।

उन्होंने डिजिटल इंडिया और यूपीआई जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए कहा कि आज भारत डिजिटल भुगतान और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में दुनिया के अग्रणी देशों में शामिल हो चुका है। इसके साथ ही राम मंदिर निर्माण, काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और महाकाल लोक जैसे सांस्कृतिक एवं धार्मिक विकास कार्यों ने देश की गौरवशाली विरासत को नई पहचान दिलाई है।

सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा आधुनिक एक्सप्रेसवे, सड़क, रेल और अन्य आधारभूत संरचना परियोजनाओं के माध्यम से देश के विकास को नई गति दी गई है। वहीं 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भर भारत जैसी पहलों ने देश की आर्थिक क्षमता को मजबूत किया है।

इस दौरान सांसद रूपकुमारी चौधरी ने उपस्थित महिलाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में समाज के प्रत्येक वर्ग की महत्वपूर्ण भूमिका है। जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने और लोगों को शासन की योजनाओं से जोड़ने में समाज के जागरूक नागरिकों का सहयोग अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और युवाओं के हित में निरंतर कार्य कर रही है तथा विकास की यह यात्रा जनभागीदारी के साथ आगे बढ़ रही है।

न्यूज गैलरी

अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति ने किया मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान

रायपुर/नवप्रदेश। अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा वृन्दावन हॉल, सिविल लाइन्स, रायपुर में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान हेतु भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व महापौर प्रमोद दुबे थे। विशिष्ट अतिथियों में योग आयोग के पूर्व अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा, अखिल भारतीय कन्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के कार्यकारी अध्यक्ष अरुण शुक्ला, सरयूपारीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेश शुक्ला तथा कन्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने की। प्रदेश अध्यक्ष योगेश तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ सनातन परंपरा के अनुसार भगवान परशुराम के पूजन एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अतिथियों के उद्बोधन के पश्चात समाज के उन प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं (सभी बोर्ड) की परीक्षाओं में 80 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किए हैं। इस अवसर पर कुल 50 मेधावी विद्यार्थियों को प्रतीक चिन्ह एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। अतिथियों ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी उपस्थितजनों के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई। इस अवसर पर डॉ. एस. के. शर्मा, श्रीमती निवेदिता मिश्रा, श्रीमती सविता वीरेंद्र शर्मा, श्रीमती सुनीता तिवारी, श्रीमती साधना शुक्ला, श्रीमती लता पाण्डेय अमित मिश्रा, प्रदीप मिश्रा, प्रतीक तिवारी, अवधेश धर दीवान, लक्की दुबे, अनिल दुबे विमल ओझा, शशांक खरे, श्रीमती मनोरमा त्रिपाठी,डॉ मल्लिका मिश्रा भारती अवतार शर्मा श्रीमती सुषमा दुबे ,डॉ अनुश्री पाठक, श्रीमती ममता मिश्रा, दीपक तिवारी भारती नन्दे सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

अवैध खनन पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में अवैध खनिज उत्खनन एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए प्रशासन द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में बलरामपुर जिले में खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त 6 वाहनों को जब्त किया है। यह कार्रवाई कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी के निर्देशानुसार ग्राम मितगई एवं पिपरौल स्थित सेंदूर नदी क्षेत्र में की गई। खनिज विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार निरीक्षण अभियान के दौरान ग्राम मितगई से 4 तथा ग्राम पिपरौल से 2 वाहन अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाए गए। खनिज अमले ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सभी 6 वाहनों को जब्त कर लिया। जब्त वाहनों को पुलिस चौकी विजयनगर एवं तातापानी की अभिरक्षा में सुरक्षित रखा गया है। खनिज अधिकारी श्री राहुल गुलाटी ने बताया कि जब्त किए गए वाहनों के स्वामियों के विरुद्ध खनिज नियमों के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण एवं परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार निरीक्षण, जांच और प्रवर्तन अभियान संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने आमजन से भी सहयोग की अपील करते हुए कहा कि कहीं भी अवैध खनिज उत्खनन, भंडारण अथवा परिवहन की जानकारी मिलने पर तत्काल प्रशासन को सूचित करें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा राजस्व क्षति रोकने के उद्देश्य से अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी निरंतर और सख्ती के साथ जारी रहेगा।

7.33 किलो गांजा के साथ अंतर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा नशे के अवैध कारोबार के खिलाफचलाए जा रहे अभियान के तहत थाना पंडरी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 7.330 किलोग्राम गांजा के साथ एक अंतर्राज्यीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से गांजा, मोबाइल फोन और नगदी रकम बरामद की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना पंडरी पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई थी कि एक युवक कांपा रेलवे फाटक के पास अवैध गांजा रखकर उसकी बिक्री के लिए ग्राहक की तलाश कर रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेही को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मनीष गुप्ता (21 वर्ष) बताया। तलाशी के दौरान उसके पास रखे बैग से 7.330 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। इसके अलावा एक वीवो कंपनी का मोबाइल फोन और 120 रुपये नगद भी जब्त किए गए। गिरफ्तार आरोपी मूलतः उत्तर प्रदेश के मंगलपुर जिले के महराजगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बेकटिकरा गांव का निवासी है। वर्तमान में वह दादरा एवं नगर हवेली के सिलवासा थाना क्षेत्र स्थित सामरवाणी में रह रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफथाना पंडरी में अपराध क्रमांक 174/2026 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी) के अंतर्गत मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

योग दिवस पर पावर कंपनी में सामूहिक योगाभ्यास

- शीर्षासन और सेतुबंधासन ने बांधा समां

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज़ मुख्यालय में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के सदस्य विवेक गनोदवाले तथा पावर कंपनियों के प्रबंध निदेशक एस.के. कटियार और राजेश कुमार शुक्ला सहित बड़ी संख्या में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

मुख्यालय स्थित लोड डिस्पेच सेंटर परिसर में आयोजित कार्यक्रम में प्रशिक्षक डॉ. आनंद भारतीय ने योग प्रोटोकॉल के अनुसार विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने शीर्षासन और मयूरासन का प्रदर्शन कर प्रतिभागियों को प्रभावित किया। वहीं नन्हीं विराध्या वर्मा ने सेतुबंधासन प्रस्तुत कर सभी का ध्यान आकर्षित किया। गुढ़ियारी के खेलन यादव ने बकासन तथा सेवानिवृत्त कर्मचारी मूल सजीवन शर्मा ने शीर्षासन का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में डायटिशियन शिल्पी गोयल ने संतुलित आहार, पर्याप्त धूप, स्वच्छ हवा और शुद्ध जल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी की कार्यालय सहायक अनिता गेडाम तथा जनरेशन कंपनी के अधीक्षण अभियंता एम.पी. नायक को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक के.एस. मनोठिया, मुख्य अभियंता रश्मि वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.एल. पंचारी, डीजीएम पंकज सिंह, एसई पंकज चौधरी और एई रजनीश चौबे सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे। मंच संचालन डीजीएम (जनसंपर्क) गोविन्द पटेल ने किया।

वक्ताओं ने कहा कि योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक एकाग्रता, सकारात्मक ऊर्जा और कार्यक्षमता में भी वृद्धि करता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं निरोग जीवन जीने का संकल्प लिया।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रायपुर रेल मंडल में सामूहिक योगाभ्यास

रायपुर/नवप्रदेश। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के रायपुर रेल मंडल में रेलवे सामुदायिक भवन, डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में व्यापक स्तर पर योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक दयानंद सहित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मंडल रेल प्रबंधक दयानंद ने अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ योगाभ्यास करते हुए स्वस्थ, संतुलित और तनावमुक्त जीवन में योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और तनावमुक्त जीवन जीने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों से योग को नियमित रूप से अपनी दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सेक्रो रायपुर की अध्यक्षा शिखा सिंह ने भी सेक्रो पदाधिकारियों के साथ योगाभ्यास किया।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर संकल्प होम सोसायटी में योग और पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के अंतर्गत एएचपी परियोजना की संकल्प होम सोसायटी में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग एवं सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रायपुर नगर निगम के पर्यावरण एवं उद्यानिकी विभाग के अध्यक्ष भोलाराम साहू, सामाजिक विकास अधिकारी डॉ. संगीता ठाकुर, योग प्रशिक्षिका डॉ. दुर्गा साहू, रेखा सोनी, सोसायटी अध्यक्ष सूरज यादव सहित बड़ी संख्या में रहवासी एवं बच्चे शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत योग सत्र से हुई, जिसमें योग प्रशिक्षिका एवं योग विषय में पीएचडी डॉ. दुर्गा साहू ने योग के महत्व तथा इसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों और रहवासियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। विशेष रूप से बच्चों को भ्रामरी प्राणायाम का प्रशिक्षण देते हुए उन्होंने प्रतिदिन इसका अभ्यास करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि नियमित भ्रामरी प्राणायाम से एकाग्रता बढ़ती है, मानसिक शांति प्राप्त होती है और स्वास्थ्य संबंधी अनेक लाभ मिलते हैं।

योगाभ्यास के पश्चात सोसायटी परिसर में सामूहिक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों और रहवासियों ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के निर्माण का संदेश दिया। उपस्थित बच्चों और रहवासियों ने लगाए गए पौधों के संरक्षण एवं संवर्धन का सामूहिक संकल्प भी लिया।

इस अवसर पर वक्ताओं ने नागरिकों से नियमित योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। कार्यक्रम का उद्देश्य स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज को संवेदनशील बनाना रहा।

6 महीने में नियुक्ति नहीं तो सेवा बॉन्ड माना जाएगा समाप्तः हाईकोर्ट

- एमबीबीएस छात्रों को हाईकोर्ट से बड़ी राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मेडिकल ग्रेजुएट स्टूडेंट्स को हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में कहा है यदि राज्य सरकार छत्तीसगढ़ मेडिकल, डेंटल एवं फिजियोथैरेपी अंडर ग्रेजुएट प्रवेश नियम 2025 के तहत निर्धारित समय- सीमा के भीतर नियुक्ति आदेश जारी नहीं करती है तो एमबीबीएस छात्रों द्वारा निष्पादित अनिवार्य सेवा बांड स्वतः निरस्त माना जाएगा।

बता दें कि वर्ष 2025 में सिम्स बिलासपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई तथा अनिवार्य रोटेटिंग इंटर्नशिप पूर्ण करने वाले नितीन कुमार सिंह, साहिल करी, चंद्र प्रकाश रवि एवं साक्षी कंवर ने छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाईकोर्ट में रिट याचिका दायर की थी। याचिका की सुनवाई जस्टिस एके प्रसाद के सिंगल बेंच में हुई। याचिकाकर्ताओं ने राज्य सरकार द्वारा छह माह की वैधानिक अवधि के भीतर नियुक्ति आदेश जारी न करने के बावजूद उन्हें अनापत्ति प्रमाण पत्र देने से इनकार किए जाने को चुनौती दी थी। उनका तर्क था कि नियम 10 (6) के अनुसार यदि निर्धारित अवधि में नियुक्ति आदेश जारी नहीं किया जाता है तो सेवा बांड स्वतः समाप्त हो जाता है।

बांड से बंधे हुए हैं याचिकाकर्ता चिकित्सक

राज्य सरकार ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता प्रवेश के समय निष्पादित सेवा बांड से बंधे हुए हैं तथा उन्हें सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में सेवा देना अनिवार्य है। राज्य ने यह भी तर्क दिया कि याचिकाकर्ताओं ने काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लिया था और बाद में नियुक्ति आदेश भी जारी किए गए थे।

राहुल गांधी के रायपुर आगमन पर विधायक एवं प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने किया स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश। नेता प्रतिपक्ष एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी जी के रायपुर आगमन पर बालोद विधायक एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती संगीता सिन्हा जीने महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर संगीता सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी जी देश में लोकतांत्रिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और संविधान की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष कर रहे हैं। उनके नेतृत्व से कांग्रेस कार्यकर्ताओं को नई ऊर्जा और प्रेरणा मिलती है। रायपुर हवाई अड्डे पर बड़ी संख्या में उपस्थित महिला कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेसजनों ने राहुल गांधी जी का पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी से स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल रहा तथा कांग्रेस नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

ओडिशा के अंतर्राज्यीय चैन स्नैचिंग गिरोह का पर्दाफाश, 6 आरोपी गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। बिलासपुर पुलिस ने महिलाओं को निशाना बनाकर चैन स्नैचिंग और लूट की वारदातों को अंजाम देने वाले उड़ीसा के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरोह के कब्जे से वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की स्कूटी जब्त की है, जबकि गिरोह के तीन अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार 15 मई 2026 को थाना तोरवा क्षेत्र की शिवधाम कॉलोनी में एक महिला के गले से सुबह घर के बाहर सफाई के दौरान स्कूटी सवार तीन युवकों ने सोने की चैन छीन ली थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देशन में विशेष टीम गठित कर जांच शुरू की गई।

जांच के दौरान घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया। इसी बीच थाना सिरगिट्टी क्षेत्र में भी एक महिला के साथ मारपीट कर सोने की चैन लूटने की घटना सामने आई। दोनों घटनाओं के फुटेज और आरोपियों के हुलिये का मिलान करने पर पुलिस को एक ही गिरोह के शामिल होने के संकेत मिले। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर पुलिस ने गणेश नगर, सिरगिट्टी में दबिश देकर नवीन साहू को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि उसने उड़ीसा के अपने साथियों को बिलासपुर बुलाकर अपने घर में ठहराया था और सभी मिलकर चैन स्नैचिंग व लूट की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। इसके बाद पुलिस ने गिरोह के अन्य सदस्यों को भी गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ में आरोपियों ने थाना तोरवा और सिरगिट्टी क्षेत्र में महिलाओं को निशाना बनाकर तीन वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह उड़ीसा से विभिन्न राज्यों में जाकर स्थानीय लोगों की मदद से संगठित रूप से चैन स्नैचिंग, झपटमारी और लूट की घटनाएं करता था। पुलिस ने मामले में संगठित अपराध और आपराधिक षड्यंत्र से संबंधित धाराएं भी जोड़ी हैं। सभी छह आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

गिरफ्तार आरोपी

शिव सिंह (28), राउरकेला, सुंदरगढ़ (उड़ीसा), शक्ति प्रसाद (20), सुंदरगढ़ (उड़ीसा), नवीन साहू (32), गणेश नगर, सिरगिट्टी, बिलासपुर, प्रमोद सिंह (30), रायभोगा, सुंदरगढ़ (उड़ीसा), अतुल मुंडा (18), उदितपुर (उड़ीसा), बसंता खड़िया (20), संबलपुर (उड़ीसा)।

सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा से गूंजेगा छत्तीसगढ़ का सांस्कृतिक गौरव

- 1000 विशिष्टजन विशेष ट्रेन से करेंगे सोमनाथ धाम की यात्रा, 22 जून को रायपुर से मुख्यमंत्री करेंगे शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय संस्कृति, आस्था और राष्ट्रीय स्वाभिमान के प्रतीक सोमनाथ धाम से जुड़ने के लिए छत्तीसगढ़ से एक ऐतिहासिक सांस्कृतिक यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत 22 से 26 जून 2026 तक आयोजित होने वाली ''सोमनाथ स्वाभिमान सांस्कृतिक यात्रा'' में प्रदेश के 1000 विशिष्टजन विशेष ट्रेन के माध्यम से गुजरात स्थित सोमनाथ धाम पहुंचेंगे। यात्रा का शुभारंभ 22 जून को प्रातः 9 बजे रायपुर रेलवे स्टेशन से होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे तथा पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री श्री राजेश अग्रवाल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे। इसके साथ ही रायपुर के जनप्रतिनिधि, सांसद, विधायक और महापौर सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी समारोह में शामिल होंगे।

सोमनाथ स्वाभिमान पर्व भारत की उस सांस्कृतिक चेतना और गौरवशाली विरासत का प्रतीक है, जिसने हजार वर्षों की चुनौतियों के बाद भी अपनी आस्था और पहचान को अक्षुण्ण बनाए रखा। इसी ऐतिहासिक अवसर पर संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा देशभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ की यह सांस्कृतिक यात्रा उसी राष्ट्रीय अभियान का महत्वपूर्ण हिस्सा है, जिसका उद्देश्य नई पीढ़ी को भारत की सांस्कृतिक जड़ों, आध्यात्मिक धरोहर और राष्ट्रीय गौरव से जोड़ना है। इस यात्रा की विशेषता यह है कि इसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों से चयनित विशिष्टजन, पद्म पुरस्कार एवं राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय सम्मानों से सम्मानित कलाकार, साहित्यकार, संस्कृति कर्मी, समाजसेवी तथा जनप्रतिनिधि शामिल होंगे। यात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति, परंपराओं और सांस्कृतिक विविधता का भी राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन होगा। प्रतिभागी अपने-अपने क्षेत्रों की पवित्र मिट्टी और नदियों का जल लेकर सोमनाथ पहुंचेंगे, जो भारत की सांस्कृतिक एकता, आध्यात्मिक समरसता और राष्ट्रीय अखंडता का प्रतीक बनेगा।

यात्रा के दौरान प्रतिभागियों को सोमनाथ मंदिर के दर्शन के साथ-साथ विभिन्न सांस्कृतिक और धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने का अवसर मिलेगा। मंदिर दर्शन, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, कला यात्राएं तथा ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व के स्थलों का भ्रमण इस कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण रहेगा। इससे न केवल प्रतिभागियों को भारत की गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत को निकट से जानने का अवसर मिलेगा, बल्कि विभिन्न राज्यों के सांस्कृतिक प्रतिनिधियों के बीच संवाद और आदान-प्रदान भी बढ़ेगा।

संस्कृति विभाग के अनुसार यात्रा के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। सभी जिलों से चयनित प्रतिभागियों के स्वास्थ्य परीक्षण, यात्रा व्यवस्था और आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विशेष ट्रेन के माध्यम से यात्रा को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए विभागीय अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

शारीरिक-बौद्धिक विकास का सशक्त माध्यम है योग : उप मुख्यमंत्री साव

■ 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर खालसा पब्लिक स्कूल में योग कार्यक्रम का आयोजन

दुर्ग/नवप्रदेश। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय दुर्ग के खालसा पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरूण साव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पद्मश्री उषा बारले, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी अभिषेक सांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल सहित सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और स्कूलों के विद्यार्थियों ने योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया। इससे पूर्व कलेक्टर अभिजीत सिंह ने उप मुख्यमंत्री साव व अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। अपने

संक्षिप्त उद्बोधन में उप मुख्यमंत्री साव ने योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस साल देश में 'योगा फॉर हेल्दी एजिंग' के लिए योग दिवस मनाया जा रहा है। योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बनाए। योग ऐसा सशक्त माध्यम है, जिससे शारीरिक और बौद्धिक विकास संभव है। उन्होंने उपस्थितजनों को योग की शपथ दिलाई।

सांसद विजय बघेल ने कहा कि योग जीवन जीने की प्राचीन परम्परा है। आज योग को देश के प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक मंच पर प्रतिष्ठा दिलाई है। प्रधानमंत्री के प्रयासों से पूरी दुनिया योग के महत्व को समझ रही है। आज 21 जून को विश्व के अनेक देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। योग प्रशिक्षक प्राची भट्टाचार्य और डिलिमा मजूमदार ने कपालभांति प्राणायाम, अनुलोम-विलोम प्राणायाम, शिति प्राणायाम, भ्रामरी प्राणायाम सहित योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया। उन्होंने ओम के सुमधुर उच्चारण और शांति पाठ वाचन के साथ योगाभ्यास का समापन किया।

नालंदा परिसर, मल्टी-लेवल पार्किंग और एसटीपी का निरीक्षण किया

उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव ने आज दुर्ग में निर्माणाधीन नालंदा परिसर, इंदिरा मार्केट के पास मल्टी-लेवल पार्किंग और उरला में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने विभागीय अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों से कार्यों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने सभी निर्माण कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्थित रूप से आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री साव ने कार्यों में तेजी लाते हुए तीनों कार्यों को अच्छी गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनहित और जनसुविधाओं से जुड़े कार्यों में देरी नहीं होना चाहिए। इनमें देरी से नागरिकों को सुविधाएं मिलने में देरी होती है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर अभिजीत सिंह, महापौर अलका बाघमार, नगर निगम आयुक्त सुमीत अग्रवाल, सभापति श्याम शर्मा, लोककर्म प्रभारी देवनारायण चन्द्राकर, जल कार्य प्रभारी लीना दिनेश देवांगन भी मौजूद थे।

पटरीपार क्षेत्र में नए फिल्टर प्लांट की मांग

कलेक्टर अभिजीत सिंह, आयुक्त सुमित अग्रवाल सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की उपस्थिति में निरीक्षण किया। उपमुख्यमंत्री साव ने प्रयास कन्या विद्यालय व छात्रावास के पीछे अधोसंरचना मद से लगभग 12 करोड़ 13 लाख 98 हजार रुपये की लागत से निर्माणाधीन नालंदा परिसर का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में तथा गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए। महापौर अलका बाघमार ने पटरीपार क्षेत्र में नए फिल्टर प्लांट की मांग की। उपमुख्यमंत्री साव ने अधिकारियों को प्रस्ताव तैयार कर भेजने के निर्देश दिये।

न्यूज गैलरी

योग से स्वास्थ्य संतुलन और आत्मविश्वास का संदेश

भिलाई। स्वस्थ तन, स्वस्थ मन के संकल्प के साथ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला नेवई में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन उत्साह के साथ किया गया। डॉ नीलांजना जैन ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक व अनुशासित पद्धति है। नियमित योगाभ्यास व्यक्ति को स्वस्थ, ऊजविन और सकारात्मक बनाता है। योग प्रशिक्षक वीणा बंछोर, ज्योति वर्मा ने सूक्ष्म व्यायाम, भद्रासन ताडासन, वृक्षासन, भुजंगासन, अर्धचक्रासन का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में पार्षद परमेश्वर, भूपेंद्र वेलचंदन, प्रधानपाठक दीप्तिरानी खोब्रागढ़े, शशिकला वर्मा, उषा किरण कौशिक, अमृता यादव, तृप्ति भारती, अनिता ठाकुर, रेखा साहू, ज्ञानेश्वर मरकाम, आकाश बंजारे, तक्षक बरेठ आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। उपस्थितजनों ने स्वस्थ संतुलित और जागरुक जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया और विश्वकल्याण की कामना के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

ब्रह्माकुमारीज ने किया योग महोत्सव का आयोजन

भिलाई। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर ब्रह्माकुमारीज भिलाई सेक्टर 7 स्थित मुख्य सेवाकेंद्र राजयोग भवन द्वारा स्व. राजेश पटेल स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सेक्टर-2 विशाल परिसर में भव्य योग महोत्सव का आयोजन किया गया। सुबह 5 बजे से श्वेत वस्त्र धारी ब्रह्मावत्सो के आगमन और विभिन्न आसनों के अभ्यास से योग महोत्सव की शुरुआत हुई। वरिष्ठ राजयोग शिक्षिका ब्रह्माकुमारी प्राची दीदी ने राजयोग मेडिटेशन के बारे में बताया। भिलाई सेवाकेंद्रों की निदेशिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी आशा दीदी ने कहा कि योग की महत्ता को सारे विश्व ने अंगीकार किया है। हमें भी प्रतिदिन कुछ समय निकाल कर योग करना चाहिये। विशेष योग महोत्सव आयोजन स्थल पर निशुल्क बीपी, शुगर जैसे टेस्ट की सुविधा थी, जिसे योग महोत्सव में शामिल प्रतिभागियों ने योग के पूर्व और योग के बाद टेस्ट कराया।

बेहतर जीवन शैली के लिए योग

रिसाली। नगर पालिक निगम द्वारा आयोजित बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों ने योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी मेंबर सनीर साहू ने योग दिवस की शुभकामनाएं दी। योग लंगर मैदान में अशोक महेश्वरी के मार्गदर्शन में योगाभ्यास कराया गया। इस अवसर पर पूजा ललित चंद्राकर, पार्षद धर्मेंद्र भगत, डॉ. सीमा साहू, माया यादव, ममता सिन्हा, रमा साहू, सुनंदा चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे। आभार प्रदर्शन निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने किया। योग लंगर में नियमित अभ्यास करने वाले बच्चों ने योगा नृत्य किया। लगभग 15 मिनट के नृत्य में बच्चों ने संगीत में विभिन्न आसन दिखाए। प्रस्तुति के बाद अतिथियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने योग नियमित करने स्थल में मौजूद लोगों को शपथ दिलाई।

जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

दुर्ग। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग के प्रधान कार्यालय परिसर में सुबह 7 बजे योगाभ्यास व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बैंक के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन थे। कार्यक्रम में बैंक के सीईओ एसके वर्मा, हृदेश शर्मा और एसके निवसरकर, अधीक्षक केके नायक, एसपी वाहने और धीरेंद्र देवांगन सहित बैंक कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रोहित वर्मा सहित बैंक के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। योग प्रशिक्षण का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग के प्रशिक्षक अमन बेलचंदन ने किया। उन्होंने योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया।

भिलाई इस्पात संयंत्र में उत्साह से मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी में 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह से किया गया। इस वर्ष की थीम स्वस्थ आयु के लिए योग रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीएसपी के कार्यकारी निदेशक प्रभारी व कार्यपालक निदेशक (सामग्री प्रबंधन) एके चक्रवर्ती रहे। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) प्रवीण निगम, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (परियोजनाएं) पीके सरकार, कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) राकेश कुमार, कार्यपालक निदेशक (माइंस) कमल भास्कर और कार्यपालक निदेशक (रावघाट) अरुण कुमार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संयंत्र के मुख्य महाप्रबंधकों, वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ-साथ सेल एथलेटिक्स अकादमी और बॉक्सिंग क्लब के बच्चों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। योगाचार्य रणवेश सरकार और शिवेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास किया। योगाचार्यों ने नियमित योगाभ्यास के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर पडने वाले सकारात्मक प्रभावों पर प्रकाश डालते हुए सभी को अपने दैनिक जीवन में योग अपनाने के लिए प्रेरित किया।अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के इस आयोजन ने प्रतिभागियों को स्वास्थ्य, मानसिक शांति और सकारात्मक जीवनशैली के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ योग को जन-जन तक पहुंचाने के संकल्प को भी सुदृढ़ किया। कार्यक्रम का संचालन सुप्रियो सेन ने किया। आयोजन संचालन में उप महाप्रबंधक (एससी एंड सीए) राजेन्द्र प्रसाद और उप प्रबंधक अभिजीत भौमिक की भूमिका रही।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर बीराजी के अंगना में योगाभ्यास

भिलाई/नवप्रदेश। 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज बीरा जी के अंगना, कोहका भिलाई में सर्वसमाज कल्याण समिति भिलाई और पतंजलि योग साधक समिति, कान्हा पार्क कोहका के तत्वावधान में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर योग के महत्व, स्वस्थ जीवनशैली और योगाभ्यास के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मानसिक शांति, आत्मबल एवं सकारात्मक ऊर्जा प्रदान कर जीवन को संतुलित और सुखमय बनाता है।

छात्र ने लगाई फांसी

भिलाई/नवप्रदेश। सेक्टर-7 स्थित महाराणा प्रताप भवन छात्रावास में रहने वाले एक छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। छात्र निखिल पौसार्य (19) पिता प्रहलाद पौसार्य मूल रूप से पंडरिया, जिला कबीरधाम का रहने वाला था। निखिल सेक्टर-6 स्थित साईं महाविद्यालय में बीएससी बॉयो की पढ़ाई कर रहा था। करीब एक साल से भिलाई नगर स्टेशन के पास स्थित महाराणा प्रताप भवन छात्रावास में रह रहा था। छात्रावास में सामान्य तौर पर एक कमरे में दो छात्रों को रखा जाता है, लेकिन दूसरे छात्र के न होने के कारण निखिल अकेले कमरे में रह रहा था। रविवार सुबह काफी देर तक निखिल अपने कमरे से बाहर नहीं निकला। छात्रावास में रहने वाले छात्रों ने इसकी जानकारी क्षत्रिय कल्याण सभा के पदाधिकारियों और पुलिस को दी।

समाज को जोड़ने की प्रेरणा देती है संत कबीर की विचारधारा : विधायक देवेंद्र

■ वार्ड 50 में कबीर जयंती महोत्सव के दौरान किया सामुदायिक भवन निर्माण का भूमिपूजन

भिलाई नगर/नवप्रदेश। संत शिरोमणि कबीर दास के प्रकटोत्सव के अवसर पर वार्ड 50 केनाल रोड स्थित कबीर वाटिका में आयोजित कबीर जयंती महोत्सव में भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने संत कबीर दास को नमन करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

कार्यक्रम के दौरान साहू समाज और संत कबीर दास के अनुयायियों ने क्षेत्र में सामाजिक व सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए सामुदायिक भवन निर्माण की मांग रखी। जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए विधायक देवेंद्र यादव ने तत्काल स्वीकृति प्रदान करते हुए भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया।

विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि संत कबीर दास ने समाज को समानता, भाईचारे और मानवता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं और समाज को एकजुट रखने का कार्य करती हैं।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवन बनने से क्षेत्र के लोगों को सामाजिक, सांस्कृतिक और धार्मिक आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी और यह भवन समाज की गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा।

कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी, संत कबीर दास के अनुयायी, स्थानीय जनप्रतिनिधि व बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर संत कबीर के विचारों और भजनों के माध्यम से भक्तिमय वातावरण बना रहा।

विधायक रिकेश ने बीएसपी में लोहा चोरी की घटनाओं पर चिंता जताई

■ बीएसपी के कार्यपालक निदेशक से बीएसपी की सुरक्षा, विस्तार और रोजगार जैसे विषयों पर चर्चा की

भिलाईनगर/नवप्रदेश। वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने शनिवार को बीएसपी के कार्यपालक निदेशक पवन कुमार से सौजन्य भेंट कर संयंत्र के सुरक्षा, उत्पादन, विस्तार और रोजगार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की। विधायक सेन ने संयंत्र में वर्षों से लोहा व स्क्रैप चोरी की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय संपत्ति की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए और अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जाना आवश्यक है। बैठक में बीएसपी के विस्तार, आधुनिकीकरण और नई परियोजनाओं के माध्यम से स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। विधायक सेन ने कौशल विकास और स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की बात रखी। श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं, कार्यस्थल की बेहतरी और कर्मचारी हितों से जुड़े विषयों पर भी विचार-विमर्श किया गया। विधायक सेन ने श्रमिक कल्याण को औद्योगिक विकास का महत्वपूर्ण आधार बताया।

बीएसपी की प्रगति, सुरक्षा और क्षेत्र के औद्योगिक विकास के लिए निरंतर संवाद और सहयोग बनाए रखने पर सहमति जताई गई।

एमजीएम में उत्साह से मनाया गया योग दिवस

भिलाई/नवप्रदेश। एमजीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-6 भिलाई में आज अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य रेव्ह फादर जेम्स वर्गीस, प्रधानाध्यापिका सोमी सजीव, शैक्षणिक प्रभारी मीनू जैकब थॉमस और एस जीना के मार्गदर्शन में किया गया। कक्षा 12 वीं मानविकी की छात्रा वाणी ठाकुर ने योग के महत्व पर प्रभावशाली भाषण दिया और दैनिक जीवन में योग को अपनाने के फायदों पर प्रकाश डाला। योग सत्र का संचालन योग शिक्षिका चारू तालु, रुक्मणी व अर्पणा जॉन के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम आयोजन में कारेस्पोंडेंट सुरेश जेकब और स्कूल प्रबंधन समिति की महती भूमिका रही। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने विभिन्न योगासनों और सूर्य नमस्कार का अभ्यास किया। कक्षा 12 वीं की मानविकी की छात्रा पारुल सरकार ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

मंत्री गजेन्द्र ने किया स्मार्ट क्लास और संगीत कक्ष का लोकार्पण

दुर्ग/नवप्रदेश। गत दिवस शाला प्रवेशोत्सव के अंतर्गत पोटिया स्थित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला में प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बच्चों को तिलक लगाकर स्वागत किया।

मंत्री यादव ने विद्यार्थियों से संवाद कर उनकी रुचियों, सपनों और भविष्य की आकांक्षाओं के बारे में जानकारी ली और उन्हें नियमित अध्ययन, अनुशासन और संस्कारों के साथ आगे बढने के लिए प्रेरित किया।

इस दौरान शिक्षा मंत्री ने विद्यालय में नवनिर्मित स्मार्ट क्लास व संगीत कक्ष का लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास के माध्यम से विद्यार्थियों को डिजिटल और तकनीक आधारित शिक्षण सामग्री उपलब्ध होगी, जिससे कठिन विषयों को भी सरल और रोचक तरीके से समझने में सहायता मिलेगी। संगीत कक्ष बच्चों की कलात्मक एवं रचनात्मक प्रतिभा को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र नहीं बल्कि व्यक्तित्व निर्माण की आधारशिला है। यहां से प्राप्त ज्ञान, संस्कार और अनुशासन ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करते हैं।

इस अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, कौशल साहू, पार्षद हीरोंदी चंदानिया, सविता साहू, गुलशन साहू, मनीष कोठारी, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावकगण और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

आयोजन : तिरगा में आयोजित संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में शामिल हुए दुर्ग ग्रामीण विधायक

शिक्षा से संस्कार, संस्कार से राष्ट्र निर्माण : विधायक चंद्राकर

भिलाई/नवप्रदेश। संकुल केंद्र तिरगा में शनिवार को आयोजित संकुल स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर शामिल हुए। उन्होंने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर, मुंह मीठा कराकर स्वागत किया। उन्होंने कक्षा पहली, कक्षा 6 वीं और कक्षा 9 वीं के नवप्रवेशी बच्चों को निःशुल्क पाठ्यपुस्तक व शाला गणवेश प्रदान किया।

कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने रंगारग संस्कृति कार्यक्रम की प्रस्तुति दी। विभिन्न कक्षाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभावान छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। विधायक चंद्राकर ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने, गुरुजनों का सम्मान करने और माता-पिता व गांव का नाम रोशन करने की नसीहत दी।

कार्यक्रम में लिकेश्वर देशमुख, सरपंच धसिया राम देशमुख, पुराण देशमुख, शाला विकास समिति अध्यक्ष युवराज देशमुख, भूपेन्द्र बेलचंदन, सुरेश साहू, सोसाइटी अध्यक्ष देवसिंग ठाकुर, मोहन देशमुख सहित बड़ी संख्या में पालकगण, शिक्षक-शिक्षिकाएं व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

पीएम मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का संकल्प हो रहा साकार

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सेवा, सुशासन व गरीब कल्याण के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने आज मरोदा सेक्टर, टंकी मरोदा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने किसान, व्यापारी वर्ग, बीएसपी कर्मचारी, शिक्षक, अधिवक्ता, इंजीनियर व चार्टर्ड अकाउंटेंट से सौजन्य मुलाकात कर केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की।

विधायक चंद्राकर ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें और विकसित भारत के निर्माण में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं। जनसंपर्क कार्यक्रम में मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, पार्षद विधि यादव, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष शिखा तिवारी, पुनाराम कलिहारी, इन्द्रजीत सोनी, संध्या वर्मा, अनुपमा गोस्वामी, लक्ष्मण राव, डी साईं, बी बालाजी उपस्थित रहे।

नवनिर्मित सार्वजनिक शौचालय में दो साल से लटका ताला, पूर्व पार्षदों ने नाराजगी जताई

दुर्ग/नवप्रदेश। वार्ड नंबर 48 का उत्कल नगर शहर का एकमात्र ऐसा मोहल्ला है, जहां 70 प्रतिशत से ज्यादा घरों में निजी शौचालय नही हैं। यहां की झोपडियां इतनी छोटी हैं कि शौचालय बनाने की जगह ही नहीं है। यहां के लोग वर्षों से सार्वजनिक शौचालय की बाट जोह रहे हैं। न्यू पुलिस लाईन के पास सार्वजनिक शौचालय बन गया है। थोड़ा सा काम शेष है। निर्माण के बाद पिछले पौने दो साल से यहां ताला लटक रहा है। नाममात्र के बचे काम को पूरा कर शौचालय का लोकार्पण नहीं किया जा रहा है। नगर निगम में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अब्दुल गनी, देवकुमार जंघेल, लिखन साहू, वार्ड 48 की पूर्व पार्षद महेश्वरी ठाकुर, पूर्व पार्षद अमृत लोढ़ा, संजय सिंह, भोला महोबिया, मनोज चंद्राकर, मनीष यादव, छत्रसाल गायकवाड़, राजकुमार वर्मा, युवराज ठाकुर ने उत्कल नगर के लोगों से चर्चा के बाद शौचालय का निरीक्षण किया। पूर्व पार्षदों ने निगम प्रशासन से मांग की है कि बचा कार्य पूरा कर शौचालय को प्रारंभ किया जाए। ताकि, उत्कल नगर के बाशिंदों की समस्या का समाधान हो सके। पूर्व पार्षद महेश्वरी ठाकुर के प्रयास से पहले बस्ती के पास सार्वजनिक शौचालय स्वीकृत हुआ था, लेकिन यहां खोदे गए गढ्ढे में गिरकर एक बच्चे की मौत के बाद शौचालय निर्माण नहीं हो पाया। बाद में न्यू पुलिस लाइन के पास पुलिस कर्मियों के विरोध के बावजूद इसका निर्माण हुआ।

अंतर्राष्ट्रीय योग शिविर में शामिल हुए राज्यपाल रमेन डेका, कहा- योग से शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा

योग को जीवनशैली में शामिल करें: राज्यपाल

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल रमेन डेकाराज्यपाल रमेन डेका आज इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित योग शिविर में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। राज्यपाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संदेश का वाचन किया एवं सामूहिक योगाभ्यास में भाग लिया।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने बारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दी और कहा कि यह हर्ष का विषय है कि पूरा छत्तीसगढ़ इस ऐतिहासिक अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास के माध्यम से स्वास्थ्य, संतुलन और सकारात्मकता के संदेश को जन-जन तक पहुंचा रहा है। उन्होंने समस्त प्रदेशवासियों के स्वस्थ, सुखी और समृद्ध रहने की कामना की। डेका ने प्रदेशवासियों से कहा कि योग को जीवनशैली में शामिल करें, प्रतिदिन योगाभ्यास की आदत बनाए और बच्चों को भी इसकी आदत डाले जिससे उनका शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अच्छा रहेगा और वे भविष्य में देश के अच्छे नागरिक बनेंगे। उन्होंने कहा कि योग केवल शरीर को ही नहीं बल्कि मन और भावनाओं को सुदृढ़ बनाकर व्यक्ति के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस अवसर पर डेका ने विश्वविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। योगाभ्यास कार्यक्रम में विधायकगण सर्व पुरंदर मिश्रा, अनुज शर्मा, सुनील सोनी एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण, मुख्य सचिव विकास शील, पुलिस महानिदेशक अरूण देव गौतम, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना, पुलिस कमिश्नर रायपुर संजीव शुक्ला, रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह, विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल, सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए।

अच्छे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए रोज करें योगः अरुण साव

रायपुर/नवप्रदेश। उप मुख्यमंत्री अरुण साव 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज दुर्ग जिला मुख्यालय में खालसा पब्लिक स्कूल प्रांगण में आयोजित योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, विधायक रिकेश सेन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय, पद्म से सम्मानित उषा बारले, महापौर अलका बाघमार, जिला पंचायत की अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी अभिषेक सांडिल्य, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, गणमान्य नागरिक और कई स्कूलों के विद्यार्थियों ने संयुक्त रूप से योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास किया।

ऋषि-मुनियों की अमूल्य विरासत है योग, इसे जीवन का हिस्सा बनाएंः शर्मा



रायपुर/नवप्रदेश। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कबीरधाम जिले के पी. जी. कॉलेज कवर्धा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के रूप में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा भी शामिल हुए। जहां उन्होंने जनप्रतिनिधियों, अधिकारी-कर्मचारी, स्कूल-कॉलेज के छात्र छात्राओं और गणमान्य नागरिकों ने सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जिनकी पहल से भारत की सदियों पुरानी हमारी स्वस्थ जीवन शैली की यह कला आज पूरे विश्व में अपनायी जा रही है। 12 वर्ष पूर्व अपने निर्वाचित होते ही उन्होंने योगा दिवस को अंतर्राष्ट्रीय स्तर मनाने का आह्वान किया था, जिसे 170 देशों ने समर्थन दिया है। आज प्रधानमंत्री श्री मोदी 12 वर्षों के कार्यकाल के साथ सबसे लंबे समय तक लगातार निर्वाचित प्रधानमंत्री है, इसी के साथ यह अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भी 12 वां वर्ष है।

योग से स्वस्थ जीवन और सशक्त समाज का निर्माण संभवः राजवाड़े

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर बलरामपुर जिले में 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम के साथ व्यापक स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला मुख्यालय स्थित स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम स्कूल के हाई स्कूल मैदान में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में जिले की प्रभारी मंत्री एवं महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासनों एवं प्राणायाम का अभ्यास किया तथा नागरिकों को नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से भारत की प्राचीन योग परंपरा को वैश्विक पहचान मिली है। आज विश्व के अनेक देशों में योग को स्वास्थ्य, संतुलन और मानव कल्याण के प्रभावी माध्यम के रूप में अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा के समन्वय का विज्ञान है।

लोकभवन में भी किया गया योगाभ्यास

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्रांराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज लोकभवन के छत्तीसगढ़ मण्डपम में सामूहिक योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास में राज्य की प्रथम महिला रानी डेका काकोटी, राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर.प्रसन्ना, विधिक सलाहकार सत्यभामा अजय दुबे, उप सचिव सु निधि साहू सहित लोकभवन के अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। ईशा फाउंडेशन के योग प्रशिक्षक रितेश प्रधान ने योग नमस्कार का अभ्यास कराया। वहीं योग आयोग के प्रशिक्षक भोजराज साहू, अशोक साहू, धन साहू, दीनू राम साहू एवं तुषार साहू ने योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया।

'योग वैश्विक कल्याण और आत्मीय शांति का मार्ग'

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के यहाँ कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित प्रदेश कार्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में योगाभ्यास कार्यक्रम में शामिल हुए।

योग हमारी सांस्कृतिक विरासत और स्वस्थ जीवन का आधारः ओपी चौधरी

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय स्थित भीमा तालाब के जाज्वल्य देव द्वार परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों, विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों के सदस्यों तथा नागरिकों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में भाग लिया। इस अवसर पर वित्त मंत्री चौधरी ने जिलेवासियों को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सतत प्रयासों के कारण योग को वैश्विक पहचान मिली है और आज पूरी दुनिया भारतीय संस्कृति की इस अमूल्य धरोहर को अपना रही है। उन्होंने कहा कि योग ÷विकास भी, विरासत भी÷ की अवधारणा का जीवंत उदाहरण है, जिसने भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा को विश्व मंच पर सम्मान दिलाया है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग जैसी जीवनशैली आधारित बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। असंतुलित दिनचर्या और अनियमित जीवनशैली धीरे-धीरे गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बनती है।

योग दिवस पर गौरेला-पेंड्रा-मरवाही जिले में साइकिल रैली का किया गया आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले में स्वास्थ्य, फिटनेस एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से आज शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पेंड्रा परिसर से भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। रैली को विधायक मरवाही प्रणव कुमार मरपची, कलेक्टर डॉ. संतोष कुमार देवांगन, जिला पंचायत अध्यक्ष सु समीरा पैकरा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजा उपेंद्र बहादुर सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव जगदलपुर के योगाभ्यास कार्यक्रम में हुए शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व योग दिवस के अवसर पर जगदलपुर स्थित प्रियदर्शिनी स्टेडियम में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव शामिल हुए। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं नागरिकों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने इस अवसर पर कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य परंपरा है, जो शरीर को स्वस्थ रखने के साथ-साथ मानसिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा प्रदान करता है।

योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का सशक्त माध्यमः सांसद बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार 21 जून को जून को जिला स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन नवीन कृषि उपज मण्डी परिसर बलौदाबाजार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विशिष्ट अतिथियों, अधिकारी -कर्मचारी एवं स्कूली बच्चों की उपस्थिति में ''स्वस्थ्य आयु के लिए योग'' आधारित थीम पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर सांसद अग्रवाल ने स्वस्थ शरीर व नशामुक्ति की शपथ दिलाई।

उत्साह और जनभागीदारी के साथ मनाया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

रायगढ़/नवप्रदेश। 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रायगढ़ के बोईरदादर स्थित स्टेडियम ग्राउंड में रविवार सुबह भव्य सामूहिक योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया ने उपस्थित जनसमुदाय के साथ योगाभ्यास किया और कहा कि योग भारत की अमूल्य सांस्कृतिक विरासत है, जिसने आज पूरी दुनिया को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखाया है।

छत्तीसगढ़ महतारी , भगवान धनवंतरि की वंदना से योग दिवस का शंखनाद

रायपुर/नवप्रदेश। सारंगढ़ के कृषि उपज मंडी परिसर में जिला स्तरीय वृहद योग कार्यक्रम का गरिमामय आयोजन किया गया। इस वर्ष योगा 365 डेज एम्ब्रेस योगा और बढ़ते उम्र के स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर आधारित इस शिविर में प्रदेश के राजस्व एवं उच्च शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक गरिमा के साथ भगवान धनवंतरि और छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया।

करें योग रहें निरोग, पर्यटन-संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने किया योग

रायपुर/नवप्रदेश। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व एवं प्रेरणा से आयोजित 12वें विश्व योग दिवस के अवसर पर आज जशपुर में जिला प्रशासन के द्वारा वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में जिला स्तरीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पर्यटन और संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

कोटमहर गार्डन में उत्साहपूर्वक मनाया गया 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

रायपुर/नवप्रदेश। नारायणपुर जिले के कोटमहर गार्डन में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया तथा जिलेवासियों को स्वस्थ जीवन के लिए नियमित योग अपनाने का संदेश दिया। मंत्री कश्यप ने कहा कि योग भारत की प्राचीन एवं अमूल्य धरोहर है।

जशपुर के प्राकृतिक वातावरण में सरना एथनिक रिजॉर्ट के पर्यटकों ने किया योग

रायपुर/नवप्रदेश। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के सरना एथनिक रिजॉर्ट, जशपुर में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन उत्साह और उमंग के साथ किया गया। प्रकृति की मनोरम छटा और शांत वातावरण के बीच आयोजित इस कार्यक्रम में रिजॉर्ट के कर्मचारियों एवं पर्यटकों ने सक्रिय सहभागिता निभाते हुए योग के महत्व को आत्मसात किया।

बस्तर सांसद महेश कश्यप ने सुकमा में किया योग

जगदलपुर/नवप्रदेश। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व से आयोजित 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सुकमा जिले के ज्ञानोदय आत्मानंद विद्यालय, कुम्हाररास में जिला स्तरीय योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। योग कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि अधिकारी और आम जन उपस्थित रहे।

योग से शारीरिक व मानसिक विकास इसे जीवन में अपनाएं : लखनलाल

रायपुर/नवप्रदेश। 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आज जिला स्तरीय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में नगरवासियों से एक साथ योगाभ्यास किया। न्यू कम्युनिटी हॉल कांकेर के परिसर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश के वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर सामूहिक योग में हिस्सा लिए।

33 जेलों में हजारों कैदियों ने किया योग

रायपुर/नवप्रदेश। इस अवसर पर केंद्रीय जेल, रायपुर में मुख्य अतिथि के रूप में जेल डीजी हिमांशु गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल से आज पूरा विश्व योग के रंग में रंगा हुआ है। हम सभी इस महान भारतीय परंपरा का हिस्सा बन रहे हैं। वास्तव में योग का अर्थ अपने शरीर को अपने मन से जोड़ना, अपनी सांसों को अपनी आत्मा से जोड़ना, और खुद को एक सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, समाचार संपादक-संदीप दीवान, RNI NO.CHHHIN/2012/41806
(पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, Gmail: navpradesh@gmail.com